जयपुर, गुरुवार, 8 मई, 2025
मूल्य : 2 रुपए पृष्ठ : 12 वर्ष : 28 अंक : 166
जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित

## ब्लैकआउट

### 12 मिनट अंधेरे में डूबे देश के 244 शहर

#### जयपुर में रात 8:30 बजे सायरन बजा तो बंद हुईं लाइटें

देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 शहरों में 12 मिनट की ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई। गृह मंत्रालय ने इन शहरों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। इससे पहले इन 244 शहरों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर मॉक ड्रिल हुई। इसमें लोगों, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचाव और लोगों को निकालने के तरीके समझाए गए। वहीं राजधानी जयपुर में बुधवार रात 8:30 बजे ब्लैकआउट किया गया। शहर में सायरन बजने पर लोगों ने स्वतः लाइटें बंद कर दीं। कई जगह सायरन नहीं बजने से लोग पशोपेश में रहे। हालांकि शहरवासियों ने इस मुहिम का सहयोग भी किया।



जयपुर में ब्लैकआउट के दौरान अंधेरे में डूबी बड़ी चौपड़। फोटो : राजेश कुमार शर्मा

## भारत ने पहलगाम हमले का लिया बदला, पाकिस्तान पर दागीं 24 मिसाइलें

# ऑपरेशन सिंदूर से लाल हुई 'ना-पाक धरती'

OPERATION SINDOOR

## 100 से ज्यादा आतंकी ढेर

## 9 आतंकी ठिकानों को बनाया निशाना

- 15 निर्दोषों की पुंछ में फायरिंग में मौत
- देश के 244 शहरों में 12 मिनट ब्लैकआउट
- युद्ध के हालात से निपटने की तैयारी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** आखिरकार भारत की सेना ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया। भारती की ओर से मंगलवार देर रात आतंकियों के खात्मे के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान की धरती रक्त से लाल हो गई। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात बाद पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की।

इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। यह नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रेल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। उधर, पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं।

### एयर स्ट्राइक के 9:30 घंटे बाद दी जानकारी

सेना ने एयर स्ट्राइक के 9:30 घंटे बाद सुबह 10:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी और आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी एवं एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। सबसे पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई दिखाई गई। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि रात 1:05 बजे और 1:30 बजे के बीच ऑपरेशन हुआ। 25 मिनट में पाकिस्तान और पीओके में 9 टारगेट पहचाने गए थे। इन्हें हमने तबाह कर दिया। लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स टारगेट किए गए।

### इन 9 टारगेट की पहचान की

- पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर को सबसे पहले निशान बनाया गया। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली थी।
- मुजफ्फराबाद का सैयदना बिलाल कैंप। यहां हथियार, विस्फोटक और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी।
- कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप। पूंछ में 2023 में श्रद्धालुओं पर हमला करने वाले आतंकी यहीं ट्रेंड हुए थे।
- भिंबर का बरनाला कैंप। यहां हथियार चलाना सिखाया जाता है।
- कोटली का अब्बास कैंप। यह एलओसी से 13 किमी दूर है। यहां फिदायीन तैयार होते हैं।
- सियालकोट का सरजल कैंप। मार्च 2025 में पुलिस जवानों की




हत्या के आतंकवादियों को यहीं ट्रेंड किया गया था।
- सियालकोट का हिजबुल महमूना जाया कैंप। पठानकोट हमला यहीं प्लान किया गया।
- मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप। अजमल कसाब और डेविड कोलमैन हेडली यहीं ट्रेंड हुए थे।।
- मस्जिद सुभान अल्लाह बहावलपुर जैश का हेडक्वार्टर था। यहां रिक्रूटमेंट, ट्रेनिंग दी जाती थी।



> ये नया भारत है, पूरा देश हमारी ओर देख रहा था, ये तो होना ही था : मोदी

### पीएम मोदी ने की तीनों सेनाओं की तारीफ



पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। वहीं पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर को पूरी रात मॉनिटर करते रहे।

**पीएम की नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा स्थगितः** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूरोप की तीन देशों की यात्रा रद्द कर दी गई है। मोदी 13 से 17 मई तक क्रोएशिया, नॉर्वे और नीदरलैंड की यात्रा करने वाले थे। प्रधानमंत्री को नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नॉर्वे जाना था। संबंधित देशों को इस निर्णय के बारे में सूचित कर दिया गया है।

### राहुल बोले- सेना को सलाम



राहुल गांधी बोले- हम सेनाओं को पूरा समर्थन देते हैं। हमारा पूरा सपोर्ट है। हमारे जवानों को पूरा समर्थन है।

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश की सेना की बहादुरी को सलाम है। उनके साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

### जिन्होंने मासूमों की ली जान, उन्हीं को मारा : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। उन्होंने कहा कि सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कारवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है। किसी भी नागरिक ठिकाने निशाना नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया। हमने केवल उन्हीं को मारा, जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा। सेना ने हनुमान की तरह हमला किया। सेना ने हनुमानजी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था 'जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे' अर्थात केवल उन्हीं को मारा जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा।

### एलओसी पर पाक आर्मी ने तोड़ा सीजफायर

#### गोलीबारी में 15 निर्दोष नागरिकों की मौत

**श्रीनगर।** पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित पूंछ और तंगधार क्षेत्रों में भारी गोलाबारी की, जिसमें चार बच्चों सहित 15 लोगों की मौत हुई। उधर, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बॉर्डर वाले इलाकों की घटना के मद्देनजर अधिकारियों के साथ आपात बैठक की। शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने पाकिस्तानी सेना की ओर से सीमा पार से की गई गोलीबारी के दौरान पुंछ में एक गुरुद्वारे पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की। बादल ने एक्स पर लिखा कि इस हमले में भाई अमरीक सिंह (रागी सिंह), भाई अमरजीत सिंह और भाई रणजीत सिंह सहित तीन निर्दोष सिखों की जान चली गई।

### ऑपरेशन सिंदूर रोकिए... अब हम कुछ नहीं करने वाले, खौफ में गिड़गिड़ा रहे पाक के रक्षा मंत्री



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान बुरी तरह बैकफुट पर आ गया है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बयान में कहा है कि भारत ऑपरेशन सिंदूर को रोक देता है तो हम कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। भारत की स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान की सरकार और सेना में हड़कंप मचा हुआ है। पाकिस्तानी मीडिया में दबी जुबान में स्वीकार किया जा रहा है कि यह हमला बहुत सटीक और भयावह था। पूरे पाकिस्तान में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं और आतंकी संगठनों में खलबली मच गई है।

### मैं भी मर जाता तो अच्छा होता : मसूद अजहर



एयर स्ट्राइक में सुभान अल्लाह मस्जिद पर किए गए हमले में आतंकी और जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग मारे गए हैं। हमले के बाद दुखी मसूद अजहर ने कहा कि अच्छा होता कि इस हमले में मैं भी मारा जाता। मसूद अजहर ने खुद इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि भारतीय हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए हैं।

### पाकिस्तान बोला- भारत ने युद्ध के लिए उकसाया

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक में भारत के हमले को पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया गया। शहबाज ने कहा- इस कार्रवाई से भारत ने हमें युद्ध के लिए उकसाया है।

### पाकिस्तानी मीडिया और सरकार के 3 अलग बयान

1. पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी से कहा कि भारत ने अपनी हवाई सीमा से पाकिस्तान पर मिसाइल हमले किए हैं, जो नागरिक इलाकों पर गिरे।
2. पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया- पाकिस्तानी सेना ने 6 भारतीय फाइटर जेट मार गिराए। इनमें 3 राफेल, 2 मिग-29 और एक सुखोई शामिल है। एलओसी के पास भारतीय चैकपोस्ट भी तबाह किए हैं।
3. हमले की लोकेशन और मरने वालों की अलग-अलग संख्या। पाकिस्तान ने रात 2 बजे कहा- हमले 5 ठिकानों पर हुए और 3 लोगों की मौत हुई। 3 घंटे बाद यानी सुबह 5 बजे इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस डायरेक्टर अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि भारत ने 6 इलाकों में 24 मिसाइलें दागीं। इनमें 8 नागरिक मारे गए, 35 घायल और 2 लापता हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर हाफिज अब्दुल मलिक भी शामिल है। मलिक मुरीदके स्थित मरकज तैयबा एयर स्ट्राइक में मारा गया।

### ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तान का प्रोपेगेंडा तंत्र सक्रिय

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान ने एक संगठित और उग्र भ्रामक प्रचार अभियान शुरू किया है- यह एक हताश प्रयास है, ध्यान भटकाने का, जिसमें झूठ और भ्रामक डिजिटल जानकारी के जरिए सच को पलटने की कोशिश की जा रही है। केंद्र सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया अकाउंट्स और यहां तक कि कुछ प्रमुख राजनीतिक हस्तियां जानबूझकर राफेल गिराने सहित अन्य झूठी खबरें फैला रही हैं, बनावटी सैन्य जीत और काल्पनिक जवाबी कार्रवाई की कहानियां गढ़ी जा रही हैं, जिनका हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है।

# पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द, सतर्क रहने को कहा

- शिविर बीच में छोड़ जयपुर पहुंचे सीएम भजनलाल शर्मा
- आते ही लिया सुरक्षा और अन्य इंतजाम का जायजा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक के साथ ही प्रदेश हाई अलर्ट पर आ गया और इसी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी गुजरात में चल रहा पार्टी का प्रशिक्षण शिविर बीच में ही छोड़ कर जयपुर आ गए। यहां आते ही उन्होंने उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की और पुलिसकर्मियों की छुट्टियां आगामी आदेश तक रद्द करने के साथ ही प्रदेशभर में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।



**मुख्यमंत्री ने भारतीय वायु सेना को एयर स्ट्राइक के लिए दी बधाई**

मुख्यमंत्री शर्मा ने भारतीय सेना को पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर प्रभावी एवं सटीक एयर स्ट्राइक करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कायराना पहलगाम हमले का करारा जवाब देते हुए भारतीय एयरफोर्स ने अदम्य साहस के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आतंकियों और उनके आकाओं को अंजाम तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रशासन और पुलिस के उच्चाधिकारियों के साथ हुई बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा ने पूरी सतर्कता से सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को केंद्रीय गृह मंत्रालय और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान पाकिस्तान का सीमावर्ती राज्य है, इसलिए उच्चतम मानकों की अनुपालना करते हुए प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत राष्ट्र विरोधी शक्तियां प्रदेश में सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास कर सकती हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी के साथ अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### 'मुख्यालय पर ही रहें पुलिसकर्मी'

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की जाए। उन्होंने पुलिस कार्मिकों की छुट्टियां निरस्त करने और उन्हें मुख्यालय पर उपस्थित रहने के लिए पाबंद के संबंध में भी निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि एडीजी रेंज प्रभारी और प्रभारी सचिव उनके प्रभार क्षेत्र के जिलों के अधिकारियों से निरंतर संपर्क में रहते हुए उक्त सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराएं। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यूआर साहू सहित संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

#### 'अस्पतालों में रखें पर्याप्त इंतजाम'

मुख्यमंत्री ने समस्त जिलों की आंतरिक सुरक्षा योजना और आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप्त दवा, ऑक्सीजन और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही चिकित्सकों सहित आवश्यक मानव संसाधन एवं उपकरण भी उपलब्ध रहें। शर्मा ने पानी, बिजली एवं आवश्यक बुनियादी संसाधनों की उपलब्धता और इससे संबंधित सेवाओं को सुचारु रखने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

### जयपुर सहित प्रदेशभर में हुई मॉक ड्रिल

- जयपुर कलेक्ट्रेट के नियंत्रण कक्ष में एमआई रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय परिसर में ठीक पौने 4 बजे एयर स्ट्राइक की सूचना मिली। तमाम सुरक्षा अमला व सिविल डिफेंस की टीम अलर्ट हो गई। पूरी बिल्डिंग खाली करवाई। इस दौरान जवान जंग के दौरान पहनी जाने वाली अलग तरह की ड्रेस में नजर आए।
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए घायलों को एंबुलेंस के जरिये एसएमएस अस्पताल पहुंचाया गया।
- चांदपोल मेट्रो स्टेशन सहित सभी मेट्रो स्टेशनों पर पुलिस अलर्ट मोड में रही। चप्पे-चप्पे की सघन चैकिंग की। मेट्रो यात्रियों की भी बारीकी से चैकिंग हुई।



- जयपुर जंक्शन पर भी माक ड्रिल की गई। यहां आपात स्थिति में बचाव एवं आत्मरक्षा को लेकर व्यवस्थाओं की जांच की गई।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


### ऑपरेशन सिंदूरः राजधानी में सेना के अदम्य साहस को हर किसी ने किया सेल्यूट

# खुशी-साहस-सतर्कता का दिखा संगम

**मॉकड्रिलः सायरन बजते ही अलर्ट मोड पर सुरक्षा दस्ता**

- **शहर में कई जगह मॉक ड्रिलः हवाई हमले की सूचना पर अलर्ट, ग्रीन कॉरिडोर बना कर घायलों को पहुंचाया अस्पताल**
- **सायं 4 बजे कलक्ट्रेट सहित कई स्थानों पर एक साथ गूंजा सायरन**








महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बुधवार अलसुबह जैसे ही शहरवासियों को पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों के ध्वस्त होने की सूचना मिली, तो लोगों के चेहरे खिल उठे। भारतीय सेना के अदम्य साहस को दर्शाते ऑपरेशन सिंदूर का ब्लैक एंड रेड लोगों दिन भर सोशल मीडिया पर छाया रहा। हर किसी ने भारतीय सेना के इस साहस को सेल्यूट किया। राजधानी जयपुर में लोगों ने जमकर खुशी मनाई। मंदिरों में सुबह मंगला झांकी के दौरान जय हिंद के नारे लगे। इधर, केंद्र सरकार की ओर से सभी राज्यों में बुधवार को पूर्वघोषित मॉक ड्रिल व ब्लैकआउट की कार्रवाई को लेकर पूरे शहर में विशेष एहतियात बरती गई। इसके अलावा शहर में कलक्ट्रेट सहित करीब 24 स्थानों पर चेतावनी सायरन बजाए गए। राजधानी के सभी मुख्य सरकारी कार्यालयों के अलावा शासन सचिवालय, सभी अस्पतालों, स्कूलों व संवेदशील इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इन स्थानों पर दिनभर राजस्थान पुलिस के जवानों ने डेरा डाले रखा। बुधवार शाम 4 बजे कलक्ट्रेट सहित विभिन्न स्थानों पर सायरन बजने के साथ ही लोग सतर्क हो गए।

## बीएसएनएल कार्यालय में पहला मॉक ड्रिल

### धमाके की सूचना पर पूरी बिल्डिंग को घेरा, कर्मचारियों को बाहर निकाला



**जयपुर** कलेक्ट्रेट के नियंत्रण कक्ष में एमआई रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय परिसर में ठीक पौने 4 बजे एयर स्ट्राइक की सूचना मिली। सायं 4 बजे सायरन की आवाज से प्रशासन, पुलिस सहित एजेंसियों और संबंधित विभागों के अधिकारी हरकत में आए। महज 5 मिनट में जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी मौके पर पहुंच गए। संभागीय आयुक्त पूनम एवं पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ भी बीएसएनएल कार्यालय पहुंचे। तमाम सुरक्षा अमला व सिविल डिफेंस की टीम अलर्ट हो गई। पुलिस ने पूरी बिल्डिंग को खाली करवाया। फायर ब्रिगेड के जवानों ने मोर्चा संभालते हुए बिल्डिंग में लगी आग पर काबू पाया। नागरिक सुरक्षा के जवानों ने बिल्डिंग में फंसे लोगों को अपने हुनर और प्रतिभा के दम पर सकुशल रेस्क्यू किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए घायलों को एंबुलेंस के जरिये एसएमएस अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, ईआरटी, एसडीआरएफ एवं एटीएस के जवानों ने पूरे परिसर की तलाशी लेकर संदिग्ध वस्तुओं की जांच की। इससे पहले बिल्डिंग से स्टाफ को बाहर निकाला गया और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। मौके पर जिंदा बम मिलने की सूचना के बाद डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया और सघन चेकिंग शुरू की गई।

बिल्डिंग में फंसे घायलों को क्रेन की सहायता से नीचे उतारा गया और सीपीआर दी गई। घायलों के लिए एमआई रोड पर ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। एम्बुलेंस से घायलों को एसएमएस हॉस्पिटल ले जाया गया। हमले की सूचना के बाद मौके पर एटीएस की जवान भी पहुंचे और हालातों का जायजा लिया।



### सभी मेट्रो स्टेशन पर अलर्ट, सघन चेकिंग भी

जयपुर में मॉक ड्रिल के दौरान चांदपोल मेट्रो स्टेशन सहित सभी मेट्रो स्टेशनों पर पुलिस अलर्ट मोड में दिखाई दी। पुलिस के जवानों ने स्टेशन के हर हिस्से का जायजा लिया और सघन चेकिंग की। मेट्रो में सफर के लिए आने जाने वाले लोगों की बारीकी से चेकिंग की गई। इस दौरान सभी यात्रियों ने पुलिस का भरपूर सहयोग किया।

### सभी उपखंडों में भी मॉक ड्रिल

*राजकीय विद्यालयों में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम भी*

जिले के सभी उपखंडों में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। प्रशासन, पुलिस सहित समस्त एजेंसियों एवं विभागों ने किसी भी आपात स्थिति के लिए अपनी तैयारियों को परखा। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सक्षम जयपुर अभियान के तहत जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रशासन एवं पुलिस के साथ-साथ नागरिक सुरक्षा के जवानों ने विद्यार्थियों को किसी भी आपात स्थिति में बचाव एवं आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया गया।

## रात 8:30 बजे 15 मिनिट के लिए ब्लैकआउट



- **शहर की सड़कों के अलावा कॉलोनियों में पसरा अंधेरा**
- **सायरन बजा तो बंद हुई लाइटें, जहां नहीं बजा वहां रही रोशनी**

**राजधानी** जयपुर में बुधवार रात 8.30 बजे ब्लैकआउट किया गया। हालांकि इस दौरान पूरे शहर में लाइटें बंद नहीं हुई। इसका कारण प्रशासन और अन्य विभागों में समन्वय की कमी रहा। ना तो सायरन की आवाज पूरे शहर में बजी, ना प्रशासन की और से ब्लैकआउट की सूचना दी गई कि सायरन बजेगा या विभागीय स्तर पर लाइट काटी जाएगी। शहर में जहां-जहां सायरन बजा, वहां लोगों ने स्वतः लाइटें बंद कर दी, लेकिन जहां सायरन नहीं बजा, वहां लोग पशोपेश में रहे कि लाइट स्वतः ही बंद करनी है। इसके चलते शहर में कई जगहों पर रोशनी रही। हालांकि इस दौरान शहरवासियों ने इस मुहिम का सहयोग भी किया। शहर के सभी मुख्य बाजारों, कॉलोनियों, प्रतिष्ठानों, बहुमंजिला इमारतों के अलावा सरकारी विभागों के कार्यालयों में भी ब्लैक आउट किया गया। इस दौरान अधिकतर लोग घरों में ही रहे। ब्लैक आउट के दौरान जो लोग सड़कों पर रहे, उन्होंने अपने वाहनों की लाइट को भी बंद कर लिया। इसके अलावा राजधानी के सिविल लाइन्स, विधानसभा, शासन सचिवालय, एसएमएस अस्पताल में भी 15 मिनट का ब्लैक आउट किया गया। लोगों ने मोबाइल की रोशनी व टार्च का उपयोग भी नहीं किया। इसके अलावा सड़कों पर लगी लाइट्स को भी बंद किया गया।



**कई जगह रहा उजाला**



## हवामहल के सामने पर्यटकों ने लहराया तिरंगा

पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक पर जयपुर आए पर्यटकों ने भी खुशी जाहिर की। यहां हवामहल के सामने पर्यटक और जयपुर रनर क्लब के सदस्यों ने तिरंगा लहराकर देशभक्ति के नारे लगाए।



### पर्यटन स्थलों पर पूरी तरह ब्लैक आउट

मॉक ड्रिल के दौरान पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के सभी पर्यटन स्थलों पर शाम 6:30 बजे पूरी तरह ब्लैक आउट रखा गया। यहां आमेर महल में संचालित लाइट एंड सांउड शो को भी बंद रखा गया। विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेंद्र ने इस संबंध में निर्देश जारी किए थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत 16 को जयपुर आएंगे



**जयपुर (मसं)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एक दिन के प्रवास पर 16 मई को जयपुर आएंगे। क्षेत्र संघ चालक उत्तर पश्चिम क्षेत्र राजस्थान डॉ. रमेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि भागवत 16 मई की रात जयपुर आएंगे और 17 को पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेने के साथ ही कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक बातचीत भी करेंगे।

## एयर स्ट्राइक पर एकजुट हुई भाजपा-कांग्रेस

### नेताओं ने की सेना की सराहना, उठाए छोटे दलों की अनदेखी पर सवाल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पाकिस्तान के आंतकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक के बाद देशभर में राजनीतिक दलों ने एक सुर में सेना की तारीफ की है। बुधवार को भाजपा से लेकर विपक्षी कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने इस कार्रवाई को आतंक के खिलाफ सख्त कदम बताया है। सभी दलों ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर एकजुटता दिखाते हुए सेना के शौर्य को सलाम किया है, हालांकि आरएलपी प्रमुख और सांसद हनुमान बेनीवाल ने सर्वदलीय बैठक में छोटे दलों की उपेक्षा पर सवाल भी खड़े किए हैं, जबकि कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने सोशल मीडिया पर लिखा भारत माता की जय।

पहलगाम हमले के बाद देश को ऐसा ही जवाब चाहिए था। अब आतंकवाद को जवाब मिल चुका है।
*वासुदेव देवनानी, विधानसभा अध्यक्ष*

सिंदूर का बदला सिंदूर, भारत की स्ट्राइक पाकिस्तान में 9 जगहों पर। ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च।
*मदन दिलावर, शिक्षा मंत्री, राजस्थान*

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंक के अड्डों को नेस्तनाबूद किया। आज 140 करोड़ देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा हुआ है। मोदीजी का नया भारत घर में घुसेगा भी और जवाब भी देगा।
*राजेंद्र राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत की ताकत को अब गंभीरता से ले रही है।
*डॉ. सतीश पूनियां, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष*



### भारत माता की जय

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो शेयर करते हुए संस्कृत श्लोक लिखा– शौर्यं तेजः संयमश्च, यत्र भारतसैनिका। विजयं तेषु नित्यं स्यात्, जयतु भारतमाता। साथ ही 'भारत माता की जय' के जयघोष से पोस्ट खत्म की।

## पूरा देश जब एकजुट होता है तो आधी जीत हो जाती है : गहलोत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पाकिस्तान पर भारत की ओर से कार्रवाई किए जाने को लेकर सभी दलों ने साथ देने और और भारतीय सेना की कवायद का स्वागत किया। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर आतंक पर कड़ा प्रहार किया है। कांग्रेस पार्टी और पूरा भारत इस कार्रवाई का स्वागत करता है और भारतीय सेना और भारत सरकार के साथ हम मजबूती से खड़े हैं। जबसे पहलगाम की घटना हुई तबसे पूरे देश में माहौल बना था उसके बाद यह होना ही था। राहुल गांधी और सभी विपक्ष के नेताओं ने सरकार से कहा था कि वह एक्शन ले, हम साथ हैं। इसके बाद से सब एकजुट हैं। पूरा देश जब एकजुट होता है तो आधी जीत हो जाती है। अभी सैन्य ठिकानों पर हमले नहीं हुए, अभी केवल आतंकी अड्डों को निशाना बनाया है। पूरा देश एकजुट है, पूरी दुनिया को देश की सरकार के संयमित एक्शन का पता लगेगा।



### कार्रवाई से हर भारतीय गौरवान्वित : डोटासरा

**गोविंद सिंह डोटासरा** ने कहा कि पहलगाम में 27 निर्दोष लोगों की जबसे आतंकियों ने निर्मम हत्या की थी तबसे पूरे देश में आवाज उठ रही थी। हमारी सेना के ऑपरेशन सिंदूर का हर भारतीय समर्थन करता है, हर भारतीय गौरवान्वित है, हमारी सेना पर हमें गर्व है। आतंकवाद हमेशा के लिए समाप्त होना चाहिए। इस तरह की हर कार्रवाई में हम सब साथ में हैं। सेना जो कर रही है, वह अच्छा कर रही है। हम साथ हैं, आतंकवाद का हमेशा के लिए सफाया होना चाहिए, यह झंझट खत्म होना चाहिए। हम सरकार और सेना के साथ हैं।

**नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने** एक्स पर लिखा- भारतीय सेना पर हमें गर्व है। इस घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी साथ है।

**जयपुर शहर कांग्रेस प्रभारी धर्मेंद्र सिंह राठौड़** ने कहा कि हमारी सेना ने जो कार्रवाई की, उसका हम स्वागत करते हैं। जबसे पहलगाम की घटना घटी है, तबसे देश एकजुट है, सभी दल एक जुट हैं। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के नाम से जो कार्रवाई की, वह नाम के अनुसार काबिले-तारिफ ही नहीं सैल्यूट के काबिल है।

### कांग्रेस का धरना स्थगित

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि हमने जयपुर शहर अध्यक्ष आरआर तिवारी से बात कर यह फैसला लिया है कि जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 8 मई को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली एवं सामाजिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना के लिए जन जागरण अभियान का कार्यक्रम स्थगित किया जाता है। यह कार्यक्रम भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ एयर स्ट्राइक करने पर उपजी परिस्थितियों के कारण युद्ध की संभावनाओं के मद्देनजर स्थगित किया गया है।

## सागवाड़ा में करीब पांच इच बारिश, मेवाड़ और वागड़ में पश्चिमी विक्षोभ के कारण जमकर बरसे मेह

### चार दिन और चलेगा आंधी-बारिश का दौर



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बारिश का दौर जारी है। इसके कारण से मेवाड़ और वागड़ इलाके में जमकर मेह बरस रहे हैं। मौसम विभाग ने इस इलाके में अतिवृष्टि की चेतावनी दी है। पिछले चौबीस घंटे में डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा में बरसात ने इस माह में होनी वाली बरसात का रिकोर्ड़ तोड़ दिया। यहां पर 121 एमएम यानी पांच इंच के लगभग बरसात हुई।

बुधवार को प्रदेश के एक दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। आंधी-बारिश का यह दौर आगामी चार दिन और जारी रहने की संभावना है। आंधी बारिश से प्रदेश के सभी शहरों का पारा सामान्य या उससे कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अजमेर, अलवर, पिलानी, कोटा, चित्तौड़गढ़, डबोक, जोधपुर, श्रीगंगानगर, माउंट आबू सहित अन्य शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। 38.6 डिग्री के साथ श्रीगंगानगर का दिन और 27.1 डिग्री के साथ दौसा की रात प्रदेश में सबसे गर्म रही। आंधी-बारिश के बाद प्रदेश के कुछ शहरों का तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम तक पहुंच गया।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ परिसंचरण तंत्र के रूप में मध्य प्रदेश के पश्चिमी भागों व आसपास के क्षेत्र के ऊपर बना हुआ है। इसके प्रभाव से उदयपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में तेज मेघगर्जन, आंधी (50-60 किमी प्रतिघंटा) बारिश व कहीं-कहीं भारी बारिश दर्ज होने की संभावना है। जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर संभाग में भी कहीं-कहीं हल्की मध्यम बारिश व मेघगर्जन होने की संभावना है। राज्य के दक्षिणी, पूर्वी व पश्चिमी भागों में आगामी 3-4 दिन मेघगर्जन के साथ हल्की मध्यम बारिश व आंधी (40-50 किमी प्रतिघंटा) का दौर जारी रहने की संभावना है। आंधी-बारिश की गतिविधियों में 12-13 मई से कमी होने तथा तापमान में 3 से 5 डिग्री बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। राज्य में आगामी 5-6 दिन हीटवेव की संभावना नहीं है।

### जयपुर में बादलों के बीच से चली धूप की आंख मिचौनी, पारा बढ़ा

जयपुर में दिनभर छितराए बादल छाए रहे और मध्यम गति की हवाएं चलीं। बादलों के बीच से धूप की आंख मिचौनी भी देखने को मिली। इससे जयपुर के पारे में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। जयपुर के दिन के पारे में 2.5 और रात के पारे में 1.8 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई। जयपुर का अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री दर्ज किया गया। आगामी दिनों में जयपुर में बादल छाए रहने के साथ कुछ स्थानों पर बारिश होने की भी संभावना है।

## हाई अलर्ट के बाद राजस्थान में एयरपोर्ट बंद

### उत्तर-पश्चिम रेलवे में कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पाकिस्तान पर मंगलवार देर रात हुई एयर स्ट्राइक के बाद राजस्थान में हाई अलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षा कारणों से किशनगढ़ और जोधपुर एयरपोर्ट से 10 मई तक फ्लाइट्स बंद कर दी गई हैं।

जानकारी के अनुसार पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से आतंक को करारा जवाब देने के उद्देश्य से एयर स्ट्राइक के जरिये आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके बाद राजस्थान में भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। यहां कई एयरलाइंस कंपनियों ने जोधपुर, बीकानेर और किशनगढ़ से अपनी फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है। वहीं, मौजूदा हालात को देखते हुए उत्तर-पश्चिम रेलवे ने भी सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। उधर, पाकिस्तान पर हुई भारत की एयर स्ट्राइक के बाद से ही देशवासियों में उत्साह का माहौल है। जयपुर में कई पर्यटन स्थलों के बाहर पर्यटक तिरंगा लहराते नजर आए।

### फ्लाइट्स पर ये रहा असर...

- इंडिगो एयरलाइन ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें बताया गया है कि 10 मई सुबह 5:29 बजे तक फ्लाइट्स रद्द रहेंगी। इनमें देश के 11 एयरपोर्ट से फ्लाइट्स का संचालन नहीं होगा, इनमें श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, ग्वालियर, किशनगढ़ और राजकोट एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं।
- एयर इंडिया की आरे से यात्रियों को बताया गया है कि जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानें 10 मई को सुबह 5:29 बजे तक रद्द की जा रही हैं।
- स्पाइसजेट ने 6 शहरों की सभी उड़ानें 10 मई सुबह 5:29 बजे तक रद्द की हैं। इनमें लेह, श्रीनगर, जम्मू, धर्मशाला, कांडला और अमृतसर शहर शामिल हैं।



### रेलवे ने ड्यूटी पर लौटने के दिए आदेश

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से मौजूदा हालात को देखते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। एनडब्लूआर के महाप्रबंधक की ओर से डीआरएम और अन्य विभागों के अधिकारियों को इस संबंध में सूचना दी गई है। इसके बाद से ही छुट्टियों पर गए कर्मचारियों का तुरंत ड्यूटी पर लौटना शुरू हो गया।







## रोडवेज प्रशासन ने जारी किए सुरक्षात्मक निर्देश

राजस्थान रोडवेज ने भी सुरक्षात्मक दृष्टि से आपातकालीन स्थिति के लिए निर्देश जारी किए हैं। इनमें अग्निशमन उपकरणों के उचित रखरखाव और इनके संचालन में रहने की सुनिश्चितता, कार्यशाला में डीजल पंप के पास अनावश्यक व्यक्ति ना पहुंचें, पानी स्टोरेज टैंक और टंकियां पानी से भरी रखें, बस अड्डों पर सुरक्षा प्रहरियों को अलर्ट मोड पर रखने संबंधी हिदायत दी गई है। इसके साथ ही सभी बस अड्डों पर पुलिस थानों, अग्निशमन कार्यालय के नंबर दर्ज करने और उद्घोषणा यंत्र चालू हालत में रखने के लिए कहा गया है। कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) चांदमल वर्मा की ओर से ये निर्देश जारी किए गए हैं।

## जयपुर से फैम टूर के लिए रवाना हुए 66 टूर ऑपरेटर्स

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार (जीआईटीबी) के 14वें संस्करण के भव्य आयोजन के बाद फॉरेन टूर ऑपरेटर्स (एफटीओ) को बुधवार सुबह टोंक रोड स्थित होटल ललित से फैमिलिराइजेशन (फैम) टूर के लिए रवाना किया गया। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) द्वारा आयोजित इस फैम टूर में कुल 66 टूर ऑपरेटर्स हिस्सा ले रहे हैं। राटो के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस वर्ष टूर में तीन यात्रा कार्यक्रम शामिल किए गए हैं, इनमें जयपुर-बूंदी-कोटा-उदयपुर-देवगढ़-जयपुर, जयपुर-आभानेरी-सरिस्का-रणथंभौर-जयपुर और जयपुर-पुष्कर-जोधपुर-पोकरण-जैसलमेर-बीकानेर-जयपुर शामिल हैं। फैम टूर रवाना होने के समय राटो के उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह, सचिव मोहन सिंह, राटो के चेयरमैन (इवेंट्स) दिलीप सिंह चौहान सहित सदस्य यतीश धाभाई और पीयूष माथुर उपस्थित रहे।



# 15 लाख रुपए कीमत की एमडी ड्रग जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

## एंटी गैंगस्टर फोर्स की मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

महानगर सवाददाता



**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर प्रतापगढ़ थाना पुलिस की टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद फिरोज अजमेरी पुत्र कयूम निवासी बागलिया थाना हथुनिया हाल अजमेरी कॉलोनी प्रतापगढ़ को 92 ग्राम एमडी ड्रग सहित गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त सेलेरियो कार जब्त की है। जब्त ड्रग की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 लाख रुपए है। पुलिस ने आरोपी को उस समय गिरफ्तार किया जब वह ड्रग सप्लाई करने अपने घर से निकल रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि एजीटीएफ को इनपुट मिले थे कि राजस्थान-मध्यप्रदेश सीमा से जुड़े प्रतापगढ़ जिले के गांवों में बड़े पैमाने पर एमडी ड्रग्स का निर्माण कर तस्कर ड्रग की सप्लाई राजस्थान सहित अन्य निकटवर्ती राज्यों में बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हाल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी के सुपरविजन में हेड कांस्टेबल महावीर सिंह व कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार को एमडी ड्रग के निर्माण एवं सप्लाई करने वाले बदमाशों की पहचान कर धरपकड का टास्क दिया गया। तकनीकी सहायता, मुखबिर तंत्र व आसूचना संकलन कर जानकारी जुटा कई दिनों से एजीटीएफ आरोपी मोहम्मद फिरोज अजमेरी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए थी।

### घर के बाहर ही पकड़ा गया

जैसे ही सूचना की पुष्टि हुई, तुरंत थाना प्रतापगढ़ पुलिस को सूचित कर अविलम्ब आरोपी के घर दबिश देने को कहा गया। थाना पुलिस तुरन्त अजमेरी कॉलोनी स्थित आरोपी के घर पहुंची। आरोपी घर के बाहर रोड़ पर खड़ी अपनी सेलेरियो कार में बैठा था। जिसे डिटेन कर तलाशी ली गई तो उसके पहने लोवर की जेब से एक प्लास्टिक की थैली में 92 ग्राम एमडी ड्रग जब्त की गई। आरोपित फिरोज को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया।

### तीन दिनों में एनडीपीएस की दूसरी बड़ी कार्रवाई

पूछताछ में आरोपी ने यह ड्रग बारी दरवाजा थाना प्रतापगढ़ निवासी शाहरुख पुत्र इकबाल उर्फ मामू पठान से लाना बताया। पुलिस आरोपी से एमडी ड्रग की खरीद फरोख्त एवं इनके नेटवर्क के संबंध में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। एजीटीएफ की तीन दिनों में मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध प्रतापगढ़ जिले में यह दूसरी करवाई है। 4 मई की देर रात थाना छोटी सादड़ी इलाके में 1.18 करोड रुपए कीमत का 785 किलो अफीम डोरा चूरा से भरे ट्रक कंटेनर के साथ कुख्यात तस्कर कमल राणा गैंग से जुड़े तस्कर को एजीटीएफ की इसी टीम की सूचना पर गिरफ्तार किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल महावीर सिंह व कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार की विशेष भूमिका रही। वहीं आरोपी की गिरफ्तारी व मादक पदार्थ जब्ती की कार्रवाई एसएचओ कमल चंद मीणा, एएसआई लोकेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल प्रेमचंद, कांस्टेबल लोकेंद्र सिंह, खेमचंद व कांस्टेबल चालक लालू राम द्वारा की गई।

# पुलिस को देख स्कॉर्पियो छोड़कर भागा बदमाश, सीट के नीचे पिस्टल बरामद

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की बायतु पुलिस ने नाकाबंदी कर एक स्कॉर्पियो को रोकने का इशारा करने पर ड्राइवर गाड़ी खड़ी करके भाग गया। पुलिस ने पीछा कि लेकिन धोरों में भागने में सफल रहा। गाड़ी की तलाशी में पुलिस ने 1 पिस्तौल मय 6 कारतूस बरामद किए हैं। वहीं गाड़ी मॉडिफाइड की हुई थी।

एसपी हरि शंकर ने बायतु थाने के एएसआई चैलाराम मय पुलिस जाब्ता नाकाबंदी कर रहे थे। इस दौरान खेमा बाबा मंदिर की ओर से एक काली स्कॉर्पियो आते हुए दिखाई दिया। टीम ने रोकने का इशारा किया गया, लेकिन वाहन ड्राइवर आरोपी खुमाराम उर्फ जेडी सारण, उर्फ जसु पुत्र विरधाराम निवासी अखे का ढ़ाढ़ा सोमेसरा बायतु स्कॉर्पियो वाहन को मौके पर छोड़कर भागने लगा। टीम ने ड्राइवर आरोपी को पकड़ने के लिए पीछा किया। लेकिन, आरोपी रेतीले धोरों, झाड़ियों और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहा। वाहन की जांच करने पर सामने आया कि उसके इंजन व चैसिस नंबर घिसे हुए थे। पीछे की सीटें हटाई हुई थी। इससे प्रथम दृष्टया वाहन संदिग्ध प्रतीत हुआ। नियमानुसार तलाशी लेने पर ड्राइवर सीट के नीचे एक पिस्तौल मय 6 जिंदा कारतूस मिले।

### स्कॉर्पियो गाड़ी को भी किया जब्त

पुलिस ने पिस्तौल और स्कॉर्पियो गाड़ी को जब्त की गई। इस पर पुलिस थाना बायतु में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। फरार आरोपी खुमाराम उर्फ जेडी सारण की तलाश की जा रही है। कार्रवाई हैड कॉन्स्टेबल गेनाराम, कॉन्स्टेबल उदाराम, श्यामलाल, मांगीलाल, भरत कुमार शामिल रहे।

# महिला का शव मिला, शरीर पर मिले चोटों के निशान

महानगर संवाददाता

**हनुमानगढ़।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जंक्शन की पॉश कॉलोनी में बुधवार को एक महिला का शव नग्न अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। वार्डवासी सुबह जैसे ही पार्क में घूमने आए तो उनकी नजर पानी की टंकी के पास निर्वस्त्र और चोटिल हलात में पड़ी महिला पर पड़ी तो सब सन्न रह गए। वार्डवासियों ने तुरंत घटना की सूचना जंक्शन पुलिस को दी। जिसके बाद जंक्शन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार महिला के शरीर पर चोटों के निशान हैं। घटना की सूचना पर डीएसपी मीनाक्षी, जंक्शन थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह राठौड़ और एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य से जुटाए। पुलिस के अनुसार महिला की पहचान हनुमानगढ़ जंक्शन निवासी के रूप में हुई है। महिला के पास कुछ मेडिकल दस्तावेज मिले हैं, जिसके आधार पर शिनाख्त हुईं है। सीओ सिटी मीनाक्षी ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। मृतका के शव के पोस्टमार्टम के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि असल घटना कैसे और क्यों घटित हुईं। फिलहाल, मृतका का शव जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया गया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# कार से 107 किलो डोडाचूरा जब्त, 2 गिरफ्तार




महानगर संवाददाता

**चित्तौड़गढ़।** शंभूपुरा थाना पुलिस ने एक कार से 1 क्विंटल 7 किलो 870 ग्राम डोडाचूरा जब्त किया है। इस मामले में दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि शंभूपुरा थानाधिकारी रामलाल के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाई गई।

पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल रामकिशन, योगेंद्र कुमार, नरेश कुमार, मुकेश कुमार और देवकिशन शामिल थे। यह टीम घटियावली खेडा से केलझर जाने वाले रास्ते पर नाकाबंदी कर रही थी। नाकाबंदी के दौरान सफेद रंग की एक कार घटियावली खेडा गांव की ओर से आती नजर आई। पुलिस ने गाड़ी को रुकने का इशारा किया, लेकिन कार ड्राइवर ने नाके से कुछ दूर पहले ही गाड़ी रोक दी और उसमें बैठे दोनों तस्कर कार से उतरकर भागने लगे। पुलिस ने दोनों को दौड़कर पकड़ लिया। संदिग्ध लगने पर जब कार की तलाशी ली गई, तो उसमें 6 प्लास्टिक के कट्टों में भरा हुआ कुल 107 किलो 870 ग्राम डोडाचूरा मिला।

पुलिस ने कार और डोडाचूरा को जब्त कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जोधपुर ग्रामीण निवासी जगदीश पुत्र सुरजनराम विश्नोई और बिजयपुर, चित्तौड़गढ़ निवासी उदयलाल उर्फ कन्हैयालाल जाट पुत्र नारायणलाल जाट के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ शंभूपुरा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह अवैध डोडाचूरा कहां से लाया गया था और इसे कहां ले जाया जा रहा था।

2 फ्लोर के बेसमेंट के दुकान की छत धमाके से उड़ी, सामान सड़क तक उड़कर आ गिरा

# ज्वेलरी शॉप में सिलेंडर ब्लास्ट, 3 लोगों की मौत





महानगर संवाददाता

**बीकानेर।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में ज्वेलरी मेकिंग की एक दुकान में बुधवार को एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। 2 फ्लोर के बेसमेंट वाली इस दुकान की छत धमाके के कारण गिर गई। इस भीषण हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 से 12 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्लास्ट इतना भीषण था कि दुकान में रखा सामान सड़क तक उड़कर आ गया। कुछ लोगों के अभी भी मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस और स्थानीय लोग लगातार रेस्क्यू कार्य में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार, मथुरा मार्केट में स्थित इस बिल्डिंग में कई छोटी-छोटी शॉप हैं, जहां सोने-चांदी के गहने बनाए जाते हैं। इन शॉप में एलपीजी गैस सिलेंडर का उपयोग किया जाता है। घटना के समय कई लोग अंडरग्राउंड में काम कर रहे थे।

### आसपास के मकानों को खाली कराया

नगर निगम बीकानेर के उपायुक्त यशपाल आहूजा ने बताया कि बिल्डिंग ब्लास्ट की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। हादसे में 3 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इनकी पहचान सलमान, असलम और सचिन सोनी के रूप में हुई है। चारों ज्वेलरी का काम करते थे। सुरक्षा को देखते हुए आसपास के मकानों को खाली कराया गया है। हादसे के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

### शॉप के नीचे 2 फ्लोर में बेसमेंट

बताया जा रहा है कि यह बिल्डिंग अवैध रूप से बनाई गई है। शॉप के नीचे दो फ्लोर का बेसमेंट है, जहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। एक साथ बड़ी संख्या में लोग छोटी जगह में काम करते हैं, जो सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर भी घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हादसा



# अनियंत्रित होकर पोल से टकराई कार, पति-पत्नी और बेटी समेत 4 की मौत

महानगर संवाददाता

**रामगंज मंडी (कोटा)।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर हुए एक हादसे में पति-पत्नी और बेटी समेत 4 लोगों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार देर रात रामगंज मंडी (कोटा) थाना क्षेत्र के सनखेड़ा का है। थानाधिकारी मनोज सिकरवार ने बताया कि एर्टिगा कार गुजरात से उत्तरप्रदेश की तरफ जा रही थी।

इस दौरान सनखेड़ा पुलिया के पास बेकाबू होकर स्पीड कंट्रोलर पोल से टकरा गई। हादसे में कार सवार दंपती और उनकी बेटी समेत 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल है। हादसा इतना भयंकर था कि पोल से टकराने के बाद कार के आगे का पूरा हिस्सा बिखर गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद रेस्क्यू कर लोगों को बाहर निकाला गया। एक्सीडेंट में सतीश चंद्र गोयल, पत्नी कुसुम, बेटी रितिका और ड्राइवर शैलेंद्र सिंह निवासी बिहार की मौत हो गई है। जबकि सतीश का बेटा विशाल गंभीर घायल हुआ। जिसका झालावाड़ के सरकारी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शवों को रामगंज मंडी हॉस्पिटल रखवाकर परिजनों को सूचना दी है। जिनके आने पर पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

### गुजरात से उत्तरप्रदेश जाते समय हुआ हादसा

थानाधिकारी मनोज सिकरवार ने बताया- सतीश चंद्र गोयल अपनी पत्नी और बेटे के साथ गुजरात में टेक्सटाइल कंपनी में काम करते थे। किराए की एर्टिगा कार से सहारनपुर (उत्तरप्रदेश) स्थित अपने गांव जा रहे थे। इस दौरान दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर सनखेड़ा पुलिया के पास हादसा हो गया।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम ठगी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

## फेसबुक के जरिए ऐंठी 46 लाख की राशि

महानगर संवाददाता



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ साइबर सेल ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को मोटे मुनाफे का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जयपुर से ललित सैनी और मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपियों ने फर्जी बैंक खाते खोलकर दूसरों के हाथों में सौंप दिए थे, जिनका इस्तेमाल ठगी की रकम हासिल करने में किया गया। साइबर सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर इरम रिजवी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ठगों के बैंक खातों की जांच की और दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

सेक्टर-49 निवासी विनोद हांडा को 17 फरवरी को फेसबुक के जरिए एक ट्रेडिंग ग्रुप में जोड़ा गया। उन्हें शेयर बाजार में निवेश के जरिए मोटा मुनाफा होने का लालच दिया गया और करीब 10 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### यूको बैंक खाते से मिली 2 लाख की रकम

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ललित सैनी ने यूको बैंक में खाता खोला और उसकी किट किसी अन्य को दे दी। यह खाता 2 लाख की ठगी की रकम को हासिल करने के लिए इस्तेमाल किया गया। फिर यह रकम अन्य खातों में आरटीजीएस व आईएमपीएस के जरिए ट्रांसफर कर दी गई। आरोपी को जयपुर के सांगानेर इलाके से गिरफ्तार किया गया।

### राज मरुधरा ग्रामीण बैंक से 36 लाख की ठगी

वहीं, आरोपी मुकेश कुमार ने राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक में खाता खोला और उसकी किट भी किसी अन्य व्यक्ति को दे दी। इस खाते में 36 लाख रुपए की ठगी की रकम डाली गई थी। यह रकम चंडीगढ़ सेक्टर-35 निवासी अशोक कुमार से ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी गई थी। इस संबंध में साइबर सेल ने अप्रेल महीने में शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था।

# हत्या प्रयास मामले में आरोपियों को 7-7 साल की जेल

## जमीनी विवाद के चलते लाठी-सरियों और कुल्हाड़ी से किया था हमला, 25-25 हजार का जुर्माना भी लगाया

महानगर संवाददाता

**सीकर।** सीकर की एडीजे कोर्ट संख्या-4 ने 9 साल पुराने हत्या प्रयास के एक मामले में चार आरोपियों को 7-7 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने हर आरोपी पर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और पीड़ित पक्ष को एक लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया। यह मामला जमीनी विवाद से जुड़ा था, जिसमें आरोपियों ने लाठी, सरिया और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया था। घटना में दो लोगों को गंभीर चोट आई थी।

सरकारी वकील व अपर लोक अभियोजक धर्मेंद्र सिंह कुड़ी ने बताया कि घटना 3 जुलाई 2017 को झीगर छोटी गांव में हुई थी। दादिया थाने में दी शिकायत जगदीश प्रसाद, मुकेश कुमार और संतरा देवी ने बताया कि उनकी पुश्तैनी जमीन और मकान गांव के पश्चिम में बीड के पास हैं। विवाद चुन्नाराम और उनके छोटे भाई गोविंदराम के परिवारों की साझा जमीन को लेकर था। घटना के दिन रिछपाल, उनके बेटे मनोहर और पुत्रवधू संतरा देवी अपनी जमीन पर बिजाई के लिए गए थे। उसी समय शिवभगवान, पूर्णमल, श्रवण, हीरालाल, केशर देवी, सुमन देवी, प्रकाश, संतोष कुमार, सुरेंद्र, इंद्रा देवी और आसाराम कुल्हाड़ी, गडासी और लाठियों के साथ आए और रिछपाल व मनोहर पर जानलेवा हमला कर दिया। पास के खेत में काम कर रहे मुकेश, राकेश और मनोज ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी हमला किया।

### परिवार को खत्म करने की धमकी

हमले में रिछपाल और मनोहर को गंभीर चोटें आईं और वे बेहोश हो गए। आरोपियों ने उन्हें मृत समझकर छोड़ दिया लेकिन रिछपाल को होश आता देख शिवभगवान ने दोबारा कुल्हाड़ी से वार किया। जाते समय आरोपियों ने पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। पीड़ितों को पहले सीकर के एसके अस्पताल ले जाया गया जहां से गंभीर हालत के कारण जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। दोनों पीड़ित जिंदगी और मौत के बीच जूझते रहे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। 9 साल तक चले मुकदमे के बाद एडीजे कोर्ट के जज वीरेंद्र कुमार मीणा ने बुधवार को आसाराम, शिवभगवान, हीरालाल और श्रवण को दोषी ठहराया। चारों आरोपियों को 7-7 साल की सजा सुनाई गई।

# पत्नी संग स्कूटी से गिरे रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी, मौत

महानगर संवाददाता

**दौसा।** ससुराल से गांव लौट रहे रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी और उनकी पत्नी हाईवे पर स्कूटी से गिर गए। राहगीरों ने उन्हें संभाला और पुलिस की सूचना दी। इसके बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां पति को मृत घोषित कर दिया। वहीं पत्नी को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया था। जहां बुधवार को इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। दोनों की अर्थी एक साथ उठी तो गांव में हर किसी की आंखें नम हो गई।

मामला दौसा जिला मुख्यालय के पास मनोहरपुर-कोथून नेशनल हाईवे पर सैंथल थाना क्षेत्र के खुरी गांव के पास मंगलवार शाम 7 बजे का है। सैंथल थाने के हैड कॉन्स्टेबल बनवारी लाल ने बताया कि हादसे में कल्याण सहाय मीणा निवासी सूरजपुरा को दौसा के अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। जबकि उनकी पत्नी प्रहलादी देवी को गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया गया था। जहां गंभीर घायल प्रहलादी देवी ने एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



### एक्सीडेंट की जांच में जुटी पुलिस

बनवारी लाल ने बताया कि पुलिस हादसे की जांच करने में जुटी है। दंपती को वाहन ने टक्कर मारी है या दोनों स्लिप होकर गिरे हैं। अभी कारणों की जांच की जा रही है।

### रेलवे से रिटायर हुए थे

कल्याण सहाय मीणा रेलवे में नौकरी करते थे। वे जुलाई 2024 में रिटायर होने के बाद घर पर रहकर खेती करते थे। उनके एक बेटा-बेटी हैं। बेटा पंजाब में सरकारी नौकरी करता है। कल्याण सहाय ने बीते 18 अप्रैल को बेटी की शादी की थी। इसके बाद दोनों पति-पत्नी सोमवार शाम को ससुराल रामपुरा गुवाड़ी गए थे। जहां से वापस लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गए।

### सूरजपुरा गांव से एक साथ उठी दोनों की अर्थी

कल्याण सहाय और उसकी पत्नी प्रहलादी देवी सदर थाना क्षेत्र के सूरजपुरा गांव के रहने वाले थे। जिनके शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया। दाह संस्कार के लिए ले जाते वक्त पति-पत्नी की एक साथ डेड बॉडी देखकर वहां मौजूद हर किसी शख्स की आंखें नम हो गई।

# शादी समारोह में दो गुटों में झगड़ा, चले चाकू, 4 लोग घायल

महानगर संवाददाता

**सिरोही।** शादी समारोह में दो गुटों के बीच हुई मारपीट खूनी संघर्ष में बदल गई। झगड़ा बढ़ने पर हुई चाकूबाजी में 4 लोग घायल हो गए। एक घायल को गंभीर हालत में आबू रोड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रोहिड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना सिरोही के भुजेला गांव में मंगलवार रात को हुई। रोहिड़ा पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात भुजेला गांव में शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान दो गुटों में किसी बात को लेकर बहस हो गई। जो इतनी ज्यादा बढ़ गई कि उन लोगों ने आपस में मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान इन्हीं लोगों ने चाकू निकाल कर एक दूसरे पर हमला करना शुरू कर दिया।

चाकूबाजी में स्वरूपगंज निवासी विशाल पुत्र दिनेश कुमार, भुजेला निवासी नेनाराम व उसके परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। विशाल को प्राथमिक इलाज के लिए स्वरूपगंज के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां मौजूद डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने उनका इलाज शुरू किया, लेकिन हालत चिंताजनक होने पर उसे प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे लेकर सिरोही जिला मुख्यालय ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। यहां मौजूद डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने उनका इलाज शुरू किया। उधर, नैनाराम के परिवार के दो सदस्यों को आबू रोड अस्पताल ले जाया गया। जहां नेनाराम की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

प्रदेश भर में मॉकड्रिल : सवाईमाधोपुर स्काउट वन आवासन मंडल में सिविल डिफेंस ने संभाला मोर्चा

# आपात स्थिति से निपटने का किया अभ्यास



### आग लगते ही एम्बुलेंस, फायर ब्रिग्रेड एवं बचाव दल के साथ मौके पर पहुंचे अधिकारी

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** देश में किसी आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की तैयारियों का आकलन करने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय और राजस्थान सरकार के गृह विभाग के निर्देशों के अनुसार सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर बुधवार को स्काउट वन आवासन मण्डल सवाई माधोपुर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से हवाई हमले की पूर्व सूचना देने के लिए चेतावनी प्रणाली को सक्रिय करने, आग लगने पर पीड़ितों के बचाव की कार्यवाही और ब्लैक आउट के निर्देशों की प्रभावी पालना करने का अभ्यास सफलतापूर्वक किया गया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा ने बताया कि सवाई माधोपुर में जिला मुख्यालय स्थित स्काउट वन आवासन मण्डल परिसर में दिन में 4 बजे नागरिक सुरक्षा का पूर्वाभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन के साथ नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन, पुलिस, होमगार्ड, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, माई भारत वॉलिन्टियर्स सहित अन्य संगठनों ने भागीदारी की। इस अभ्यास में अधिकारियों-कार्मिकों के साथ ही आम लोग भी सक्रियता से जुड़े और अपनी अपेक्षित भूमिका निभाई।

इस दौरान किसी भवन में आकस्मिक परिस्थितियों में सुरक्षा तंत्र को सक्रिय करने के बाद किसी भवन में आग लगने पर नागरिक सुरक्षा प्रोटोकाल का जीवंत प्रदर्शन किया गया। साथ ही, आग बुझाने के साथ-साथ घायलों को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाने और बचाव कार्य के बाद निकासी योजना के तहत प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का भी अभ्यास किया गया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट के माध्यम से नागरिक सुरक्षा पूर्वाभ्यास के दौरान हवाई हमले की चेतावनी का सायरन बजाने, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर माइक से आपात स्थिति की घोषणा करवाने, चेतावनी की सूचना पर आम लोगों की प्रतिक्रिया, किसी भवन विशेष के क्षतिग्रस्त होने पर सुरक्षा एवं अग्निशमन कार्यबलों द्वारा राहत तथा बचाव कार्य, अस्पताल में घायलों के इलाज, सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ के प्रबंधन आदि गतिविधियों का अभ्यास के लिए यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के समय आम लोगों को भयभीत नहीं होना चाहिए तथा संयमित व्यवहार रखना चाहिए।

इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, एसडीएम सवाई माधोपुर अनूप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसआईयूसीएडब्ल्यू ओमप्रकाश मीना, तहसीलदार नीरू सिंह, यूआईटी तहसीलदार विनोद शर्मा, सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कुमार मीणा सहित प्रशासन, सिविल डिफेंस अधिकारी, एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस प्रतिनिधि, स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

बाड़मेर में मॉक ड्रिल : एयर स्ट्राइक की सूचना

## चप्पे-चप्पे पर आर्मी तैनात, दौड़ती रही फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस



महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बाड़मेर सहित राजस्थान के 28 जगहों पर हमले से बचने के लिए बुधवार को मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए। हालांकि इससे पहेल ही अलसुबह भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देकर आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त करने के साथ ही कई आतंकियों को मार गिराया। इसके बाद देशवासियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है। वहीं बुधवार दोपहर बाद सबसे बड़ी मॉक ड्रिल की गई। शहर के अलग-अलग जगहों पर सायरन बजाने के साथ मॉक ड्रिल शुरू हुई। मंगलवार रात को जिला कलेक्टर टीना डाबी ने शहर की सड़कों पर पैदल निकलकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बुधवार को स्कूलों में छुट्टी रही। बाड़मेर में मॉक ड्रिल के दौरान मिलिट्री भी तैनात रही। फायर कर्मियों ने जल्द से जल्द आग बुझाने और घायलों को बाहर निकालने की कोशिश की। कलेक्टर टीना डाबी ने बताया कि शाम 4 बजे मॉक ड्रिल शुरू की गई। इसमें सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। लोगों से भी सहयोग मिला।

### बॉर्डर पर हाई अलर्ट

भारत-पाक में तनाव के बीच पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर से लगते बॉर्डर पर हाई अलर्ट है। बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ ने विशेष चौकसी बरतनी शुरू कर दी है। इसके अलावा बॉर्डर के पुलिस थाने भी हाई अलर्ट पर हैं। बॉर्डर इलाके में आने वाले हर बाहरी व्यक्ति की तलाशी ली जा रही है। कोई भी संदिग्ध दिखने पर ग्रामीणों को भी तत्काल सूचना पुलिस को देने के लिए कहा गया है। इसके अलावा सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट हैं।

बॉर्डर थानों के पुलिस अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। उन्हें पुलिस थानों में उपस्थित रहने के साथ ही नियमित गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मॉकड्रिलः 12 मिनट में 6 घायलों को पहुंचाया अस्पताल



**नवलगढ़।** कस्बे के जयपुर हाइवे रोड पर कृषि मंडी में आपातकालीन स्थिति में निपटने के लिए तैयारी का प्रशिक्षण किया गया। एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल के दौरान 6 लोगों के घायल होने की स्थिति बनाई गई। प्रशासन, पुलिस, दमकल और स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट मोड में थी। सभी विभागों ने मिलकर घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। 12 मिनट के भीतर जिला अस्पताल पहुंचा दिया गया। आपदा प्रबंधन टीम ने पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने स्ट्रक्चर और एंबुलेंस की मदद से घायलों को सुरक्षित निकाला। एसडीएम जयसिंह ने बताया कि यह अभ्यास आपात स्थिति में तत्परता को रखने के लिए किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार महेंद्र सिंह रत्नू, पीएमओ डॉ. सुनील सैनी और ईओ नवनीत कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## जैसलमेर होटल पर एयर स्ट्राइक की हुई मॉक ड्रिल



**जैसलमेर।** जिले में केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार बुधवार शाम 4 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सोनार दुर्ग के पास शिव रोड पर एक होटल पर एयर स्ट्राइक हुई। इस दौरान होटल को नुकसान पहुंचने का प्रदर्शन किया गया। सायरन की आवाज बजते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, पुलिस, प्रशासन आदि ने आग पर काबू पाया और एम्बुलेंस की मदद से सभी को हॉस्पिटल पहुंचाया। इस दौरान जिले के आला अधिकारी, स्काउट गाइड, होमगार्ड, नेहरू युवा केंद्र की टीम, चिकित्सा, नगरपरिषद, एसडीआरएफ समेत कई टीम मौजूद रही।

### 4 बजते ही बजा सायरन

जैसलमेर में मॉक ड्रिल के दौरान 4 बजते ही सायरन बजा। सूली डूंगर पर सायरन बजते ही प्रशासन अमला अलर्ट हुआ। सोनार दुर्ग के पास एक होटल पर एयर स्ट्राइक की सूचना मिली। सूचना मिलते ही प्रशासन ने अलर्ट होते हुए मौके का रुख किया। इस दौरान एसडीआरएफ की टीम, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, हेल्थ डिपार्टमेंट समेत कई विभागों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

मॉक ड्रिल के दौरान शिव रोड स्थित एक होटल पर एयर स्ट्राइक का सायरन बजा। सायरन बजते ही सभी विभागों ने तालमेल करते हुए आग को बुझाया और घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाने का काम किया। फायर ब्रिगेड ने तुरंत आग पर काबू पाया और एनसीसी, पुलिस ने मिलकर आमजन को जागरूक करने आदि का काम किया। कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि मॉक ड्रिल पर सभी समय पर पहुंचे और रेस्क्यू का काम बचाव दल आदि ने सफलतापूर्वक समाप्त किया।

## रानी शक्ति मंदिर परिसर पर एयर स्ट्राइक, आगजनी का मॉकड्रिल!



### सावधानी, राहत और बचाव में खरा उतरा प्रशासन

### क्यूआरटी, मेडिकल, पुलिस, प्रशासन, फायर बिग्रेड, एनडीआरएफ, स्काउट्स, एनसीसी कैडेट्स पहुंचे मौके पर

### कलेक्टर रामावतार मीणा, एसपी शरद चौधरी समेत पूरा प्रशासनिक अमला पहुंचा

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले में एयरस्ट्राइक या अन्य आपातकालीन स्थिति की तैयारियों को परखने के लिए बुधवार शाम 4 बजे मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इसके तहत रानी शक्ति मंदिर के बाहर एयरस्ट्राइक व आगजनी का मॉकड्रिल किया गया। एयरस्ट्राइक की सूचना के तुरंत बाद क्विक रिस्पांस टीम, मेडिकल टीम मय एंबुलेंस, फायर बिग्रेड, पुलिस, स्काउट्स, एनसीसी कैडेट्स, एनडीआरएफ टीम पहुंची। वहीं महज 9 मिनट में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, एसपी शरद चौधरी समेत पूरा प्रशासनिक अमला रानी शक्ति मंदिर परिसर पहुंच गया।

जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि एयर स्ट्राइक के तुरंत बाद मेडिकल टीम ने स्काउट्स, एनसीसी कैडेट्स, एनडीआरफ, क्यूआरटी की मदद से तुरंत दर्जनों घायलों को बीडीके अस्पताल व शहीद कर्नल जे.पी. जानू राउमावि में बने अस्थाई अस्पताल में पहुंचाया। गंभीर रूप से घायलों को बीडीके अस्पताल एवं कम गंभीर घायलों को अस्थाई अस्पताल में पहुंचाने की व्यवस्था रखी गई। पीएमओ डॉ जितेंद्र भांबू ने बताया कि बीडीके में घायलों को इमरजेंसी व आईसीयू में भर्ती किया गया।

जिला कलेक्टर रामावतार मीणा और एसपी शरद चौधरी ने बताया कि शाम को 4 बजे की गई मॉक ड्रिल को लेकर किसी को भी कोई सूचना नहीं दी गई। ना ही स्थान बताया गया। अचानक फोन कर यह सूचना दी गई, लेकिन संतोष है कि सभी अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा आपातकालीन सेवाएं बिना कोई समय गंवाए मुस्तैदी के साथ मौके पर पहुंची। इसके अलावा आपात स्थिति से निपटने के लिए राजकीय जिला बीडीके अस्पताल के अलावा जेपी जानूं स्कूल में भी अस्थाई अस्पताल बनाया गया, जहां पहुंचे घायलों का इलाज करने के लिए पर्याप्त चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और दवाईयां मौजूद थी। सभी घायलों के इलाज के लिए की गई तैयारियों को भी जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, एसपी शरद चौधरी, एडीएम डॉ. अजय आर्य, एसडीएम हवाई सिंह यादव समेत अन्य अधिकारियों ने देखा। इस मौके पर बनवारीलाल सैनी तथा राजेश बाबल भी मौके पर पहुंचे। मॉकड्रिल देखने के बाद सभी ने कहा कि आज की मॉक ड्रिल देखने के बाद पूरे झुंझुनूं को और अधिक विश्वास हो गया है कि युद्ध जैसे हालात होने पर कोई भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हमारे अधिकारी, कर्मचारी और सरकारी सेवाएं माकूल व मुस्तैद हैं।

## कस्बे के महाविद्यालयों में नागरिक सुरक्षा के लिए की मॉक ड्रिल





**श्रीमाधोपुर।** एसबीएन पीजी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने भारतीय रक्षा मंत्रालय के आदेश व 3 राज बटालियन एनसीसी सीकर के निर्देशानुसार भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति बनने पर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हवाई हमले के सायरन के बाद की कार्रवाई तथा सायरन बजने पर किस तरह आम नागरिकों को सावधानी बरतनी है, खुद को किस तरह सुरक्षा देनी है व युद्ध की स्थिति होने पर स्कूली बच्चों को सुरक्षित आश्रय तक ले जाने की मॉक ड्रिल की गई। महाविद्यालय की लाइब्रेरी में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई तथा एसबीएन साइंस स्कूल के छात्रों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान तक ले जाया गया। एनसीसी बटालियन का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार जाट तथा एनसीसी एएनओ डॉ. मुकेश बल्डवाल व खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल द्वारा किया गया।

वहीं सरदार पटेल महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में सुरक्षा व्यवस्था का परीक्षण करने के लिए आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार महात्मा गांधी पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर में भी मॉक ड्रिल हुई।

कार्यालय प्रभारी कैलाश बिजारणिया ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में आयोजित मॉक ड्रिल में इमरजेंसी के दौरान हालातों से कैसे निपटें, राशन, आग बुझाने, घायलों के लिए मेडिकल की उचित व्यवस्था करने आदि का प्रशिक्षण देने के लिए सीटीओ सुरेश सामोता, एनएसएस प्रभारी सुशीला देवी, रोवर्स प्रभारी मांगीलाल कुमावत के सान्निध्य में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कैडेट्स ने नागरिक सुरक्षा और सहायता कार्यों में अपने कौशल का परीक्षण करने के लिए युद्धकालीन परिदृश्यों का अनुकरण करते हुए एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया।

अभ्यास में तीन प्रमुख घटक शामिल रहे। हवाई हमला और नागरिक दहशत सिमुलेशन, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन प्रक्रियाओं का प्रदर्शन करते हुए नागरिकों को सुरक्षित क्षेत्रों में सफलतापूर्वक पहुंचाया। बमबारी के बाद बचाव कार्यों का अभ्यास किया, मलबे से हताहतों का पता लगाया और उन्हें निकाला। उन्होंने बचाव उपकरणों का उपयोग करने और बुनियादी जीवन समर्थन प्रदान करने में दक्षता दिखाई। प्राथमिक चिकित्सा की उच्च स्तरीय व्यवस्था की गई।

## 'संस्कृति को भूलना हमारी सबसे बड़ी भूल'

### भारतीय किसान संघ सीकर संभाग का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गः गांवों को फिर से जीवंत बनाना हर किसान का कर्तव्य



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** 'गांव भारत की मूल आत्मा है, ग्रामीण संस्कृति को भूलने से ही समाज में विकृति आई। भारत गांवों में बसता है और जो कुछ आज तक राष्ट्र में बचा हुआ है, वह किसान की देन है, लेकिन पिछले कुछ दशकों से हम संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, यह हमारी सबसे बड़ी भूल है। संस्कृति को बचाने की जिम्मेदारी हम सब की है।' यह विचार क्षेत्रीय कार्यवाह जसवंत खत्री ने बुधवार को यहां पिपराली चौराहे के नजदीक निजी पैलेस में भारतीय किसान संघ सीकर संभाग के कार्यकर्ताओं के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में व्यक्त किए। खत्री ने समाज परिवर्तन के पांच मुख्य बिंदुओं कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी भावना का जागरण एवं नागरिक कर्त्तव्य पर जोर दिया। दूसरे दिन के प्रथम सत्र में संगठन की रीति नीति पर चर्चा की गई। दूसरे सत्र में किसान संघ की कार्य पद्धति से कार्यकर्ता रूबरू हुए। तीसरे सत्र में प्रांत महामंत्री सांवरमल सोलेट ने संगठन की रूप रेखा बताई। समापन सत्र में सहप्रांत प्रचारक विशाल ने वर्तमान राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

इस अवसर पर जयपुर प्रांत अध्यक्ष कालूराम बागड़ा, जयपुर प्रांत महामंत्री सांवरमल सोलेट, प्रांत मंत्री श्रीचंद सिद्ध, प्रांत प्रचार प्रमुख दिनेश गोरसिया, संभाग अध्यक्ष किशोर निठारवाल, संभाग मंत्री मोतीसिंह, सतवीर सामोता जिलाध्यक्ष, डॉ. मुकेश बल्डवाल जिला कोषाध्यक्ष, राजेंद्र बिजारनिया तहसील अध्यक्ष, ओम प्रकाश 'प्रधान' तहसील उपाध्यक्ष, जिला प्रचार प्रमुख महेंद्र खडोलिया सहित संभाग के चारों जिलों की जिला कार्यकारियों एवं सभी तहसीलों के अध्यक्ष मंत्री उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने किया ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत

महानगर संवाददाता

**अजमेर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता, अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल, महेश चौहान, गजेंद्र सिंह रलावता, मामराज सेन, सतीश वर्मा, डॉ. संजय पुरोहित, राजकुमार गर्ग, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष हितेश्वरी टाक, महेंद्र कटारिया आदि ने भारत सरकार एवं भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर किए जाने का स्वागत किया है। कांग्रेसियों ने प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि पूरा देश एकजुट होकर ऑपरेशन सिन्दूर का समर्थन करता है। आतंकवाद का पूरी तरह से सफाया होना चाहिए। पहलगाम में हुए कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब देना जरूरी है। कांग्रेसियों ने कहा कि हमें भारतीय सेना पर गर्व है। हमारे लिए राष्ट्रहित सर्वोच है।

### डॉ. चतुर्वेदी को रवीन्द्र नाथ टैगोर गौरव सम्मान



**सवाईमाधोपुर।** समाजसेवी, पर्यावरणविद तथा राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मधुमुकुल चतुर्वेदी को रवीन्द्र नाथ टैगोर गौरव सम्मान से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी, आगरा द्वारा टैगोर जयंती के अवसर पर डॉ. चतुर्वेदी को संस्था के मुख्य अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ऋषि वर्मा द्वारा रवीन्द्र नाथ टैगोर गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### भागवत कथा में रुक्मणी विवाह का हुआ वर्णन



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** गौतम कॉलोनी सवाई माधोपुर में श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन कथा प्रवचन के दौरान आचार्य पं. बालकृष्ण शास्त्री छोटी उदई वालों ने रासलीला की कथा, कैशी व्योमासुर का उद्धार, भगवान कृष्ण की ब्रज से करुण विदाई, कुलजा पर भगवान की कृपा की, कंस वध, उग्रसेन का राज्याभिषेक, उद्धव-गोपी संवाद, भगवान कृष्ण का उज्जैन गमन, संदीपनी मुनि के आश्रम पर विद्या अध्ययन करना, जरासंध का मथुरा पर आक्रमण, भगवान द्वारा द्वारिका गमन तथा रुक्मणी मंगल की कथा का श्रवण कराया।

श्रोताओं ने भाव विभोर होकर नृत्य किया। आयोजक लाल जाट ने बताया कि कथा में गुरुवार को भगवान कृष्ण के अन्ययान विवाह, भगवान की दिनचर्या देखने नारद जी का द्वारका गमन, दत्तात्रेय के 24 गुरुओं की कथा, सुदामा चरित्र का वर्णन तथा अंत में श्री सुखदेव जी की विदाई का वर्णन किया जाएगा।

### भगवान महावीर का मनाया ज्ञान महोत्सव



महानगर संवाददाता

**फागी।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के जिनालयों मे वर्तमान शासन नायक, विश्व वंदनीय, अहिंसा धर्म के प्रणेता जैन धर्म के अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर का ज्ञान कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि भगवान महावीर का ज्ञान कल्याणक महोत्सव का जयकारों के साथ सामूहिक रूप से अर्घ्य अर्पित किया गया। संतरा झंडा एवं कमला कासलीवाल ने बताया कि भगवान महावीर को 12 वर्षो की कठोर तपस्या के बाद ऋजुमाला नदी के तट पर केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने अपने ज्ञान और सिद्धांतों को जन कल्याण के लिए प्रसारित किया था, जिससे लोगों को मोक्ष और मुक्ति का मार्ग दिखाया था। सोभाग सिंघल एवं महावीर मोदी ने कहा कि भगवान महावीर ने अनेकांतवाद का सिद्धांत दिया था।

## पूर्व सैनिकों ने कहा...किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार

### आम नागरिकों से पैनिक नहीं होने की अपील

### कलेक्टर रामावतार मीणा व एसपी शरद चौधरी के साथ बैठक में किया आश्वस्त



महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के पूर्व सैनिक संगठनों के बैनर तले पूर्व सैनिकगण प्रशासन व आम नागरिकों के सहयोग के लिए आगे आए हैं। बुधवार को पूर्व सैनिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्वेच्छा से जिला कलेक्टर रामावतार मीणा व एसपी शरद चौधरी के साथ बैठक कर अपने सुझाव दिए।

उन्होंने 1971 व 1965 व 1999 के करगिल युद्ध के अपने अनुभव प्रशासन के साथ साझा करते हुए कहा कि आमजन को किसी भी तरह से भयभीत होने की कतई आवश्यकता नहीं है। सेना हर तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए सक्षम है। पूर्व सैनिकगण भी समय-समय पर आम नागरिकों व प्रशासन की मदद करते रहेंगे। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी झुंझुनूं कर्नल अनिल कुमार पूनिया व सैनिक कल्याण अधिकारी चिड़ावा कर्नल सुरेश कुमार जांगिड़ के साथ पूर्व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मेजर जयराम, पूर्व सैनिक संघ उपाध्यक्ष कैलाश सूरा, महासचिव कै. अमरचंद खेदड़, पूर्व सैनिक सेवा परिषद अध्यक्ष सूबे. रामनिवास डूडी, चिड़ावा अध्यक्ष रामकिशन डारा, गौरव सेनानी शिक्षक संघ प्रदेशाध्यक्ष राजपाल फोगाट, बोदनराम चावला, रविंद्र धनखड़, पूर्व सैनिक संघ कैप्टन रामनिवास नेतड़, राजस्थान गौरव सेनानी शिक्षक संघ राजवीर चनाना, सूबे. शीशराम डांगी, हव. शिवकरण, सू.मे. महिपाल सिंह समेत अनेक पूर्व सैनिकगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

## वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में निकली शोभायात्रा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वरुण पथ मानसरोवर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को रत्न चौबीसी भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एम पी जैन ने बताया कि रत्न चौबीसी भगवान एवं नंदीश्वर दीप के 52 जिनालयों का 31 इंद्र-इंद्राणियों का समूह स्वर्ण पथ, नीलम पथ, पुखराज पथ एवं किरण पथ से होते मंदिर पहुंचा। राजेंद्र कासलीवाल ने अभिषेक और शांतिधारा की। प्रचार संयोजक जिनेश कुमार जैन ने बताया कि प्रतिष्ठाचार्य चीकू भैया के सानिध्य में इंद्रों ने श्रीजी को पांडू शिला पर विराजमान किया। इस मौके पर तीन छत्रों को लोकार्पण किया गया। पदम चंद, राजेश कुमार, पूरणमल, विमल चंद, संतोष कासलीवाल, मंजू कासलीवाल, अजीत बज, अंजू बज, मंजू छाबड़ा सहित अन्य पुर्ण्याजक रहे। संगठन मंत्री विनेश सोगानी, उप संगठन मंत्री मुकेश कासलीवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष कैलाश सेठी ने अतिथियों का सम्मान किया।

## श्री श्याम युवा मण्डल समिति का वार्षिकोत्सव कल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री श्याम युवा मण्डल समिति शास्त्रीनगर का 26वां वार्षिकोत्सव आरपीए रोड स्थित आनंदम जनोपयोगी भवन में 9 मई को शाम छह बजे भजन संध्या के साथ मनाया जाएगा।

संस्थापक पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया कि धारावाहिक रामायण, महाभारत सहित अनेक फिल्मों में तबला वादन कर चुके अशोक पाण्डेय, भजन गायक राजू बावरा, प्रमोद त्रिपाठी, रोहित शर्मा, नीलम सिंह यादव, अंजली शर्मा, कुमार नरेन्द्र, रमेश चौधरी, गिरिराज शरण, नवीन शर्मा, लोकेश शर्मा, कोमल शर्मा, मनोज शर्मा,राज राठौड़, हेमलता खण्डेलवाल, संजू शर्मा, मनोज सैन अपने सुमधुर भजनो की प्रस्तुति देंगे। श्याम प्रभु का मनमोहक दरबार सजाकर अखंड ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी।

## जेकेके में शास्त्रीय संगीत महोत्सव 'मधुरम' कल से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से शास्त्रीय संगीत महोत्सव 'मधुरम' का आयोजन 9-10 मई को किया जाएगा। दो दिवसीय संगीत महोत्सव में वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित कलाकार प्रस्तुति देंगे। महोत्सव के पहले दिन 9 मई को पं. हरिहरशरण भट्ट सितार वादन और डॉ. अंकित पारीक, समूह तबला कचहरी की प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन 10 मई को अकबर हुसैन तबला वादन व गिरेंद्र तलेगांवकर शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति से समां बांधेंगे।

यह प्रस्तुतियां रंगायन सभागार में सायं 6:30 बजे से 8:30 बजे तक होंगी और प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## जेकेके : रंगरीत कला महोत्सव में दिया प्राकृतिक रंग बनाने का डेमोंस्ट्रेशन




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में चल रहे 18 दिवसीय 'रंगरीत कला महोत्सव' के तहत बुधवार का दिन रंगों की रीति समझने और समझाने के नाम रहा। इस मौके पर जाने-माने चित्रकार गोविन्द रामदेव और वैदिक चित्रकार रामू रामदेव ने वहां मौजूद युवा कलाकारों और कला प्रेमियों के समक्ष पारंपरिक रंगों को बनाने की विधि और उनके उपयोग के तरीके का लाइव डेमोस्ट्रेशन दिया। रामदेव ब्रदर्स ने आयोजित कार्यशाला में पीपल की लाख से क्रीम सन यानि मलमली अनारदाना की छवि देने वाले रंग बनाने की विधि समझाई। उन्होंने आलता यानि महावर से सुर्ख लाल रंग सहित ऐसे ही अनेक प्राकृतिक रंग बनाने की विधि समझाई। उन्होंने कहा कि स्टोन कलर को केवल पीसना ही काफी नहीं होता, रंग को पीसने के बाद उसे छानने और नितारने के बाद ही वो उपयोग के योग्य होता है। उन्होंने इस प्रक्रिया का लाइव डेमोस्ट्रेशन भी दिया। समारोह संयोजक रामू रामदेव ने बताया कि समारोह के दौरान यहां आए 25 वरिष्ठ और युवा कलाकारों ने अपने अपने सृजन को पूर्ण करने में दिन बिताया।

गोविंददेवजी सहित सभी प्रमुख मंदिरों में मनाई एयर स्ट्राइक की खुशी

# लोगों ने लहराए तिरंगे, गूंजा भारत माता का जयघोष

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हलगाम हमले के 15 दिन बाद भारत के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में चल रहे 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की चर्चा बुधवार को हर जबान पर थी। सुबह नींद से उठने के बाद जैसे ही लोगों को एयर स्ट्राइक पता चला तो दिल को ठंडक मिली। आराध्य देव गोविंद देवजी, मोतीडूंगरी गणेशजी, ताड़केश्वर जी, खोले के हनुमानजी सहित प्रसिद्ध मंदिरों दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को जैसे ही आतंकी ठिकानों पर हुई कार्रवाई की खबर लगी मंदिर में भारत माता की जय के नारे गूंज उठे। , श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशी मनाई। श्रद्धालुओं ने कहा कि भारत का ये कदम पाकिस्तान सदियों याद रखेगा। गोविंद देवजी मंदिर में राजभोग झांकी के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने सीमा पर खड़े जवानों के लिए भगवान से प्रार्थना की है। वहीं महिलाओं ने कहा पीएम मोदी ने एक चुटकी सिंदूर की कीमत आज पाकिस्तान को बता दी। महेश भौमियां ने स्व रचित पंक्तियां आंतकियों के ठिकानों पर अब न रहा कोई ठिकाना, भारत ने ठान लिया है इसे जड़ से है मिटाना...सुनाकर खुशी प्रकट की।



### स्कूलों में बांटी मिठाई

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राजधानी के विद्यालयों में उत्सव का माहौल रहा। विद्यालय के संचालकों ने बच्चों को टॉफी और मिठाई वितरित की। मुरलीपुरा की संस्कृतति चिल्ड्रन अकेडमी में देशभक्ति से सराबोर वातावरण देखने को मिला। विद्यालय के सचिव आयुष शर्मा ने विद्यार्थियों और स्टाफ को मिठाई वितरित कर विजय का उल्लास साझा किया। विद्यालय प्रमुख अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों को युद्ध जैसी परिस्थितियों में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में बरती जानी वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ब्लैकआउट, अफवाहों से बचाव, सोशल मीडिया पर संयम और सहयोगी व्यवहार जैसे अहम विषयों पर बच्चों को जागरूक किया।

### बोले संत-महंत सही कार्रवाई

स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने कहा कि भारत ने देर आयद दुरस्त आयद वाला कदम उठाया है। पाकिस्तान वार्ता की टेबल पर आज तक नहीं माना। दुष्टता के साथ दुष्टता का व्यवहार ही उचित है। गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने कहा कि भगवान श्री गोविंद देश और सैनिकों की रक्षा करें, उन्हें शक्ति दें। पाकिस्तान के खिलाफ यह कार्रवाई बहुत जरुरी थी। शुक संप्रदाय की पीठ श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने कहा कि भगवान की कृपा से भारत विश्वगुरु होने के तरफ अपने कदम बढ़ा रहा है। देश नई ऊंचाई की ओर जा रहा है। कांवटियो का खुर्रा राजगंज बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर के महंत लोकेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को औकात दिखा दी। आज हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। जितने भी जवान बॉर्डर पर हैं भगवान सभी की रक्षा करें,सभी के सिंदूर की रक्षा करें।



### कार्यालयों में बांटी मिठाई

पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक को लेकर राजधानी में दिनभर जश्न का माहौल रहा। भाजपा के सांसद और विधायकों के कार्यालयों में जश्न मनाया गया। हालांकि सभी विधायक गुजरात में थे। इसलिए पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए बधाई दी। भारत माता के जयकारे लगाए गए।

बुद्ध पूर्णिमा पर गायत्री परिवार का गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान

# जयपुर में 11 हजार घरों में एक ही समय पर होगा हवन, तैयारियां जोरों पर





महानगर संवाददाता

जयपुर। ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने वाली भारतीय सेना के अदम्य साहस को नमन करने, देश के चारों ओर रक्षा कवच बनाने और समर्थ एवं सबल भारत के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से 12 मई बुद्ध पूर्णिमा को एक साथ एक समय में घर-घर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। पूरे देश में 24 लाख घरों में यज्ञ करवाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं राजस्थान में एक लाख और जयपुर में 11 हजार घरों में हवन करवाने का लक्ष्य है। आयोजन की जयपुर में तैयारी जोर शोर से चल रही है। सभी शक्तिपीठों पर हवन सामग्री के किट बनाकर वितरित किए जा रहे हैं। बुधवार को गणेश जी को निमंत्रण दिया गया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में पोस्टर का विमोचन किया गया। मंदिरों के बाहर आयोजन की प्रचार सामग्री का वितरण किया जा रहा है। राष्ट्र पर मंडराए संकटों के निवारण, सभी की सुख-शांति-समृद्धि और पर्यावरण संवर्द्धन के लिए हो रहे इस महा प्रयोग में अनेक संस्थाएं सहभागी होंगी। गायत्री परिवार के सदस्य अलग-अलग घरों में जाकर गायत्री महायज्ञ संपन्न कराएंगे। बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन यज्ञ करेंगे। लोगों को रक्तदान-अंगदान का संकल्प कराया जाएगा। लोगों को गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित पुस्तकें ज्ञान प्रसाद के रूप में निशुल्क भेंट की जाएंगी।

जयपुर जिले में 11 हजार घरों में गायत्री महायज्ञ करवाने के लिए अनेक टोलियां गठित की गईं हैं। इस संबंध में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी और किरण पथ मानसरोवर में दो बैठकें हो चुकी है। अंतिम बैठक शनिवार को होगी। गायत्री परिवार के सभी शक्तिपीठ, चेतना केन्द्र, प्रज्ञा मंडल, युवा मंडल, महिला मंडल , नव चेतना विस्तार केन्द्र, गायत्री प्रज्ञा पीठों से जुड़े सक्रिय परिजनों को यज्ञ करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आचार्य गण संपूर्ण विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराएंगे। नए परिवारों में घर-घर यज्ञ कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कई मंदिरों में भी सामूहिक रूप से यज्ञ होगा। धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को भी गृहे-गृहे यज्ञ अभियान से जोड़ा जा रहा है।

घरों के अलावा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, मंदिरों और कॉलोनियां में यज्ञ कराया जाएगा। लोग स्वयं यज्ञ को कर सकेंगे। इसके लिए लिंक भेजा जाएगा। यज्ञ के प्रशिक्षण के लिए यूट्यूब, इंटरनेट, सोशल मीडिया में इसका वीडियो अपलोड किए गए हैं। यज्ञ सामग्री स्थानीय शक्ति पीठ, प्रज्ञा पीठ और प्रज्ञा मंडलों के माध्यम निशुल्क वितरित की जा रही है।

### सामूहिक अनुष्ठान से होता है वातावरण निर्माण

गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि आज देश बारुद के ढेर पर बैठा है। चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका घात लगाए बैठे हैं। सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। प्राचीन काल में देश पर जब भी कोई संकट आते थे तो आश्रमों के ऋषि-मुनि संकट के निवारण के लिए विशेष अनुष्ठान करते थे। सामूहिक रूप से किए गए अनुष्ठान से एक वातावरण का निर्माण होता है जो नागरिकों के आत्म विश्वास और सैनिकों के शौर्य में वृद्धि करता है। वैश्विक सुख-शांति और प्रगति, विश्व में एकता, समता, ममता का वातावरण निर्मित करने के लिए विराट वैश्विक यज्ञीय प्रयोग बीते कई वर्षों से गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस वर्ष भी गायत्री परिवार बुद्ध पूर्णिमा को यज्ञ दिवस के रूप में मनाएगा। इस अवसर पर देश-विदेश में लाखों घरों में एक साथ गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ किया जाएगा।

# राशि परिवर्तनः राहु 18 साल बाद 18 को कुंभ राशि में करेंगे गोचर



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मायावी और छाया ग्रह राहु 18 साल बाद 18 मई को कुंभ राशि में गोचर करने जा रहे हैं। राहु किसी के जीवन में अचानक परिवर्तन ला सकता है। यह ग्रह रंक से राजा और राजा से रंक बना सकता है, यानी राहु व्यक्ति की किस्मत को पल भर में बदल सकता है।

18 मई को राहु का शनि की मित्र राशि कुंभ में प्रवेश बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि शनि और राहु के बीच अच्छे संबंध हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि राहु का कुंभ राशि में गोचर मेष, धनु सहित 5 राशियों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा। इन राशियों के जातकों को राहु द्वारा धन-संपत्ति, करियर में उन्नति और जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। इन राशियों को अचानक धन लाभ होगा और उनका करियर भी नए मुकाम तक पहुंचेगा। यह समय उनके लिए शानदार रहेगा, क्योंकि राहु की कृपा से उनकी मेहनत और प्रयासों का फल मिलेगा। इस गोचर से इन राशियों की किस्मत चमकेगी और वे अपने जीवन में नई सफलता की ओर बढ़ेंगे।

### चार राशियों पर मेहरबान रहेंगे राहु

**मेष राशिः** राहु का गोचर मेष राशि के 11वें भाव में होने जा रहा है, जो आपके लिए बहुत ही लाभकारी साबित होने वाला है। इस दौरान नौकरीपेशा जातकों को अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफलता मिलेगी। इसके साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आपकी आय में भी बढ़ोतरी होगी। यह समय आपके सामाजिक दायरे को बढ़ाने का भी रहेगा, जिससे आप नए लोगों से जुड़ेंगे और उनके साथ रिश्ते मजबूत करेंगे। इस दौरान आप अपने परिवार से ज्यादा बाहर समय बिताना पसंद करेंगे, खासकर अपने दोस्तों और करीबी रिश्तेदारों के साथ। आपके दिल की सारी इच्छाएं भी पूरी हो सकती हैं, और आपकी लव लाइफ में भी सकारात्मक बदलाव आएंगे।

**मिथुन राशिः** राहु का गोचर मिथुन राशि के 9वें भाव में होगा, जो आपके लिए एक महत्वपूर्ण समय रहेगा। इस गोचर के दौरान आपको कुछ धार्मिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं, जो आपके लिए अच्छे अनुभव लेकर आएंगी। इस समय आपके कई बिगड़े हुए काम भी बनेंगे और आपको वाहन सुख मिल सकता है। हालांकि, आपको इस दौरान धैर्य बनाए रखना होगा क्योंकि राहु के प्रभाव से कुछ कार्यों में देरी हो सकती है। करियर में आ रही जो कठिनाइयां पिछले समय से आ रही थीं, वे अब समाप्त हो जाएंगी। लेकिन सफलता पाने के लिए आपको सतर्क रहकर अपनी कार्यशैली में सुधार करना होगा। यह समय आपके लिए सकारात्मक बदलावों का संकेत दे रहा है, इसलिए धैर्य रखकर काम करें।

**धनु राशिः** धनु राशिः राहु का गोचर धनु राशि के तीसरे भाव में होने जा रहा है, जो आपके लिए गोल्डन पीरियड साबित हो सकता है। तीसरा भाव संचार, मित्रों और अवसरों से जुड़ा होता है, और राहु इस स्थान पर आपके लिए कई नए अवसरों के द्वार खोलेगा। इस दौरान आपको अपने काम में सफलता मिलेगी और आपको पदोन्नति के अच्छे अवसर मिलेंगे। आपकी सामाजिक स्थिति में भी वृद्धि होगी, और आप अपने दोस्त और करीबी रिश्तों से घिरे रहेंगे। इस समय आपके दोस्तों से रिश्ते मजबूत होंगे, और आप उनके साथ अधिक समय बिताएंगे। हालांकि, यह समय कुछ सहकर्मियों से सावधान रहने का भी है, क्योंकि कुछ लोग आपकी मेहनत से जल सकते हैं और गलतफहमियां पैदा कर सकते हैं।

**मकर राशिः** राहु का गोचर मकर राशि के दूसरे भाव में हो रहा है, जो आपके संवाद कौशल को प्रभावित करेगा। दूसरे भाव का संबंध वित्त, बोल-चाल और व्यक्ति गत संपत्ति से है, और इस दौरान आपके शब्दों से लोग प्रभावित होंगे। इस समय आपकी बातचीत से लोग प्रेरित होंगे और आपके कार्यस्थल पर आपकी छवि मजबूत होगी। आप अपनी कार्यशैली से दूसरों को प्रभावित करेंगे और इस समय आपके प्रयासों को सफलता मिलेगी। हालांकि, राहु की आठवीं दृष्टि आपकी सेहत पर प्रभाव डाल सकती है, इसलिए आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा।

## जेकेके जूनियर समर कैंप 16 मई से, 18 विधाओं में मिलेगा प्रशिक्षण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की ओर से प्रत्येक वर्ष होने वाले जूनियर समर कैम्प का आयोजन इस बार 16 मई से 20 जून तक किया जा रहा है। इसमें अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चे भाग लेकर अपनी रचनात्मकता को नया आयाम दे सकेंगे। कैम्प में विशेषज्ञों द्वारा 18 कलात्मक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप के लिए आवेदन पूर्णतः ऑनलाइन कर दिए गए हैं जो कि 8 मई को सुबह 11 बजे से प्रारंभ होंगे और 12 मई को दोपहर 3 बजे तक जारी रहेंगे। लिंक के माध्यम से विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, पंजीयन शुल्क भुगतान और दस्तावेज भी यहीं पर अपलोड किए जा सकेंगे। कैंप में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। नाट्य कला प्रशिक्षण कक्षाएं 16 मई से 20 जून तक सुबह 8 से 11 बजे तक लगाई जाएंगी। 1500 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क के साथ 8 से 17 वर्ष के बच्चे इसमें हिस्सा ले सकेंगे। 20 मई से 10 जून के लिए शाम 4 से शाम 6 बजे तक कठपुतली मेकिंग एवं संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 1000 रुपए जमा कराकर 11 से 17 वर्ष के उम्मीदवार इसमें शामिल हो सकेंगे। संगीत एवं नृत्य विधा के अंतर्गत गायन, बांसुरी, तबला, सिंथेसाइजर/पियानो, राजस्थानी लोक नृत्य (घूमर, चरी और तेरहताली), कथक नृत्य में प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। 16 मई से 20 जून के लिए सुबह 8 से 11 बजे तक इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। कंटेम्परारी डांस की कक्षाएं शाम 4 से 6 बजे तक चलेगी। 1500 रुपए जमा कराकर 8 से 17 वर्ष तक के बच्चे इसमें भाग ले सकते हैं। कैंप में दृश्य कला का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। 16 मई से 10 जून तक 10 से 16 वर्ष के बच्चे फड़ चित्रण और फोटोग्राफी के लिए व 12 से 16 वर्ष के बच्चे प्रिंट मेकिंग और पोट्रेट मेकिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। इनकी कक्षाएं सुबह 8 से 11 बजे तक होंगी।

## नीरज उधवानी के परिजन बोले थोड़ी राहत तो मिली

महानगर संवाददाता

जयपुर। पहलगाम आंतकी हमले में जान गंवाने वाले जयपुर के नीरज उधवानी के परिजनों ने एयर स्ट्राइक पर कहा 'ऑपरेशन सिंदूर' से थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन जो चला गया, वो वापस नहीं आएगा। बस अब यही उम्मीद है कि ऐसे हमले फिर न हों। नीरज के बड़े भाई किशोर उधवानी ने कहा कि हमारा भाई अब हमारे साथ नहीं है, और ये बात हमें हर पल तोड़ती है। हमले का जवाब देने से मेरा भाई, मेरी मां का बेटा वापस तो आ नहीं सकता। फिर भी पाकिस्तान को जवाब देना जरुरी था।

महिला उद्यमिता पर चर्चा | बिजनेस विमेन और ब्रांड एम्बेसडर आंचल पुरी बिजनेस मंत्र साझा किए

# बीएफसी टॉक शो में किया 51 हस्तियों का सम्मान

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** होटल ग्रांड सफारी में बी.एफ.सी. फेस्टिवल का आयोजन किया गया। बीएफसी टॉक शो में महिला उद्यमिता पर चर्चा हुई और 51 हस्तियों का सम्मान किया गया।

बिजनेस विमेन और ब्रांड एम्बेसडर आंचल पुरी बिजनेस मंत्र साझा किए। बेटी फाउंडेशन के फाउंडर राहुल शर्मा और राज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में होटल ग्रांड सफारी के डायरेक्टर पवन गोयल, एसजीएम आउटडोर के डायरेक्टर जे.डी. माहेश्वरी, फिल्म निर्माता अमित बोकाड़िया, करण प्रोडक्शन हाउस के सीईओ अंकेश माथुर, वैश्वी मल्टीवेंचर्स के एमडी अमन वर्मा, रुद्रांश प्रॉपर्टी के डायरेक्टर अंकुश शर्मा, रेल लाओ संघर्ष समिति टोंक के अध्यक्ष अकबर खान, भिंडा रियल स्टेट के डायरेक्टर नंदकिशोर भिंडा, आर्यन कॉलोनाइजर दूदू के डायरेक्टर हनीफ शेख, फिल्म प्रोड्यूसर महावीर बोकाडिया ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एक्टर मोहित दुबे, राहुल कपूर, सुनीता मीना, ममता जायसवाल, पूजा शर्मा, प्रियंका मीना, शनाया शर्मा, अर्चना यादव, संजीव चंद्रावत, संदीप पालीवाल, योगेश खण्डेलवाल, अंकित गर्ग, सपना फुटेला मौजूद रहे।

इस अवसर पर मास्टरशेफ अरुण चौहान, मॉडल करिश्मा सिकरवार, शहनाज़ बानो, औरा वीरमानी, अंजू यादव, सोनू अग्रवाल, शहनाज़ शेख, नीलम त्यागी, अंबिका माथुर, तमन्ना शेखावत, फोटोग्राफर सुहान खान, रक्षित सारस्वत, अभय नागि, एडवोकेट शिव जोशी, नेहा शर्मा, प्रीति चौधरी, नीरजा चौधरी, मेघा नायिवाल, पिया चंदेल, सोनल शर्मा, प्रिया राठौर, आसमा खान, सुमन बयाडवाल, शैलजा बंसल, पत्रकार साबिर कुरैशी, दीपक सोनी, रामनिवास चौधरी, ब्रिजमोहन शर्मा, किशोर गीथाला, अनीता शर्मा, मीनाक्षी जैन, दीपा शर्मा, अर्पित दधीच, करण परिहार, शुभम खण्डेलवाल, मेहुल माथुर, सपना जैन, प्रियंका गोयल सहित 51 हस्तियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान पर रहीं।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# ऑपरेशन सिंदूर से बेदम पाकिस्तान

## भारतीय शूरवीरों ने एक साथ लिया 6 आतंकी हमलों का बदला

**भारत** के शूरवीर जवानों ने पहलगाम आतंकी हमले के ठीक 15 वें दिन अपने आक्रोश का बदला ले ही लिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइलों से हमले करके 90 से ज्यादा आतंकियों को ढेर कर दिया। पाकिस्तान पिछले कई दशकों से भारत में आतंकवाद फैलाता रहा है, जिसमें अब तक बड़ी संख्या में निर्दोष लोगों की जान गई है। सरकार ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक वीडियो दिखाया, जिसके जरिए बताया गया कि इस कार्रवाई के जरिए संसद हमले से लेकर पहलगाम तक छह हमलों का बदला लिया गया है। समूचे देशवासियों को वह वीडियो दिखाया गया, जिसमें 2001 में हुए संसद हमले, 2002 में अक्षरधाम मंदिर हमला, 2008 में हुआ मुंबई हमला, 2016 का उरी हमला, 2019 का पुलवामा हमला और 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले की क्लिप थी। पिछले एक दशक में पाकिस्तान की ओर से हुए आतंकी हमलों में साढ़े तीन सौ से ज्यादा नागरिकों की जान चली गई, जबकि 800 से अधिक लोग घायल हुए। 600 से ज्यादा जवान भी शहीद हुए। वहीं, 1400 के करीब भारतीय सुरक्षाबल के जवान पाकिस्तान की ओर से हुए आतंकी हमलों में घायल हुए हैं। वीडियो में इतनी जानकारी देने के बाद बताया गया कि अब और नहीं। फिर स्क्रीन पर 'ऑपरेशन सिंदूर' लिखकर सामने आया। इससे साफ है कि भारत ने पिछले दो-ढाई दशक में हुए छह आतंकी हमलों का बदला एक साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के जरिए से ले लिया। भारत की सटीक मारक क्षमता का अहसास इसी बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख अड्डे मरकज सुब्हान अल्लाह पर भारतीय सेना द्वारा किए गए स्ट्राइक में आतंकी सरगना मसूद अजहर की पत्नी, बेटा और बड़ी बहन सहित उसके पूरे परिवार के 10 लोगों समेत वहां कुल 14 लोगों को पलभर में ही ढेर कर दिया गया। इस हमले में मसूद की बड़ी बहन, बहनोई और चार करीबी गुर्गे के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। इसके साथ ही दहशतगर्दी के जिन सरपरस्तों को मौत की नींद सुलाया है उनमें मौलाना काशिफ, उसका परिवार, मौलाना अब्दुल रऊफ की बड़ी बेटी, पोते और चार बच्चे शामिल हैं। इस हमले में परिवार के खात्मे के बाद मसूद अजहर काफी परेशान है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उसने कहा- अच्छा होता कि मैं भी मर जाता। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि पहलगाम का जो दंश मौत के इन सौदागरों ने भारतवासियों को दिया उसका कितना दर्द हुआ होगा! यहां यह ध्यान में रहना चाहिए कि, ऑपरेशन सिंदूर का मुख्य लक्ष्य जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और लश्कर-ए-तोएबा के जिहादी ढांचों को तबाह करना था, जो पिछले तीन दशकों में भारतीय धरती पर बड़े हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी संगठन हैं। पाकिस्तान का 12वां सबसे बड़ा शहर जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का घर है। लाहौर से लगभग 400 किमी दूर स्थित, यह जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह परिसर में समूह के संचालन का आधार है, जिसे उस्मान-ओ-अली परिसर के रूप में भी जाना जाता है। जामिया मस्जिद भारत द्वारा टारगेट किए गए ठिकानों में से एक था। कहा जाता है कि यह परिसर 18 एकड़ में फैला हुआ है और यह आतंकियों की भर्ती और विचारधारा के लिए जैश के केंद्र के रूप में कार्य करता है। जैश संस्थापक मौलाना मसूद अजहर का जन्म बहावलपुर में हुआ था और वह वहां एक भारी सुरक्षा वाले परिसर में रहता है। जैश-ए-मोहम्मद पर आधिकारिक तौर पर 2002 में प्रतिबंध लगा दिया गया था, लेकिन दंडात्मक उपाय केवल कागजों पर ही लागू किया गया था, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद को अपने शिविर चलाने की पूरी आजादी दी गई थी। जिस तरह से यह आतंक की फैक्ट्री चला रहा था उसकी पूरी खबर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के पास मौजूद थी। पाकिस्तान के सैन्यबलों के तमाम सुरक्षा इंतजामों को धता बताकर जिस तरह से भारत ने कई सौ किमी दूर से आतंकियों के सुरक्षा कवच को भेदा उसने आतंक के सरपरस्त पाक हुकमरानों का मानसिक संतुलन गडबड़ा दिया है। इन बड़बोले नेताओं को एयर स्ट्राइक के कई घंटों बाद तक पूरी तरह होश नहीं आया। भारत सरकार को लगातार गीदड़ भभकियां दे रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री समेत अन्य मंत्रियों की इस जवाबी हमले के बाद किस तरह बोलती बंद हो गई ये पूरी दुनिया ने देख लिया है। इस पहले काउंटर अटैक के बाद पाकिस्तान के नेताओं के होश ठिकाने आ गए। कल तक परमाणु बम इस्तेमाल करने की शेखी बघार रहे पाकिस्तान के रक्षा मंत्री आसिफ सबसे पहले मिमियाते हुए बातचीत करने की मिन्नतें करते नजर आए। दरअसल यह सब भारत की दृढ़ संकल्पशक्ति का ही परिणाम है कि एक झटके में पाकिस्तान की हेकड़ी निकल गई। हमारी सामरिक क्षमता के सामने पाकिस्तान कहीं नहीं टिकता है, वह सिर्फ गाल बजाकर ही एक छद्म माहौल बना रहा था। थल-नभ और जल सेना में सुदृढ़ आधार होने के साथ ही भारत के पास दुनिया का जोरदार कूटनीतिक समर्थन है इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इतना ही नहीं जबर्दस्त कंगाली झेल रहे पाकिस्तान की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था दमदार और मजबूत है। इन सबके साथ-साथ देश की जनता का सरकार को अभूतपूर्व समर्थन है। वस्तुतः भारत पाकिस्तान से सैन्य ताकत के हिसाब से चार गुना और आर्थिक ताकत के हिसाब से दस गुने से भी अधिक मजबूत है। ऐसे में युद्ध होने पर भारत तो युद्ध का भारी खर्च को वहन करने की स्थिति में होगा, पर पाकिस्तान रसातल में डूब जाएगा। गौरतलब है कि सरकार ने पाकिस्तान के साथ व्यापार रोकने, उसके उच्चायोग के अधिकारियों को निकालने, सार्क वीजा रियायत योजना के तहत पाक नागरिकों का वीजा निरस्त करने और सिंधु जल संधि स्थगित करने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाकर पहले ही उसकी कमर तोड़ दी थी। पीएम नरेन्द्र मोदी के आक्रामक तेवरों को इसी बात से समझा जा सकता है कि सिंधु जल संधि को 1965, 1971 और कारगिल के समय भी स्थगित नहीं किया गया था। लेकिन इस बार आर-पार करने के लिए पीएम मोदी ने जो दृढ़ प्रतिज्ञा की उसकी समूचा देश मुक्तकंठ से प्रशंसा कर रहा है।



**भारत ने पिछले दो-ढाई दशक में हुए छह आतंकी हमलों का बदला एक साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के जरिए से ले लिया। इस हमले में मसूद की बड़ी बहन, बहनोई और चार करीबी गुर्गे मारे गए हैं। इसके साथ ही दहशतगर्दी के जिन सरपरस्तों को मौत की नींद सुलाया है उनमें मौलाना काशिफ, उसका परिवार, मौलाना अब्दुल रऊफ की बड़ी बेटी, पोते और चार बच्चे शामिल हैं। पाकिस्तान के सैन्यबलों के तमाम सुरक्षा इंतजामों को धता बताकर जिस तरह से भारत ने कई सौ किमी दूर से आतंकियों के सुरक्षा कवच को भेदा उसने आतंक के सरपरस्त पाक हुकमरानों का मानसिक संतुलन गडबड़ा दिया है। इन बड़बोले नेताओं को एयर स्ट्राइक के कई घंटों बाद तक पूरी तरह होश नहीं आया।**

# तो क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रतिरक्षात्मक मायने को समझ पाएगी 'आतंकी दुनिया' या फिर...!




**कमलेश पांडे**

पहलगाम 'सांप्रदायिक' आतंकी हमले के बाद भारत ने अपने पड़ोसी शत्रु देश पाकिस्तान के ऊपर आरोप लगाते हुए वहां स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर अपने इंडियन आर्मी के तीनों धड़ों के एक संयुक्त अभियान के मार्फत जो ताबड़तोड़ एयर स्ट्राइक किए हैं, वह भारतीय स्वाभिमान की रक्षा की दिशा में उठाया हुआ एक उचित कदम है। उम्मीद है कि मोदी सरकार अब इस सिलसिले को थमने नहीं देगी, खासकर तबतक जबतक कि आतंकियों का समूल रूप से नाश नहीं हो जाए। सूत्रों के अनुसार खबर आ रही है कि पीएम आवास से पीएम मोदी पूरा ऑपरेशन देख रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी की नजर थी।

**ताजा सैन्य कार्रवाई की खास बात यह है कि भारतीय सेना ने सिर्फ पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है और वहां के किसी भी सरकारी बिल्डिंग या फिर पाकिस्तान के किसी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया है, जो भारत की शांतिप्रियता और आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति को दर्शाता है।**

वहीं, एहतियाती तौर पर भारत सरकार ने अपने देश को इंडियन एयरफोर्स के सहारे हाई अलर्ट मोड पर रखे हुए है, ताकि पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का जवाब दिया जा सके। हमारा स्पष्ट मानना है कि भारत के इस पलटवार के प्रतिरक्षात्मक मायने को न केवल पाकिस्तान, पूर्वी पाकिस्तान यानी बंगलादेश और चीन को समझना चाहिए, बल्कि वर्ल्ड इस्लामिक काउंसिल (ओआईसी) और उनके आका पश्चिमी देशों को भी यह समझना चाहिए कि भारतीय जनभावनाओं की शांति के लिए ऐसा निर्णायक कदम उठाना भारत सरकार के लिए कितना जरूरी था।

......और हां, इंडियन आर्मी या एयरफोर्स या नेवी ने या फिर उनकी संयुक्त कमान ने पाकिस्तान की सरजमीं पर घुसकर ऐसा निर्णायक प्रहार कोई पहली बार नहीं किया है, बल्कि उरी आतंकी हमले और पुलवामा आतंकी हमले के बाद भी भारतीय सेनाएं ऐसा कर चुकी हैं। इससे उम्मीद बंधती है कि भारतीय सेना उचित समय पर पाकिस्तान का सही इलाज करना जानती है और उसकी राह में कोई भी अंतरराष्ट्रीय दबाव काम नहीं आता है। इसबार भी लगभग यही नजर आया।

ताजा सैन्य कार्रवाई की खास बात यह है कि भारतीय सेना ने सिर्फ पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है और वहां के किसी भी सरकारी बिल्डिंग या फिर पाकिस्तान के किसी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया है, जो भारत की शांतिप्रियता और आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति को दर्शाता है। चूंकि भारत ने एक बार फिर से पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर जोरदार एयर और मिलिट्री स्ट्राइक की है, जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम दिया गया है। लिहाजा इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मायने भी स्पष्ट हैं।

बता दें कि भारतीय संस्कृति में सिंदूर का विशेष महत्व है और इसकी लाज रखने के लिए भारतीय शूरवीरों और उनकी पटरानियों ने या फिर आम आदमी ने भी एक बार नहीं बल्कि बार-बार निर्णायक कदम उठाए हैं। जिनका पूरा वृत्तांत हमारी लोकगाथाओं में दर्ज है। समझा जाता है कि हिंदूवादी भारत सरकार ने उनसे प्रेरणा ली और करारा कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकिचाई। वैसे तो आजाद भारत में 1947 से शुरू हुए सांप्रदायिक दंगों और आतंकी या फिदायीन हमलों में अपना सुहाग यानी सिंदूर गंवाने वाली महिलाओं की संख्या अब लाखों में पहुंच चुकी है। इस लिहाज से बदला लेने की जो निर्णायक कार्रवाई अब शुरू की गई है, वह थमनी नहीं चाहिए। यही देशवासियों की अपेक्षा है।

बताया जाता है कि इस ताजातरीन 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर जो स्ट्राइक की गई है, उसकी सबसे पहले जानकारी रक्षा मंत्रालय ने ही दी है, जिसमें बताया गया है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है। इस क्रम में वहां के किसी भी सरकारी बिल्डिंग या फिर पाकिस्तान के किसी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया है। बल्कि भारतीय सेना ने स्पष्ट कहा है कि हमने पहले भी ऐलान किया था कि पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा और अब हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं। इससे हम समझ सकते हैं कि यहां देर आयद, दुरुस्त आयद की कहावत एक बार फिर से चरितार्थ की गई है।

बकौल रक्षा मंत्रालय,'कुल मिलाकर, 9 स्थानों को निशाना बनाया गया है। हमारी कार्रवाई केंद्रित, मापी गई और प्रकृति में गैर-उग्र रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम दिखाया है। ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं जिसमें 25 भारतीयों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।' विश्वस्त अधिकारियों के अनुसार, भारतीय सेना द्वारा सफलतापूर्वक निशाना बनाए गए 9 ठिकानों में से चार पाकिस्तान में और पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हैं। पाकिस्तान में स्थित ठिकानों में बहावलपुर, मुरीदके और सियालकोट शामिल हैं। जहां पर मौजूद आतंकी शिविरों को निशाना बनाने के लिए विशेष सटीक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। तीनों सेनाओं ने संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। वहीं, रक्षा विशेषज्ञ प्रफुल बख्शी ने कहा है कि, 'भारत ने ऐसा किया है। नौ जगहों को निशाना बनाया गया है। यह हवाई और तोपखाने से किया गया मिलाजुला हमला है। पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करेगा और वे भी कहानियां बनाना शुरू कर देंगे। हमें एक बात याद रखनी चाहिए- पीओके पर कब्जा करने के लिए हमला ही एकमात्र उपाय नहीं है, हमें धीरे-धीरे इस पर कब्जा करना शुरू करना होगा। पीओके हमारा है और हम इसे लेंगे।' उधर, पाकिस्तान की सेना ने भी भारत की एयर स्ट्राइक को स्वीकार कर लिया है। उसने कहा है कि इस एयर स्ट्राइक में आठ लोगों की मौत हुई जबकि 33 लोग घायल हैं। पाकिस्तान के 6 ठिकानों पर 24 मिसाइल अटैक हुए हैं। हालांकि आपको स्पष्ट कर दें कि भारतीय सेना ने कहा है कि यह सभी ठिकाने आतंकियों के थे और उनको ही नुकसान पहुंचाया गया है। जहां बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई है। यहां पर जैश ए मोहम्मद का मुख्यालय है। वहीं मुरीदके में लश्कर के ठिकानों को निशाना बनाया गया है। वहीं, श्रीनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने बताया है कि आज एयरफील्ड को बंद कर दिया गया है। वहीं कोई भी सिविल फ्लाइट श्रीनगर एयरपोर्ट से ऑपरेट नहीं होगी।

वहीं, भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे सीसीएस की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए और पूरे ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी ली। इससे पहले भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक के बाद सुबह 10 बजे सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। जिसमें बताया गया है कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू कर दिया है।

उधर, पाकिस्तान में 48 घंटे के लिए लाहौर और सियालकोट एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। पाक ने माना है कि पांच ठिकानों पर हमले किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार भारतीय सेना ने रात करीब 1:30 बजे एयर स्ट्राइक की है और 1:44 पर इसकी जानकारी देशवासियों को दी गई है। उधर, पाकिस्तान में मस्जिदों से नागरिकों को घरों के अंदर रहने की चेतावनी दी गई है। ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान डरा हुआ है।

भारत की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर में आतंकी शिविरों पर हमला करने के कुछ घंटों बाद पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन कियाा, जिसका सेना ने उचित जवाब दिया है। भारतीय सेना ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'पाकिस्तान ने पुंछ-राजौरी क्षेत्र के भीमबेर गली में तोपखाने से गोलीबारी करके एक बार फिर संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया है। भारतीय सेना उचित तरीके से जवाब दे रही है।' वहीं, रक्षा अधिकारी का बयान आया है कि 'किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारत-पाकिस्तान सीमा पर सभी वायु रक्षा इकाइयों को सक्रिय कर दिया गया है।' जो सही और सटीक रणनीति का तकाजा है। अब भारत ने भी अपने आक्रामक इरादे से दुनिया को बता दिया है कि वह किसी परमाणु बम से डरने वाला नहीं है और किसी भी भारतीय पर हमला करने और करवाने का अंजाम और भी ज्यादा बुरा हो सकता है। भारत की गुटनिरपेक्षता स्वावलंबी है और भारत के दुश्मनों को घुटनों के बल खड़ा करने में सक्षम भी। लोग चाहते हैं कि आतंकवाद और उसके सहयोगी हाथ-नक्सलवाद और अंडरवर्ल्ड का जल्द से जल्द रणनीतिपूर्वक खात्मा किया जाए, ताकि देशवासी निर्भीकतापूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें।

उधर, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का आह्वान किया है। वहीं, रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि, 'यह शर्मनाक है। हमने ओवल के दरवाजे से अंदर जाते वक्त इसके बारे में सुना। मुझे लगता है कि लोगों को अतीत के आधार पर पता था कि कुछ होने वाला है। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं। अगर आप इसके बारे में सोचें तो वे कई दशकों और सदियों से लड़ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाएगा।' वहीं, ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी कांग्रेस सदस्य थानेदार ने कहा है कि, 'युद्ध कभी समाधान नहीं होता, लेकिन जब इस तरह की आतंकवादी घटनाएं होती हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि आतंकवादियों को ढूंढा जाए, उन्हें दंडित किया जाए। यह महत्वपूर्ण है कि आतंकवाद का समर्थन करने वाला कोई भी देश देखे कि ऐसी कार्रवाइयों के परिणाम होंगे और अमेरिका को शांतिपूर्ण देशों, लोकतंत्रों के पीछे खड़ा होना चाहिए। अमेरिका और भारत को दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए सहयोग करना चाहिए।'अमेरिका में भारतीय दूतावास ने कहा, 'भारत की कार्रवाई केंद्रित और सटीक रही है। वे जिम्मेदार और प्रकृति में गैर-उग्रवादी थे।

किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, आर्थिक या सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया। केवल आतंकी शिविरों को ही निशाना बनाया गया। हमलों के तुरंत बाद, एनएसए अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की और उन्हें की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।' वहीं, एएनआई ने बताया कि, 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई ठिकानों पर हमले भारतीय सेना और वायु सेना द्वारा सटीक हमला करने वाले हथियारों का इस्तेमाल करके एक संयुक्त अभियान था।'




## राशिफल

**आज दिनांक 8 मई, 2025, गुरुवार, विक्रम संवत् 2082, वैशाख माह, शुक्ल पक्ष एकादशी, उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र, विष्टि करण, हर्षण योग, राहुकाल: दोपहर 2:00 से 3.38 तक, सूर्योदय सुबह 5:53 बजे, सूर्यास्त सायं 6:53 बजे, चंद्रोदय दोपहर 2.27 बजे, चंद्रास्त सुबह 3:37 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:57 बजे से 12:49 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:16 से 5:04 बजे तक, चंद्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।**




सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की लोकप्रियता बढ़ेगी और कार्यक्षेत्र में प्रसिद्धि होगी। बॉस कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपका आत्मविश्वास काफी मजबूत रहेगा, जिससे आप किसी काम को आसानी से कर सकेंगे। आपका कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरा होने की संभावना है।




आज का दिन आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है। आपको कुछ उलझनें बनी रहेंगी। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आपका किसी बात को लेकर यदि मन परेशान था, तो वह भी आपकी समस्या माता जी की मदद से दूर होती दिख रही है।




आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपनी मेहनत से अच्छा मुकाम हासिल करेंगे और अपने गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना होगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप अपनी कीमती चीजों को संभालकर रखें। आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा।




आज का दिन आपको खर्चो पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपके खर्च बेवजह बढ़ेंगे, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगे। आप यदि किसी काम को करने में जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसमें आपसी कलह बड़ी हो सकती है।




आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और माताजी को आप कहीं धार्मिक यात्रा पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। दोस्तों के साथ किसी बात को लेकर टेंशन हो सकती है। आज का दिन भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है।




आपको अपने कामों में यदि कुछ कठिनाइयां आ रही थी, तब वह भी दूर होगी। आपको यदि कोई शारीरिक समस्या हो, तो उसको आप छोटा ना समझें। आपको अपने कामों को लेकर अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी, तभी वह सुलझती दिख रही हैं। आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है।




कार्यक्षेत्र में आपको किसी कार्य में समस्या आएगी, जिसे आपको पूरा करने में अपने जूनियर से मदद लेनी होगी। आप अपने कारोबार को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुछ नए लोगों से पार्टनरशिप कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।




आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से आपका मन खुश रहेगा। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपकी किसी बात को लेकर अपने भाइयों से खटपट होने की संभावना है।




आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर दूसरों पर डिपेंड ना रहें। पारिवारिक समस्याएं आज फिर से सिर उठाएंगी, जो आपको टेंशन दे सकती हैं। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। वाणी पर संयम बनाए रखें।




आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे परिवार में किसी पूजा-पाठ का आयोजन हो सकता है। आप धनसंकट को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी आसानी से पूरे होंगे।




आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। आध्यात्म के प्रति आपके काफी रुचि रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ समय व्यतीत करेंगे।




आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में आपको कोई बड़ी राहत मिलेगी। आपको कला और कौशल से कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप अपने व्यवसाय को लेकर योजना बनाकर चले, तो ही बेहतर रहेगा।

## किसके साथ कैसी बात करें

**प्रेरक प्रसंग**

**एक** गांव में दो भाई रहते थे, दोनों बहुत ही शरारती थे। गांव में जितनी भी ऊटपटांग हरकतें होती थीं, सबमें उन दोनों का ही हाथ होता था। दोनों की मां उनसे बहुत ज्यादा परेशान थी। उनकी शिकायत सुनते-सुनते उसके कान पक चुके थे। एक बार उस गांव में एक साधु आए। वह बहुत पहुंचे हुए साधु थे और उनके पास सारी समस्याओं का हल था। जब वे उस गांव में आए तो उस महिला ने सोचा कि क्या पता, मेरे टेढ़े बच्चों को ये ही सीधा कर दें। महिला बाबा के पास गई, उन्हें प्रणाम किया और उनको सारी बात बताई। बाबा ने कहा, 'बेटा तुम परेशान मत हो। कल तुम दोनों बालकों को मेरे पास भेज देना।' दूसरे दिन बच्चों की मां ने बहला-फुसलाकर दोनों भाइयों को बाबा के पास भेज दिया। एक बच्चा बाहर यह कहकर रुक गया कि भाई तू अंदर जा, कोई घबराने की बात होगी तो मैं तुझे बचा लूंगा। वह छिपकर बाहर से अंदर देखने लगा। दूसरा बच्चा अंदर गया, उसे बाबा ने अपने पास बुलाकर पूछा, 'बेटा तुम्हें पता है कि भगवान कहां है?' बच्चा कुछ नहीं बोला और अपना मुंह खुला करके बाबा को घूरने लगा। फिर दुबारा से बाबा ने अपने प्रश्न को दोहराया। दो-तीन बार बाबा को अपने प्रश्न का उत्तर न मिलने पर उन्हें थोड़ा क्रोध आ गया और वे बोले, 'मैं तुमसे इतनी देर से कुछ पूछ रहा हूं, बता क्यों नहीं रहे हो ?' तब बच्चा अचानक से चेतना में आया और बड़ी तेजी से वहां से भाग गया। घर जाकर दरवाजे के पीछे छिप गया। उसका भाई भी उसके पीछे-पीछे आया और उसे ढूंढकर उससे पूछा, 'क्या हुआ भाई ! बाबा ने तुझे मारा क्या?' तब बच्चा बोला, 'भाई कोई भगवान है, वह गुम गया है। ये लोग उसका इल्जाम भी हमारे ऊपर ही लगा रहे हैं।' उसकी बात सुनकर उसका भाई बेहोश हो गया। मतलब यह कि कभी-कभी बातों का अर्थ, सुनने वाले के लिए कुछ और ही हो जाता है। इसलिए अपनी बात को विस्तार से कहना चाहिए। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि हमें किसके साथ कैसी बात करनी चाहिए। मासूम बच्चे बड़े सयानों जैसी समझ नहीं रखते, यह बात हमें समझनी चाहिए।

## सुडोकु 2103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | | 6 | | | | | |
| | | 3 | | | | | 9 | |
| | | | | | 2 | 1 | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | 9 | | 2 |
| 2 | 7 | | | 3 | 5 | 4 | | |
| 7 | 6 | | | | | 5 | 8 | |
| | | 1 | 3 | 6 | | | | |
| | | | | 7 | | | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु 2102 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 5 | 7 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 4 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 7 | 5 | 9 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 |
| 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 4 | 7 |

# रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से किया संन्यास का ऐलान

**67** टेस्ट **4301** रन **12** शतक




## वनडे में खेलना जारी रखेंगे पूर्व कप्तान

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इससे अब सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चल रहीं अटकलों पर विराम लग गया है। रोहित ने भारत के लिए 2013 में टेस्ट डेब्यू किया। वे 2021 के दौरान प्लेइंग-11 में अपनी जगह पक्की कर सके और 2022 में उन्हें कप्तानी भी मिल गई। भारत के लिए 67 टेस्ट में 12 शतकों और 18 अर्धशतकों की मदद से 40.57 की औसत से 4301 रन बनाए, लेकिन घर से बाहर उनका औसत गिरकर 31.01 पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया में रोहित का औसत 24.38 और साउथ अफ्रीका में 16.63 का ही रहा। हालांकि इंग्लैंड में उन्होंने 44.66 की औसत से रन बनाए। वे पिछले दौरे पर ओपनिंग करते हुए शतक भी लगा चुके थे। रोहित के रिटायरमेंट के बाद अब यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल इंग्लैंड में ओपनिंग करते नजर आ सकते हैं।

### सोशल मीडिया पर किया संन्यास का ऐलान

रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान अपने सोशल मीडिया हैंडल से किया। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर अपनी टेस्ट कैप की तस्वीर साझा की और कैप्शन में लिखा- 'मैं आप सभी साथियों को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। इस प्रारूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं वनडे में भारत के लिए खेलना जारी रखूंगा।'

### रोहित टी20 से ले चुके संन्यास

भारत को टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जिताने के बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ इस प्रारूप से संन्यास का एलान कर दिया था। भारत ने यह खिताब दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपने नाम किया था। भारतीय टीम को दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के बाद दोनों दिग्गजों ने टी20 से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। अब 38 वर्षीय बल्लेबाज ने क्रिकेट से लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी है। अब वह सिर्फ वनडे में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे।

### इंग्लैंड सीरीज पर मिलेगा भारत को नया टेस्ट कप्तान

रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद यह साफ हो गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम को नया टेस्ट कप्तान मिलेगा। इस दौड़ में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। इस सीरीज की शुरुआत जून में होगी।

### खराब दौर से गुजर रहे थे रोहित

रोहित 2024-25 सीजन के दौरान खराब दौर से गुजरे। उन्होंने 15 मैचों में 10.83 के औसत से 164 रन बनाए। रोहित बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान खराब फॉर्म में थे। इसके बाद वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में अपने बेटे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। एडिलेड में हुए दूसरे टेस्ट के दौरान जब रोहित वापस आए तो उन्होंने ओपनिंग नहीं की और यशस्वी जायसवाल तथा केएल राहुल को पारी का आगाज करने भेजा। रोहित की अनुपस्थिति में पहले टेस्ट में यशस्वी और राहुल की जोड़ी ने 201 रनों की साझेदारी की थी।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर किया संघर्ष

रोहित छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन संघर्ष करते दिखे। ब्रिसबेन में खेले गए तीसरे टेस्ट में उन्होंने महज 10 रन बनाए। इसके बाद रोहित ने शीर्ष क्रम में वापसी की, लेकिन वहां भी असफल रहे और मेलबर्न टेस्ट में तीन और नौ रन बनाए। शुभमन गिल को चौथे टेस्ट से बाहर रखा गया था और फिर पांचवें टेस्ट के लिए रोहित की जगह गिल की वापसी हुई थी।

### 2022 में संभाली थी कमान

रोहित शर्मा को 2022 में टेस्ट प्रारूप का नियमित कप्तान बनाया गया था। तब से लेकर हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे तक वह क्रिकेट के सबले लंबे प्रारूप में टीम इंडिया के कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में भारत ने 24 टेस्ट खेले और इसमें से सिर्फ 12 टेस्ट में टीम इंडिया को जीत मिली। नौ टेस्ट में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। तीन टेस्ट ड्रॉ रहे।

## अन्तरराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल के 40 वर्ष पूर्ण, आज होगा पूजन समारोह

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित अन्तरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल के गुरुवार सुबह 11 बजे 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग एवं अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद डॉ. नीरज के पवन के मुख्य आतिथ्य में पूजन एवं संक्षिप्त समारोह का आयोजन रखा गया है। क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि यह तरणताल 8 मई 1985 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भैंरोसिंह शेखावत द्वारा शुरू किया गया था। उस समय समारोह की अध्यक्षता खेल मंत्री भंवरलाल शर्मा ने की थी। उन्होने बताया कि खेल परिषद ने तरणताल का निजी फर्म देवा स्वीमिंग इंस्टीट्यूट के साथ करार किया है, जिसके अनुसार फर्म द्वारा ही इसे संचालित किया जाएगा।

# चेन्नई ने बिगाड़ा कोलकाता का खेल

### दो विकेट से दी मात: ब्रेविस ने 52 रन, शिवम दुबे ने 45 रन बनाए नूर अहमद को 4 विकेट

महानगर संवाददाता



**कोलकाता।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के 57वें मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) पर 2 विकेट की रोमांचक जीत हासिल की है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब चेन्नई ने पावरप्ले में 5 विकेट गंवाने के बाद टारगेट चेज किया है। टीम ने 180 रन का टारगेट 19.4 ओवर में 8 विकेट पर हासिल कर लिया। कप्तान एमएस धोनी 17 रन बनाकर नाबाद लौटे। डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 बॉल पर 52 और शिवम दुबे ने 40 बॉल पर 45 रनों की पारी खेली। उर्विल पटेल ने 11 बॉल पर 31 रन बनाए। वैभव अरोड़ा ने 3 विकेट झटके। हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती को 2-2 विकेट मिले। इससे पूर्व ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 48 रन बनाए। आंद्रे रसेल ने 38 और मनीष पांडेय ने नाबाद 36 रन का योगदान दिया। नूर अहमद ने 4 विकेट झटके। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

### मैच के बाद पॉइंट्स टेबल का हाल

चेन्नई ने सीजन में तीसरा मैच जीता है। टीम के पास 12 मैच के बाद 6 अंक हैं। टीम सबसे निचले स्थान पर है। कोलकाता ने 12 में से 6 मैच गंवा दिए हैं। टीम के पास 11 अंक है। नाइटराइडर्स की टीम छठे नंबर पर है।

### कोलकाता की राह हुई मुश्किल

चेन्नई की इस जीत से कोलकाता की आगे की राह मुश्किल हो गई है। अब नाइटराइडर्स की टीम 15 अंक तक ही पहुंच सकेगी, यानी कि टीम को दूसरों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा।

### सेना के सम्मान में बजाया गया राष्ट्रगान

मैच शुरू होने से पहले पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर किए गए एयर स्ट्राइक को लेकर भारतीय सेना के सम्मान में राष्ट्रगान बजाया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के साथ स्टेडियम में उपस्थित सारे दर्शक राष्ट्रगान पर खड़े हुए। मालूम हो कि अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान ही राष्ट्रगान बजाया जाता है।

### बेहद कड़ी सुरक्षा

पाकिस्तान के आतंकी शिविरों पर की गई कार्रवाई को देखते हुए मैच के लिए सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई थी। स्टेडियम के अंदर-बाहर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। पुलिस के आला अधिकारी पल-पल की स्थिति की जानकारी ले रहे थे। स्टेडियम में प्रवेश से पहले प्रत्येक व्यक्ति की कई स्तरों पर जांच की गई।

## हार्दिक और पूरी टीम पर जुर्माना आशीष नेहरा भी लपेटे में

महानगर संवाददाता

**मुम्बई।** आईपीएल-2025 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या और पूरी टीम पर इस सीजन दूसरी बार जुर्माना लगा है। वहीं गुजरात टाइटंस के हेड कोच आशीष नेहरा पर भी मैच फीस का 25 प्रतिशत फाइन लगाया गया है। मंगलवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में गुजरात ने मुंबई को 3 विकेट से हरा दिया।

हार्दिक और उनकी टीम पर धीमी ओवरगति के लिए भारी जुर्माना लगाया गया है, जबकि नेहरा पर खेलभावना के विपरीत आचरण के लिए जुर्माना और डिमेरिट अंक लगाए गए हैं। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'यह आईपीएल आचार संहिता के तहत इस सत्र में उनकी टीम का धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था। हार्दिक पर 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है, जबकि मुंबई की बाकी टीम और सब्सटीट्यूट खिलाड़ियों पर छह लाख रुपए या उनकी मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है।

**नेहरा पर क्यों लगा जुर्माना?:** नेहरा की गलती के बारे में बताया नहीं गया, लेकिन बार-बार बारिश के कारण मैच रुकने के दौरान उन्हें आपा खोते देखा गया। वह मैदानी अंपायरों से भी बार बार बात कर रहे थे। आईपीएल ने कहा, 'गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के कारण एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया है। उन्होंने लेवल एक का अपराध किया है।

## मयंक ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जीते दो गोल्ड मेडल



**झुंझुनूं।** जिले के खेतड़ी तहसील के नालपुर निवासी मयंक चौधरी ने दिल्ली करणी सिंह शूटिंग रेंज में चल रही सातवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान और झुंझुनूं का नाम रोशन करते हुए दो गोल्ड मेडल जीते हैं। 10 मीटर एयर पिस्टल की एकल मुकाबले तथा इसी श्रेणी के डबल मुकाबले में प्राची के साथ मयंक चौधरी ने गोल्ड मेडल जीता है। मयंक चौधरी नालपुर निवासी अनूप कुमार और मीना देवी के पुत्र हैं।

# हर्षिता ने गोल्ड मेडल की लगाई हैट्रिक

### आदित्य जाखड़ ने जीता अपना दूसरा स्वर्ण पदक
### खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान ने 3 स्वर्ण सहित जीते कुल सात पदक

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। साइक्लिंग में हर्षिता जाखड़ ने स्वर्ण पदक जीत कर अपनी धाक कायम की। आदित्य जाखड़ ने अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीता, जबकि गत दिवस कांस्य पदक जीतने वाले सीताराम ने साइक्लिंग में बुधवार को स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा शूटिंग और तैराकी में भी राजस्थान ने पदक जीते।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने शानदार खेल का प्रदर्शन जारी रखते हुए साइक्लिंग में 2 किमी. व्यक्तिगत परस्यूट में स्वर्ण पदक जीत कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। वहीं आदित्य जाखड़ ने 200 मी. स्प्रिंट में गोल्ड मेडल जीता, जबकि गत दिवस उसने 1 किमी. टाइम ट्रायल रेस में स्वर्ण पदक जीता था।

इसी प्रकार गत दिवस कांस्य पदक जीतने वाले सीताराम ने ट्रैक साईक्लिंग की 3 किमी. व्यक्तिगत परस्यूट में स्वर्ण के साथ अपना दूसरा पदक जीता। इसी वर्ग में राजस्थान के ही महावीर ने कांस्य पदक जीता। उदवसिंह राठौड ने ट्रैप शूटिंग में और विधि शर्मा ने 10 मी. पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीते। चीफ डे मिशन रणविजय सिंह चम्पावत ने बताया कि तैराकी की 100 मी. फ्री स्टाइल स्पर्धा में कुनाल फौजदार ने कांस्य पदक जीता।

## ऑलराउंडर टेस्ट रैंकिंग: जडेजा टॉप पर, बॉलिंग में बुमराह की बादशाहत

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाड़ी मेहदी हसन मिराज जिम्बाब्वे के खिलाफ हालिया टेस्ट सीरीज में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के दम पर टेस्ट ऑलराउंडरों की नवीनतम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दोनों टेस्ट मैचों में 116 रन बनाए और 15 विकेट लिए और कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ 327 रेटिंग अंकों के साथ पहली बार दूसरे स्थान पर रहने वाले ऑलराउंडर बन गए, जिससे उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन को पीछे छोड़ दिया, जबकि भारत के रवींद्र जडेजा 400 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज हैं।

OPERATION SINDOOR

# भारतीय क्रिकेटर्स का भारतीय सेना को सलाम

### सचिन-सहवाग से लेकर गंभीर-रैना का जोश हाई

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेने के इरादे से पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के नौ ठिकानों पर हमला किया है। भारत की इस जवाबी कार्रवाई ने भारतीय क्रिकेट और क्रिकेटरों में भी जोश भर दिया है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर और पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भारतीय सेना की सराहना की है। वहीं, वीरेंद्र सहवाग और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भी इसको लेकर पोस्ट किया है।

रैना ने बाद में दो और तस्वीरें साझा की हैं। वहीं, तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में लिखा है, 'एकता में निडर, शक्ति में असीम, भारत की ढाल उसके लोग हैं। इस दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं! जय हिंद 'ऑपरेशनसिंदूर'। सचिन ने कैप्शन में जय हिंद भी लिखा है।



**सुरेश रैना ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। उन्होंने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' की तस्वीर साझा की और 'जय हिंद' लिखा।**

पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा, 'भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की। भारत माता की जय।' इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भी 'जय हिंद' लिखा। गंभीर ने ट्वीट करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। इसके कैप्शन में उन्होंने 'जय हिंद' लिखा।

वहीं, भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने भी ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, 'धर्मो रक्षति रक्षितः। जय हिंद की सेना।' इसका अर्थ है, जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है।

वहीं पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और प्रज्ञान ओझा ने देश के प्रति उनकी सेवा के लिए भारतीय सेना को सलाम किया। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी अपने इंस्टाग्राम पर भारतीय सेना द्वारा जारी 'ऑपरेशन सिन्दूर' की फोटो शेयर की। आकाश चोपड़ा ने अपने एक्स पर लिखा, 'एक साथ हम खड़े हैं..जय हिंद।'

# दिल्ली को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगी पंजाब

महानगर संवाददाता



**धर्मशाला।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) अब अपने अहम पड़ाव पर पहुंच चुका है। लीग स्टेज खत्म होने से जल्द ही प्लेऑफ की तस्वीर साफ होने वाली है। सीजन का 58वां मुकाबला गुरुवार को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। प्लेऑफ के लिहाज से पंजाब और दिल्ली दोनों ही टीमों के लिए ये मुकाबला बेहद अहम है। इस मैच को जीतते ही पंजाब जहां प्लेऑफ में क्वालीफाई कर लेती है, तो वहीं दिल्ली जीती तो उसकी उम्मीदें भी बढ़ जाएंगी। ऐसे में दोनों के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस अहम मैच से पहले ये भी जानना जरूरी है कि अब तक दोनों के बीच खेले गए मुकाबलों में कौन किस पर भारी पड़ा है?

**हेड टू हेड रिकॉर्ड:** इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो इन दोनों का आमना-सामना कुल 33 बार हुआ है। जिसमें से पंजाब किंग्स ने 17 मुकाबले अपने नाम किए हैं, वहीं पंजाब किंग्स ने 16 मैचों में जीत दर्ज की है। इस तरह अभी तक पंजाब को एक मैच की बढ़त हासिल है।

**धर्मशाला स्टेडियम की पिच का हाल :** धर्मशाला स्टेडियम अपनी उच्च ऊंचाई और खुले वातावरण के कारण तेज गेंदबाजों को स्विंग और उछाल प्रदान करता है, खासकर शुरुआती ओवरों में। वहीं, पिच पर मौजूद उछाल की वजह से गेंद बल्ले पर अच्छी तरह आती है, जिससे बल्लेबाज भी बड़े शॉट खेलने में सक्षम होते हैं। स्टेडियम की बाउंड्री 62 से 68 मीटर के बीच है, जो बल्लेबाजों के लिए रन बनाने को और आसान बना देती है। इसी कारण, हाल के मुकाबलों में यह मैदान हाई स्कोरिंग साबित हुआ है। लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए मुक़ाबले में पंजाब ने 236 रन बनाए थे। वहीं लखनऊ ने भी 199 रनों का स्कोर बनाया था।

### वानखेड़े में होगा मुंबई इंडियंस का पंजाब किंग्स सामना

बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार 11 मई को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाने वाला मुकाबला धर्मशाला में नहीं होकर मुंबई में होगा। सूत्र ने कहा- 'मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच 11 मई को खेला जाने वाला मैच धर्मशाला से मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया है, क्योंकि धर्मशाला का हवाई अड्डा बंद कर दिया गया है।' हालांकि अब तक गुरुवार को होने वाले मैच का फैसला नहीं हो पाया है। दिल्ली और पंजाब के बीच मैच का कार्यक्रम भी खतरे में है, क्योंकि बीसीसीआई को पता है कि धर्मशाला सीमा (भारत-पाकिस्तान) के पास है और बोर्ड सरकार के संपर्क में है और मैच के लिए मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहा है।'

### धर्मशाला में 65 फीसदी तक बारिश की संभावना

धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच में बारिश की संभावना है। ऐसे में मजा किरकिरा हो सकता है। धर्मशाला का मौसम थोड़ा खराब बना हुआ है और मैच के दौरान हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को बारिश की संभावना 65 फीसदी तक है, जिससे मैच में खलल पड़ने की आशंका है। धर्मशाला में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। यदि बारिश होती है, तो यह मुकाबले का रुख पलट सकती है और दर्शकों का रोमांच भी फीका पड़ सकता है।



### ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान

# नरेंद्र मोदी स्टेडियम को उड़ाने की दी धमकी

### जीसीए को मिला पाक से आया ई-मेल

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के मंगलवार देर रात आतंकवाद के सरगना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए अंजाम दिए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाए हुए पाकिस्तान की तरफ से गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन को एक ई-मेल मिला है, जिसमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) को पाकिस्तान जेके नामक ई-मेल आईडी से एक लाइन का ई-मेल प्राप्त हुआ है। इसमें केवल इतना लिखा है, 'हम आपके स्टेडियम को उड़ा देंगे।' जब अहमदाबाद पुलिस को इस संबंध में सूचना दी गई, तो



उच्च अधिकारियों और बम निरोधक दस्ते का एक काफिला तुरंत नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंच गया, जहां सघन चेकिंग की गई। वहीं ई-मेल को गंभीरता से लिया जा रहा है, क्योंकि आने वाले दिनों में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल के दो मैच खेले जाने हैं। 14 मई को इस ग्राउंड पर गुजरात टाइटंस का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। इसके बाद लीग का 69वां मैच गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 18 मई को खेला जाएगा।

### पाकिस्तान पर स्ट्राइक का आईपीएल में असर नहीं

### शेड्यूल के मुताबिक 25 मई को कोलकाता में खेला जाएगा फाइनल

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ किए गए जवाबी हमले की कार्रवाई का असर देखने को नहीं मिलेगा और टूर्नामेंट सामान्य रूप से जारी रहेगा। टूर्नामेंट 22 मार्च से खेला जा रहा है। इस सीजन 74 मैच खेले जाने हैं। इनमें से बुधवार तक 57 मैच खेले जा चुके हैं। अब फाइनल सहित 17 मैच बचे हुए हैं। फाइनल 25 मई को कोलकाता में होना है।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# भाजपा विधायक की विधायकी पर संकट गहराया, एससी ने रद्द की एसएलपी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** तीन साल की सजा पाए बारां के अंता से भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की विधायकी जाना लगभग तय दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने मीणा की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही उन्हें दो सप्ताह में ट्रायल कोर्ट के सामने सरेंडर करने आदेश दिए हैं।

एसडीएम पर पिस्टल तानने और सरकारी संपत्ति को क्षतिग्रस्त करने के मामले में कंवरलाल को कोर्ट तीन साल की सजा सुना चुका है और राजस्थान हाईकोर्ट ने इस सजा को बरकरार रखा था। इस आदेश के खिलाफ ही कंवरलाल मीणा सुप्रीम कोर्ट गए थे, जहां से उन्हें राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस संजय करोल की बेंच ने सुनवाई करते हुए मीणा के वकील के सारे दावे खारिज कर दिए। विधायक के वकील नमित सक्सेना ने कहा कि रिवॉल्वर की कोई बरामदगी नहीं हुई है। ऐसे में क्रिमिनल फोर्स का कोई मामला नहीं बनता है। जिस वीडियो कैसेट को तोड़ने और जलाने की बात कही गई है, उसे भी पुलिस ने बरामद नहीं किया है। ऐसे में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला भी यहां नहीं बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दलीलों को खारिज कर दिया।

### 'स्पीकर ने कहा अधिकृत जानकारी नहीं'

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि उनका मामला सुप्रीम कोर्ट में है। वहां से क्या हो रहा है, क्या हुआ वह मेरे पास अभी अधिकृत रूप से जानकारी में नहीं आया है। जैसे ही मेरे पास अधिकृत दस्तावेज आएगा तो उसी के अनुसार उस मामले में जैसा विधि सम्मत होगा, कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस ने की थी कार्रवाई की मांग

इस मामले में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व अन्य नेताओं ने विधानसभा सचिव को हाईकोर्ट के आदेश की कॉपी सौंपकर विधायक पर कार्रवाई की मांग की थी।

### यह है प्रावधान

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत 2 साल से ज्यादा की सजा होने पर सांसद या विधानसभा सदस्य को अयोग्य करार दिए जाने का प्रावधान है।

## एथिक्स कमेटी को सौंपा जाएगा रिश्वतखोर विधायक जयकृष्ण पटेल का मामला : वासुदेव देवनानी

**जयपुर।** हाल ही में सवाल के बदले में पैसे मांगने और फिर विधानसभा सदस्य होने की धौंस देकर पैसे लेकर सवाल वापस लेने के मामले में रंगे हाथों गिरफ्तार विधायक जयकृष्ण पटेल का मामला अब विधानसभा की एथिक्स कमेटी (सदाचार कमेटी) के पास जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि विधायक का रंगे हाथों गिरफ्तार होने का मामला कानूनी प्रक्रिया के तहत चल रहा है, लेकिन उन्होंने विधानसभा में सवाल के बदले पैसे लेना और साथ ही सवाल वापस लेने के लिए भी पैसे मांगना और पैसे लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार होना ये दोनों अलग-अलग विषय हो जाते हैं।



रिश्वत लेना तो आपराधिक मामला है, लेकिन विधानसभा में सवाल पैसे लेकर लगाना फिर विधानसभा के नाम पर ब्लैकमेल कर पैसे मांगना यह विधानसभा के पवित्र सदन की पवित्रता को खत्म करने जैसा है। यह सीधे तौर पर विधानसभा की अवमानना करना जैसा अक्षम्य अपराध है। इसकी तो जितनी निंदा की जाए उतनी ही कम है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसे मामलों की और जानकारी ले रहा हूं, जैसे सांसद महुआ मोईत्रा ने संसद में सवाल के बदले पैसे लिए थे तो पहले मामला संसदीय एथिक्स कमेटी के पास भेजा गया, वहां से उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थी। यह तो उससे भी संगीन मामला है। यहां तो पैसे भी लिए गए और विधानसभा के नाम पर ब्लैकमेल भी किया गया तो संभवतः यह मामला भी हम विधि सम्मत जानकारी कर जल्द ही विधानसभा की एथिक्स कमेटी को भेजेंगे। इस मामले में छानबीन कर जो रिपोर्ट मिलेगी, उसके आधार पर कार्रवाई होगी।



### जेईसीआरसी-जिओगेम्स में साझेदारी

**जयपुर (मसं)।** जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने जिओगेम्स के साथ एक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत बुधवार व गुरुवार को जयपुर में राजस्थान का पहला गेमिंग बूटकैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय आयोजन राजस्थान के गेमिंग इकोसिस्टम में रेवोल्यूशनरी बदलाव लाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें छात्रों, डेवलपर्स और इंडस्ट्री स्पेशलिस्ट को एक मंच पर लाया गया। इस कार्यक्रम में जिओगेम्स के प्रोफेशनल्स द्वारा संचालित कॉम्प्रिहेंसिव एकेडमिक सेशन्स, नए क्लाउड गेमिंग टेक्नोलॉजी का अनुभव, 'वैलोरेंट कैंपस कप 'प्रतियोगिता और एक अनोखा दो दिवसीय' सी2-हैकथॉन' जैसे इवेंट्स शामिल थे जिससे स्टूडेंट्स को अपनी क्रिएटिविटी और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स को दर्शाने का मौका मिला। साथ ही जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने राजस्थान का पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन गेमिंग स्थापित करने की भी घोषणा की गई, जिससे यूनिवर्सिटी, राज्य में गेमिंग शिक्षा और विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन, अर्पित अग्रवाल ने कहा कि वह एक ऐसा इकोसिस्टम बना रहे हैं जहां स्टूडेंट्स गेमिंग को सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक संभावित करियर विकल्प के रूप में देख सकें। कार्यक्रम में सैकड़ों प्रतिभागी शामिल हुए, जिससे जयपुर को भारत के गेमिंग मानचित्र पर एक उभरते हुए केंद्र के रूप में स्थापित किया गया। सभी विषयों के छात्र इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने के लिए आमंत्रित थे।

### ब्लैकआउट एवं मॉक ड्रिल प्रशिक्षण कैंप



**जयपुर (मसं)।** वार्ड 104 में संभावित पाकिस्तान-भारत के मध्य युद्ध में नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट ड्रिल का कार्यक्रम बुधवार को निर्धारित किया गया है। जयपुर ग्रेटर नगर निगम के चेयरमैन अरुण शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशों की पालना एवं नागरिक सुरक्षा के लिए वार्ड संख्या 104 के निवासियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युद्ध के समय सुरक्षा के लिए त्वरित गति से किए जाने वाले उपायों को के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी राजेंद्र कुलवाल, अशोक दुसाद, प्रतीक जैन, अभिषेक शर्मा, टीएस जेड, रवि जांगिड़, भानु, शंकर पांचाल, रमेश सैनी एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल



**जयपुर (मसं)।** सी स्कीम स्थित सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल में बुधवार को युद्ध कालीन तैयारी के लिए करीब 40 एनसीसी कैडेट्स ने मॉकड्रिल का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत ड्रॉप, कवर ,होल्ड मुद्राओ की जानकारी दी गई। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह ने छात्रों के माध्यम से अभिभावकों को भी सचेत रहने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में छात्रों को जानकारी दी। प्राचार्या सोनल शर्मा ने राष्ट्र के लिए सदैव तैयार रहने का संदेश देते हुए, एएनओ उमेश कुमार शर्मा व एनसीसी कैडेट्स की सराहना की।

### राम सिंह चंदलाई का किया स्वागत



**जयपुर (मसं)।** राजपूत समाज के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने राजपूत समाज के चुनाव में लगातार दूसरी बार विजेता होकर एक नई उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर भवानी सिंह तंवर, प्रवर्तन अधिकारी जेडीए और उनके सहयोगियों जालंधर सिंह, मदन चौधरी और चंद्र प्रकाश शर्मा ने चंदलाई के निवास स्थान पर पहुंचकर माला, गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर भवानी सिंह तंवर ने कहा कि राम सिंह चंदलाई का लगातार जीतना समाज के प्रति उनके समर्पण और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। चंदलाई ने अपनी जीत का श्रेय समाज के सभी सदस्यों को दिया और कहा कि यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि पूरे राजपूत समाज की है।

### जन्मदिन पर बांधे पक्षियों के लिए परिंडे



**जयपुर (मसं)।** भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री मुकुल सिंह सांचोरा ने अपने जन्मदिन पर विद्याधर नगर के पार्कों में परिंडे लगाए। सांचोरा एक परिंडा रोज अभियान शुरू किया था जो इस वर्ष भी भीषण गर्मी को देखते हुए जारी रहा। बुधवार को श्री जगदम्बा मातेश्वरी मन्दिर समिति के सचिव नवरतन सिंह ने परिंडा लगाया। उन्होंने बताया कि तेज गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडा अभियान चलाया गया है। विद्याधर नगर के आस-पास रोज सुबह-शाम पार्कों, गलियों में लगे परिंडों में साफ पानी भरा जाता है।

# बादलों के आगे गर्मी की बोलती बंद

## 6 दिनों में ही घटा 763 लाख यूनिट बिजली का उपभोग

### मौसम ने दिया साथ : राजस्थान में तापमान घटने के साथ बिजली की डिमांड में आई 25 प्रतिशत तक कमी





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में मई की शुरुआत को देखें तो यह बिजली विभाग के लिए राहत भरी रही। प्रदेश में एक्टिव हुए पश्चिमी विक्षोभ के चलते शुरुआती सप्ताह में गर्मी का ज्यादा असर नहीं रहा। इसकी बानगी है कि शुरुआती 6 दिनों में ही बिजली का उपभोग लगभग 25 प्रतिशत तक कम देखा गया। इसके चलते अभियंताओं ने भी राहत की सांस ली।

दरअसल, अप्रेल महीने की तुलना में मई की शुरुआत प्रदेश के बिजली महकमे के लिए राहत लेकर आई। अप्रेल के शुरुआती सप्ताह में जहां बिजली की खपत 262 लाख यूनिट बढ़ गई थी, वहीं मई में बादलों के आगे गर्मी की बोलती बंद हो गई।

आंकड़ों के अनुसार एक मई को प्रदेश में बिजली की खपत जहां 3232 लाख यूनिट रही, वहीं 6 मई आते-आते यह घटकर 2469 लाख यूनिट रह गई। इसके पीछे प्रमुख कारण प्रदेश में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर रहा। अधिकांश इलाकों में बूंदाबांदी और बरसात के चलते तापमान में गिरावट देखी गई, जिससे मौसम में ठंडक का अहसास हुआ।

**जयपुर के तापमान में यूं दिखी गिरावट**

1 मई - 40.8
2 मई - 35.5
3 मई - 36.8
4 मई - 36.7
5 मई - 35.2
6 मई - 32.5
(अधिकतम तापमान डिग्री सेल्सियस में)

**जयपुर सिटी सर्किल में मिली शिकायतें...**

| दिनांक | जयपुर उत्तर | जयपुर दक्षिण |
|---|---|---|
| 1 मई | 1609 | 1112 |
| 2 मई | 1636 | 1564 |
| 3 मई | 2044 | 1641 |
| 4 मई | 902 | 741 |
| 5 मई | 704 | 671 |

**बिजली उपभोग आंकड़े**

| दिनांक | जयपुर उत्तर | | जयपुर दक्षिण |
|---|---|---|---|
| दिनांक | खपत | दिनांक | खपत |
| 1 मई | 3232 | 1 अप्रेल | 2572 |
| 2 मई | 2925 | 2 अप्रेल | 2617 |
| 3 मई | 2933 | 3 अप्रेल | 2649 |
| 4 मई | 2599 | 4 अप्रेल | 2671 |
| 5 मई | 2484 | 5 अप्रेल | 2712 |
| 6 मई | 2469 | 6 अप्रेल | 2667 |

(खपत के आंकड़े लाख यूनिट में)

### कई घरों में कूलर-एसी चलना हुए बंद

अप्रेल में अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ ही गर्मी से बचाव के लिए घरों में कूलर, पंखे और एसी चलने शुरू हो गए। विशेषज्ञों का कहना है कि मई में शुरुआत से ही आंधी-बारिश के चलते मौसम खुशनुमा रहा, जिससे गर्मी का असर भी कम देखा गया। अधिकतर इलाकों में पीक डिमांड समय में भी एसी और कूलर का उपयोग कम होने के चलते बिजली की खपत में कमी आई। इस तरह देखा जाए तो मई की शुरुआत से अब तक करीब 763 लाख यूनिट बिजली का उपभोग कम देखा गया। हालांकि, अभी अनुमान जताया जा रहा है कि मई के आखिर में बिजली खपत का आंकड़ा 3500 लाख यूनिट तक बढ़ सकता है।

### आंधी के चलते बढ़ी बिजली गुल की शिकायतें

मौसम में आए परिवर्तन के चलते एक तरफ जहां बिजली उपभोग में गिरावट देखी गई, वहीं दूसरी ओर मई के शुरुआती तीन दिनों में जयपुर शहर में आंधी के चलते बिजली संबंधी शिकायतों में निरंतर इजाफा भी देखने को मिला। यहां जयपुर उत्तर सर्किल में मई के शुरुआती तीन दिनों में 5289 और जयपुर दक्षिण सर्किल में 4317 बिजली गुल होने की शिकायतें मिलीं।

### अभी जारी रह सकती है राहत

आगामी 5-6 दिन हीटवेव की संभावना नहीं है। इसके चलते गर्मी का असर भी कम देखने को मिलेगा। ऐसे में बिजली खपत को लेकर राहत जारी रहने की उम्मीद है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के दक्षिणी, पूर्वी व पश्चिमी भागों में 4-5 दिन मेघगर्जन के साथ हल्की मध्यम बारिश व आंधी (40-50 किमी प्रतिघंटा) का दौर जारी रहने की संभावना है।

## एसपी ने स्कूलों व कच्ची बस्ती में दिया आक्रमण से बचने का प्रशिक्षण

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी कम्यूनिटी पुलिसिंग पंकज चौधरी ने बुधवार को स्कूलों व कच्ची बस्ती के नागरिकों, छात्रों व टीचर्स को शत्रुओं के आक्रमण से बचने का प्रशिक्षण देकर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। एसपी चौधरी ने बताया कि महेश नगर स्थित द केम्ब्रिज स्कूल में सुबह 9:30 बजे जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत समस्त स्कूल स्टाफ, व्यापार मंडल के अध्यक्ष, समाजसेवी, मीडियाकर्मी एवं महेश नगर पुलिस थाने का स्टाफ भी उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान से किया गया। इसके बाद चौधरी ने सायरन और ब्लैक आउट के बारे में बताते हुए बच्चों व अन्य नागरिकों को जागरूक किया। इसके बाद सुबह 10 बजे कठपुतली नगर कच्ची बस्ती में निवासरत लोगों को सायरन और ब्लैक आउट के बारे में बताकर डेमो द्वारा अलर्ट होने की प्रक्रिया समझाई गई। बस्ती के निवासियों को शत्रु के आक्रमण की स्थिति में बचाव के बारे में बताया गया। इसके बाद 11 बजे त्रिवेणी नगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में सैकड़ों छात्रों की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ सायरन और वीडियो का प्रदर्शन किया गया। निदेशक सुदेश कुमार शर्मा एवं समस्त स्टाफ, छात्रों, शिप्रापथ थाना स्टाफ एवं गणमान्य लोगों को सायरन और ब्लैक आउट के बारे में चर्चा कर बताया कि किसी भी प्रकार के युद्ध या तनाव की स्थिति में सम्पूर्ण राष्ट्र को एक साथ कन्धे से कन्धा मिलाना है।

## रिस्का टाइगर रिजर्व में विशेषज्ञ समिति ने किया दौरा, अब सरकार को सौंपेगी रिपोर्ट

**जयपुर (मसं)।** सरिस्का टाइगर रिजर्व के विभिन्न मुद्दों पर विचार करने के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने 5 से 7 मई तक तीन दिन बाघ रिजर्व का दौरा किया। समिति ने पीलापानी और रस्का, देवरी गांवों के ग्रामीण के साथ अलग-अलग बैठक की और उनका पक्ष सुना। आपको बता दें कि समिति बाघ अभयारण्य के विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रही है, जिसमें बाघों की संख्या बढ़ाने के संदर्भ में आवास सुधार हस्तक्षेप, गांवों का स्थानांतरण, कर्मचारियों की क्षमता निर्माण, बाघों की निगरानी में सुधार और पर्यटन विकास सहित कई मुद्दे शामिल हैं। फील्ड डायरेक्टर संग्राम सिंह कटियार के अनुसार समिति अपनी टिप्पणियों के आधार पर केंद्र सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। समिति में दिग्विजय सिंह खाती (पूर्व पीसीसीएफ और सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू, उत्तराखंड सरकार), हिम्मत सिंह नेगी (पूर्व एपीसीसीएफ, मध्य प्रदेश सरकार और सदस्य राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण), गिरिराज सिंह कुशवाह ( पूर्व आईएएस) और प्रदीप मलिक (पूर्व वरिष्ठ प्रोफेसर, भारतीय वन्यजीव संस्थान, सदस्य राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और सदस्य, प्रोजेक्ट चीता संचालन समिति) ने सरिस्का टाइगर रिजर्व में प्रशासन के साथ भी बैठक की।



# 20 बीघा भूमि पर 5 अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जेडीए दस्ते की अवैध निर्माणों पर कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में जेडीए दस्ते ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए 20 बीघा कृषि भूमि पर बसी 2 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। जेडीए पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद्र बिश्नोई ने बताया कि उक्त कार्रवाइयों में जोन-13 स्थित नायला से जमवारामगढ़ रोड़, कावेरिया की ढाणी, जयपुर में करीब 7 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन एवं बिना भू रूपांतरण करवाए अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी जोन के नायला रोड, जिला जयपुर में ही करीब 5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन एवं बिना भू रूपांतरण करवाए गोविंद विहार के नाम से बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। अगली कार्रवाई में यहीं पर ही 1 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर अवतार सिटीज के नाम से बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। जेडीए द्वारा जोन-14 के ग्राम बाजडोली, अभिनव विहार के पास, जयपुर में करीब 4 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन एवं बिना भू रूपांतरण के बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को दस्ते ने ध्वस्त किया। ये सभी कार्रवाइयां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्ते के साथ की गई।

**फाइनेंस**
डिफाल्टर, ब्लैकलिस्टेड, नेगेटिव मुस्लिम एरिया, निगम, JDA, पंचायत, अनअप्रूव्ड, सोसाइटी पट्टे, मकान बनायें, खरीदे, मॉर्गेज लोन, महेंद्र देवड़ा सोडाला 7792930003

**खोया पाया**

मकान संख्या 2/4, SFS, मानसरोवर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, अदेय प्रमाण पत्र ,भौतिक कब्जा एवं कन्वेंस डीड व परिप्यूचल डीड पत्र कहीं खो/ गुम हो गया। मिलने पर सूचित करें।
अतुल त्यागी - 9829565687

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक : जविप्रा/उपा./जोन-9/2025/-डी-1568 दिनांक : 07.05.2025
**आम सूचना** ऑनलाईन आवेदन-213093

निजी खातेदारी की योजना आफिसर्स एनक्लेव के भूखण्ड संख्या 01 क्षेत्रफल 406.09 व.ग. की लीजडीड दिनांक 28.02.2012 को श्रीमती नम्रता बाहेती पत्नी दीपक बाहेती के नाम से जारी की गयी है। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रस्टिर्ड विक्रय पत्र दिनांक 12.08.2015 को श्रीमती नम्रता बाहेती पत्नी दीपक बाहेती द्वारा श्री सुरेन्द्र कुमार पारीक पुत्र श्री हनुमान सहाय पारीक को कर दिया गया। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रस्टिर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20.11.2020 को श्री सुरेन्द्र कुमार पारीक पुत्र श्री हनुमान सहाय पारीक द्वारा श्रीमती जगवन्ती पत्नी श्री हरिप्रसाद मीना को कर दिया गया। आवेदिका द्वारा लीजडीड से फ्रीहोल्ड लीजडीड हेतु आवेदन किया गया है। अतः आवेदक को निजी खातेदारी की योजना आफिसर्स एनक्लेव के भूखण्ड संख्या 01 के लीजडीड से फ्रीहोल्ड लीजडीड जारी किये जाने के सम्बंध में कार्यवाही की जानी है। इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस कि अधीन प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त भूखण्ड का लीजडीड से फ्रीहोल्ड लीजडीड जारी किये जाने की कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक : जविप्रा/उपा.पी.आर.एन.(दक्षिण-द्वितीय)/2025/-डी-504 दिनांक : 07.05.2025
**सूचना** (Online No. 219752)

पृथ्वीराज नगर में निम्न योजनाओं के निम्न भूखण्डधारियों/भूखण्डधारी ने नियमन /भू-आवंटन हेतु पी.आर.एन. (दक्षिण-द्वितीय), जविप्रा, जयपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। जो नाम लीजडीड / हस्तान्तरण / प्रतिस्थापन हेतु कार्यालय को प्राप्त हुये है:-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी /लीजधारक का नाम | भूखंड संख्या | भूखंड का क्षेत्र-फल | गृ.नि.स.स. /निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिनके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती रेनू सबनानी पत्नी श्री मोहन लाल कर्मचंदानी | श्री मोहन लाल कर्मचंदानी पुत्र श्री दासुमल कर्मचंदानी | 650 | 783.33 वर्ग-गज | मित्र गृह भवन निर्माण सहकारी समिति लि. | सुमेर नगर | नाम हस्तांतरण | जारी लीजडीड रजि. हकत्याग पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र आदि |

उपायुक्त, जोन-पी.आर.एन. (दक्षिण-द्वितीय), जविप्रा, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त , वृत्त द्वितीय**

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर- फोन 0141-2782772
क्रमांक DHC-II/195 दिनांकः 07/5/25

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 105 / 96, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 190.50 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्रीमती विजय दत्त पत्नी श्री अनिल दत्त को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2207 दिनांक 30.03.1992 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 06.08.1992 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 8098 दिनांक 31.12.1994 के द्वारा श्रीमती विजय दत्त पत्नी श्री अनिल दत्त के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 31.12.1994 को करवा लिया गया। श्रीमती विजय दत्त के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्री छीतर राम जाट पुत्र स्व. श्री कालू राम जाट को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 28.02.2019 को करवाया गया। श्री छीतर राम जाट के द्वारा उक्त आवास का उपहार पत्र श्री रामकिशोर एवं श्री भुवनेश खरबास को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 06.07.2024 को करवाया गया। श्री रामकिशोर एवं श्री भुवनेश खरबास के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्री प्रशांत शर्मा पुत्र श्री श्याम चौरसिया शर्मा एवं श्रीमती तनवी शर्मा पत्नी श्री प्रशांत शर्मा को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 22.04.2025 को करवाया गया। श्री प्रशांत शर्मा पुत्र श्री श्याम चौरसिया शर्मा एवं श्रीमती तनवी शर्मा पत्नी श्री प्रशांत शर्मा द्वारा उक्त आवास की लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्ति गत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति /आवेदक श्री प्रशांत शर्मा पुत्र श्री श्याम चौरसिया शर्मा एवं श्रीमती तनवी शर्मा पत्नी श्री प्रशांत शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धन, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांकः-जविप्रा / उपा. जोन-08 / 2025 / डी-115 दिनांक : 6.5.25
**विज्ञप्ति**

ग्राम झालाना चौड़ के खसरा नम्बर 37 अनुमोदित क्षेत्रफल 8054.06 व.मी. का पट्टा जोन के पत्र क्रमांक डी-142 दिनांक 03.12.2023 के द्वारा श्री मनोज अग्रवाल पुत्र श्री श्याम सुन्दर, श्री सुनिल मालानी पुत्र श्री श्याम सुन्दर मालानी एवं श्रीमती संजू रुंगठा पत्नी श्री अरविन्द कुमार रुंगठा के पक्ष में जारी किया गया था। रजिस्ट्रार-मालवीर नगर जोन जयपुर द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्री सुनिल मालानी पुत्र श्री श्याम सुन्दर मालानी की मृत्यु दिनांक 27.04.2021 को हो चुकी है। इनके मृत्यु के पश्चात इनके विधिक वारिस (1) श्रीमती प्रभावती देवी मालानी पत्नी श्री श्याम सुन्दर मालानी (2) श्रीमती अनिता मालानी पत्नी स्व. श्री सुनिल मालानी (3) तनुश्री मालानी पुत्र स्व. श्री सुनिल मालानी ने उक्त खसरा नम्बर 37 अनुमोदित क्षेत्रफल 8054.06 व.मी. हिस्सा 1/3 में से अपने-अपने हिस्से को पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 12.01.2022 के द्वारा श्री वैभव मालानी पुत्र स्व.श्री सुनिल मालानी के पक्ष में हकत्याग निष्पादित किया गया है। वैभव मालानी द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन करने पर कार्यालय द्वारा क्रमांक 980 दिनांक 10.05.2023 को नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किया गया। श्री मनोज अग्रवाल श्रीमती संजू रुंगठा एवं श्री वैभव मालानी द्वारा उक्त संयुक्त रूप से सम्पूर्ण भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से सूर्यदेवता प्रोपर्टीज प्रा.लि. जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री घनश्याम जोशी पुत्र श्री बृज मोहन शर्मा को बेचान कर दिया गया। वर्तमान में इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा समय सीमा पश्चात आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जावेगा। समय सीमा पश्चात कोई आपति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहें।
उपायुक्त जोन-8 जविप्रा, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय**

जेएलएन मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर फोन नं. 0141-4901853
क्रमांक- 1312 **आम जाहिर सूचना** दिनांक-5/5/25

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड संख्या 8/MB/294 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा जयपुर, क्षेत्रफल, 128.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री कैलाश चन्द अग्रवाल पुत्र श्री हजारी लाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 984 दिनांक 28/12/2022 जारी किया गया था। इनके द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर अष्टम में दिनांक 04/01/2023 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री कैलाश चन्द अग्रवाल पुत्र श्री हजारी लाल के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का मुख्त्यारनामाआम श्री राजकुमार मीणा पुत्र श्री रामपाल मीना को नियुक्त कर मुख्त्यारनामा का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर अष्टम में दिनांक 24/01/2023 को करवाया गया। तत्पश्चात मुख्त्यारनामाआम धारक श्री राजकुमार मीणा पुत्र श्री रामपाल मीना के द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्रीमती रानी तंवर पत्नी श्री जितेन तंवर एवं श्रीमती विजय पुष्प पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार सैनी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर दशम् में दिनांक 26/05/2023 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती रानी तंवर पत्नी श्री जितेन तंवर एवं श्रीमती विजय पुष्प पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार सैनी के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्डे का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्रीमती अलका देवी मीना पत्नी श्री बलराम मीना को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर एकादश में दिनांक 08/08/2024 को करवाया गया। श्रीमती अलका देवी मीना पत्नी श्री बलराम मीना के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेता को नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती अलका देवी मीना पत्नी श्री बलराम मीना का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत तृतीय, रा.आ.म. जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर फोन नं. 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/192 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-7/5/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 6/87, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 112.50 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री रवि प्रकाश पुत्र श्री रज्जन लाल सक्सेना को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1871 दिनांक 28.08.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 08.11.1989 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1641 दिनांक 23.03.1995 के द्वारा श्री रवि प्रकाश पुत्र श्री रज्जन लाल सक्सेना के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 23.03.1995 को करवा लिया गया। श्री रवि प्रकाश के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री कन्हैया लाल खत्री पुत्र श्री मोहन लाल खत्री को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 16.10.2003 को करवाया गया। श्री कन्हैया लाल खत्री के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री लक्ष्मण खुबानी पुत्र स्व. श्री झम्मट मल खुबानी को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 14.09.2012 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री लक्ष्मण खुबानी की मृत्यु दिनांक 04.10.2023 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती ईश्वरी खुबानी पत्नी स्व. श्री लक्ष्मण खुबानी ने मृत्यु पश्चात् नाम एवं लीज डीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती ईश्वरी खुबानी पत्नी स्व. श्री लक्ष्मण खुबानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

**मुकदमा नंबर:** DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/255

चूंकि प्रार्थी श्री Mr. Chandra Veer Chouhan, Ganeshpuri Annapurna Road Tonk Rajasthan 304001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री बालाजी ट्रस्ट, C 13 Mahaveer Marg Malviya Nagar Jaipur Rajasthan PIN 302017 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी-08.07.2025
मुहर
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर**

सोफिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302003
क्रमांक : F-52/DC/KPZ/2025/185 दिनांक 7/5/2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शांती देवी पत्नी लड्डू गोपाल ने मकान नं. 2398 रंगेश्वर महादेव की गली नाहरगढ़ रोड जयपुर का 69-क, के तहत आवेदन पत्र के साथ स्वामित्व संबंधित दस्तावेजों की फोटो प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का स्वयं का क्षेत्रफल 53.53 वर्गगज का पट्टा चाहा है। उक्त मकान के संबंध में किसी व्यक्ति सरकारी/गैर सरकारी संस्था या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करे। बाद मियाद गुजरने के आवेदन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।
उपायुक्त, किशनपोल जोन, नगर निगम जयपुर ( हैरिटेज )

**फॉर्म संख्या URC-2**

भाग-1, अध्याय XXI के अंतर्गत पंजीकरण के संबंध में सूचना का विज्ञापन [कंपनियॉं अधिनियम, 2013 की धारा 374 (ख) और कंपनियॉं (पंजीकरण हेतु अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसार] 1. इस माध्यम से सूचित किया जाता है कि कंपनियॉं अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उपधारा (2) के अनुसार, एक आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से पंद्रह दिन बाद लेकिन तीस दिन की अवधि समाप्त होने से पूर्व रजिस्ट्रार, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (CRC), IMT मानेसर, गुड़गांव (हरियाणा) /रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज़, जयपुर को प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें M/s यूके हर्बल्स, एक पार्टनरशिप फर्म, को शेयर लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत किए जाने हेतु अनुरोध किया जाएगा, जिसका प्रस्तावित नाम होगा' जैविक टोकरी प्राइवेट लिमिटेड'। 2. प्रस्तावित कंपनी के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं: एफएमसीजी उत्पादों, हेल्थ सप्लीमेंट्स, ड्रिंक्स और जूस सहित सभी व्यक्ति गत देखभाल और टॉयलेटरी उत्पादों के व्यापार और विपणन का कार्य करना। 3. प्रस्तावित कंपनी के मेमोरेंडम और आर्टिकल्स ऑफ असोसिएशन के मसौदे की प्रति निम्नलिखित पते पर निरीक्षण हेतु उपलब्ध है: लता नगर, विला नं. 33, समन्वय, यूनिक बिल्डर्स, कालवाड़ रोड, जयपुर-302012, राजस्थान। 4. इस आवेदन पर किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में निम्नलिखित पते पर रजिस्ट्रार को भेज सकता है: सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (CRC), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (IICA), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सेक्टर-5, IMT मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा) 122050, फोन: 0120-4832500, ईमेल- crc.escalation@mca.gov.in, रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, जयपुर, सी/6-7, प्रथम तल, रेजीडेंसी एरिया, सिविल लाइंस, जयपुर 302001, राजस्थान ईमेल: roc.jaipur@mca.gov.in
इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस (21) दिनों के भीतर, और कंपनी के पंजीकृत कार्यालय पते पर उसकी प्रति भेजी जा सकती है।
दिनांकः 29 अप्रैल, 2025 आवेदकों के नामः
उमा तोमर पार्टनर -
आनिषा सिंह तोमर पार्टनर
हस्ताक्षरित /- उमा तोमर, पार्टनर
M/s यूके हर्बल्स की ओर से

**कार्यालय ग्राम पंचायत लालगढ़ पंचायत समिति - बस्सी, जिला- जयपुर (राज.)**

क्रमांक:- 14 दिनांक:-07/05/2025

**आपत्ति आमंत्रण नोटिस**

ग्राम पंचायत लालगढ़ के द्वारा आपत्ति आमंत्रण नोटिस दिया जाता है कि श्री रूगन लाल पुत्र श्री नानग राम मीणा निवासी लालगढ़ ने पंचायत में पुराने पट्टे का रिकॉर्ड नहीं पाए जाने पर एक आवेदन शपथ पत्र एवं पट्टा पेश किया है कि दिनांक 05/08/1999 को ग्राम पंचायत द्वारा रूगन लाल पुत्र नानग राम मीणा के नाम से आबादी भूमि में पट्टा जारी किया गया था। जिसमें सीमायें पूर्व में लक्ष्मी नारायण की बांउड्री, पश्चिम में पडत भूमि, उत्तर में स्वयं की कब्जा शुद्धा आबादी, एवं दक्षिण में बस्सी-तुंगा रोड से 75 फीट है। एवं लम्बाई 100 फीट एवं चौडाई 27 फीट कुल 300 वर्ग गज भूमि है। जिसका पुनर्विधिमान्यकरण करवाने हेतु आवेदन एवं पट्टा सही होने के आशय का शपथ पत्र पेश किया है।
यदि किसी को भी ऊपर उल्लेखित भूमि पट्टे के पुनर्विधिमान्यकरण नियम 167 (क) में कोई आक्षेप (आपत्ति) हो तो 7 दिवस के भीतर आक्षेप (आपत्ति) इस कार्यालय में पेश करें अन्यथा समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आक्षेप (आपत्तियों) पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
सरपंच
ग्राम पंचायत लालगढ़
पं.स. बस्सी (जयपुर)

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय**

जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास , जयपुर-0141-4901853
क्रमांक : 1338 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 07.05.2025

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या -7/घ/7 जवाहर नगर जयपुर, क्षेत्रफल 113.00 वर्ग मीटर का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 85 दिनांक 07/04/1995 श्रीमती भगवंती महीरचन्दानी के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 08.06.1995 को करवाया गया। श्रीमती भगवन्ती मेहरचन्दानी की मृत्यु दिनांक 12.02.2025 को हो जाने के कारण श्रीमती रेखा रायसिंघानी पत्नी श्री प्रकाश रायसिंघानी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की रसीद की प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, स्वयं एवं गवाहों के पहचान पत्र की छाया प्रति एवं राशन कार्ड की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्ति गत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती रेखा रायसिंघानी पत्नी श्री प्रकाश रायसिंघानी के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।
संपदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय**

जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास , जयपुर-0141-4901853
क्रमांक : 1346 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 07.05.2025

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या -9/47 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 41.312 वर्ग मीटर का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1891 दिनांक 07/09/2001 श्रीमती विद्या गोयल पत्नी श्री भूपेन्द्र गोयल के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 04.03.2002 को करवाया गया। श्रीमती विद्या गोयल की मृत्यु दिनांक 02.08.2014 को हो जाने के कारण (1) श्रीमती गरिमा रस्तोगी पत्नी श्री मुकेश कुमार रस्तोगी पुत्री स्व.श्री भूपेन्द्र गोयल, (2) श्रीमती रीमा गुप्ता पत्नी श्री मनहर गुप्ता पुत्री स्व.श्री भूपेन्द्र गोयल एवं (3) श्रीमती अंशुल बंसल पत्नी श्री प्रतीक बंसल पुत्री स्व. श्री भूपेन्द्र गोयल के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की रसीद की प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, स्वयं एवं गवाहों के पहचान पत्र की छाया प्रति एवं राशन कार्ड की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्ति गत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता (1) श्रीमती गरिमा रस्तोगी पत्नी श्री मुकेश कुमार रस्तोगी पुत्री स्व.श्री भूपेन्द्र गोयल, (2) श्रीमती रीमा गुप्ता पत्नी श्री मनहर गुप्ता पुत्री स्व.श्री भूपेन्द्र गोयल एवं (3) श्रीमती अंशुल बंसल पत्नी श्री प्रतीक बंसल पुत्री. स्वश्री भूपेन्द्र गोयल के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।
संपदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर फोन नं. 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/134 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-25/4/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 75/101, मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 91.87 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री रूपनारायण पुरोहित पुत्र श्री गोपी कृष्ण को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 463 दिनांक 19.05.1999 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 17.06.1999 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2439 दिनांक 16.09.2005 के द्वारा श्री रूपनारायण पुरोहित पुत्र श्री गोपी कृष्ण के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। श्री रूपनारायण पुरोहित के द्वारा श्रीमती निर्मला आसुदानी पत्नी श्री महेश आसुदानी को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त कर दिया गया। मुख्त्यारनामा आम धारक द्वारा श्री रूपनारायण पुरोहित के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 21.09.2005 को करवाया गया। मुख्त्यारनामा आम धारक श्रीमती निर्मला आसुदानी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्री सुरेश ओबेरॉय पुत्र श्री पूरण चन्द ओबेरॉय को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 07.10.2005 को करवाया गया। श्री सुरेश ओबेरॉय के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्री अक्षय कुमार पुत्र श्री निरंजन लाल शर्मा को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 21.02.2008 को करवाया गया। श्री अक्षय कुमार के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्री रामचन्द्र आसवानी पुत्र श्री तीर्थ दास आसवानी को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 10.03.2025 को करवाया गया। श्री रामचन्द्र आसवानी पुत्र श्री तीर्थ दास आसवानी द्वारा उक्त आवास की लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री रामचन्द्र आसवानी पुत्र श्री तीर्थ दास आसवानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**
**व्यवहार मिश्रित ( मुत्तफरिक ) वाद सं. 8139/2025**

**विषय: उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।**

**प्रार्थी-नाम** श्रीमती आभा जैन पत्नी स्व. श्री नरेन्द्र कुमार जैन
विवाद स्थान- 667, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर
मृतक- स्व. नरेन्द्र कुमार जैन की संपत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 31.05.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. नरेन्द्र कुमार जैन पुत्र स्व. मगन लाल , निवासी-667, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 31 माह 05 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 24 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थी ने मृतक नरेन्द्र कुमार के नाम प्रा.पत्र में वर्णित खाते में जमा राशि बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
2930/25.05.2025
मुहर
आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम

**राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद**
**कार्यालय जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्ष शिक्षा सवाई माधोपुर**
Indara Colony Girls School Mantown Sawai Madhopur
E mail:- adpcsmsaswm@gmail.com

क्रमांक : जिपस/समग्र शिक्षा/समा/2025-26/24 दिनांक : 7/05/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 01 (सिविल)/2025-26**
**(राजकीय विद्यालय में निर्माण कार्यों हेतु)**

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम उ्ष्ठ श्रेणी में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों से MLA LAD एवं मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना अन्तर्गत स्वीकृत 05 राजकीय विद्यालयों में निर्माण कार्य हेतु लागत राशि रू. 37.29 लाख बाबत निविदाएँ 07/05/2025 प्रातः 10.00 बजे से 16/05/2025 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।
निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा सवाई माधोपुर कार्यालय के स्तर से की जावेगी।
UBIN RSE 2526WSOB00105
अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयम
समग्र शिक्षा, सवाई माधोपुर

# कैबिनेट ने पावर सेक्टर में कोयला आवंटन के लिए संशोधित 'शक्ति' पॉलिसी को दी मंजूरी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने बुधवार को संशोधित शक्ति नीति के अंतर्गत केंद्रीय क्षेत्र, राज्य क्षेत्र और स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों (आईपीपी) के ताप विद्युत संयंत्रों को नए कोयला लिंकेज प्रदान करने की मंजूरी दी।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस मंजूरी के तहत कोयला लिंकेज को विंडो-I में अधिसूचित कीमत पर केंद्रीय और राज्यों को दिया जाना है। वहीं, कोयला लिंकेज को विंडो-II' में अधिसूचित कीमत से प्रीमियम पर उत्पादन इकाइयों (जेनको) को दिया जाता है।

बयान में कहा गया है कि विंडो-I में संयुक्त उद्यमों (जेवी) और उनकी सहायक कंपनियों सहित केंद्रीय क्षेत्र की ताप विद्युत परियोजनाओं (टीपीपी) को कोयला लिंकेज प्रदान करने की मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।



विद्युत मंत्रालय की सिफारिश पर, मौजूदा तंत्र के अनुसार राज्यों और राज्यों के समूह द्वारा अधिकृत एजेंसी को कोयला लिंकेज निर्धारित किए जाएंगे। राज्यों को निर्धारित कोयला लिंकेज का उपयोग राज्य अपने स्वयं के जेनको, टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) के माध्यम से पहचाने जाने वाले स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों (आईपीपी) या विद्युत कानून, 2003 की धारा 62 के तहत विद्युत खरीद समझौता (पीपीए) वाले मौजूदा आईपीपी द्वारा धारा 62 के तहत पीपीए वाली नई विस्तार इकाई की स्थापना के लिए कर सकते हैं।

वहीं, विंडो-II जहां अधिसूचित कीमत से अधिक पर कोयला लिंकेज प्रदान किए जाने हैं। कोई भी घरेलू कोयला आधारित विद्युत उत्पादक जिसके पास पीपीए है या आयातित कोयला आधारित विद्युत संयंत्र अधिसूचित मूल्य से अधिक प्रीमियम का भुगतान करके 12 महीने तक की अवधि के लिए या 12 महीने से अधिक की अवधि से लेकर 25 वर्ष तक की अवधि के लिए नीलामी के आधार पर कोयला प्राप्त कर सकता है और विद्युत संयंत्रों को अपनी पसंद के अनुसार विद्युत बेचने की सुविधा प्रदान कर सकता है। सरकारी बयान में बताया गया कि लिए गए निर्णयों को लागू करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) को निर्देश जारी किए जाएंगे। इसके अलावा, संबंधित मंत्रालयों और सभी राज्यों को भी संशोधित शक्ति नीति से अवगत कराया जाएगा, जिससे संबंधित विभागों/प्राधिकरणों और नियामक आयोगों को भी इसके बारे में बताया जा सके। व्यापार करने में आसानी की भावना से संशोधित शक्ति नीति की शुरुआत के साथ कोयला आवंटन के लिए मौजूदा आठ पैरा को केवल दो विंडो में मैप किया गया है।

संशोधित शक्ति नीति विद्युत संयंत्रों को दीर्घकालिक और अल्पकालिक मांग के आधार पर अपनी कोयला आवश्यकता को पूरा करने की योजना बनाने में सक्षम बनाएगी।

## भारत-यूके में मुक्त व्यापार समझौता, हीरे और चांदी पर शुल्क में कोई छूट नहीं देगी सरकार

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत कुछ सामानों पर ब्रिटेन के उद्योगों को शुल्क में कोई छूट नहीं देगा। जिन सामानों पर शुल्क में छूट नहीं दी जाएगी, उनमें हीरे, चांदी, स्मार्टफोन और ऑप्टिकल फाइबर आदि शामिल हैं। वहीं समझौते के तहत ब्रिटेन से आयात होने वाले पेट्रोल और डीजल इंजन वाहनों पर भी शुल्क में सीमित छूट मिलेगी। दोनों देशों के बीच इस पर सहमति बनी है।

मुक्त व्यापार समझौते के तहत ब्रिटेन से रियायती सीमा शुल्क दर पर आयात होने वाले ब्रिटिश इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के आयात का कोटा भी केवल कुछ हजारों तक सीमित है। वहीं संवेदनशील औद्योगिक उत्पादों जैसे प्लास्टिक, हीरा, चांदी, स्मार्टफोन, टेलीविजन कैमरा ट्यूब, ऑप्टिकल फाइबर बंडल और केबल को भी एफटीए से बाहर रखा गया है। इसके चलते इन सामानों के आयात पर भारत द्वारा ब्रिटेन को कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। एफटीए के तहत भारत के ऑटो सेक्टर को खोला गया है। इसके तहत ऑटोमोटिव आयात पर शुल्क 100 प्रतिशत से 10 प्रतिशत हो जाएगा, जिससे टाटा-जेएलआर जैसी कंपनियों को लाभ होगा। आईसीई (आंतरिक दहन इंजन) वाहनों के लिए ब्रिटेन बाजार तक पहुंच से देश के ऑटो और ऑटो घटकों के निर्यात को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

भारत और यूके ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा और ब्रिटिश फर्मों के लिए भारत को व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात करना आसान बना देगा। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। एफटीए का उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 60 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर दोगुना करना है। एफटीए के तहत भारत के ऑटो उत्पाद ब्रिटेन के बाजार में बिक सकेंगे और भारतीय ग्राहक, ब्रिटेन की प्रीमियम कारों को अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर खरीद सकेंगे। इसका असर भारतीय कार निर्माताओं पर पड़ने की आशंका कम है क्योंकि अधिकतर भारतीय अभी भी बजट वाहनों को प्राथमिकता देते हैं।

इसके अलावा, एफटीए के तहत, भारत ने सिरेमिक, पेट्रोलियम उत्पादों, कार्बन, लाल फास्फोरस, सल्फ्यूरिक एसिड, बोरिक एसिड, विमान इंजन और इंजीनियरिंग उपकरण जैसे रसायनों पर शुल्क समाप्त करने के लिए लंबी अवधि ली है। 2023-24 में, ब्रिटेन को भारत का माल निर्यात 12.92 अरब अमरीकी डॉलर था, जबकि आयात 8.41 अरब अमरीकी डॉलर था।

## एक ही दिन में रॉकेट हो गई क्रिप्टोकरेंसी की कीमत

# पाकिस्तान पर हमले के बाद बिटकॉइन ने मचाई धूम

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने बुधवार सुबह ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद बिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी में तेज उछाल आ गया। बुधवार दोपहर 2 बजे तक बिटकॉइन की कीमत में पिछले 24 घंटे में 3 फीसदी से ज्यादा का उछाल आ चुका है। कॉइन मार्केट कैप के अनुसार दोपहर 2 बजे इसकी कीमत 3.07 फीसदी की तेजी के साथ 96,960.95 डॉलर पर ट्रेड कर रही थी। दिन के कारोबार के दौरान एक समय इसकी कीमत 97 हजार डॉलर को पार कर गई थी।

भारतीय समयानुसार सुबह करीब 6:30 बजे बिटकॉइन की कीमत 97 हजार डॉलर को पार कर गई थी। फिर भारत के पाकिस्तान पर हमले की खबर फैली और इसमें गिरावट आ गई।




### मंगलवार को आई थी तेजी

एक दिन पहले यानी मंगलवार को बिटकॉइन की कीमत 97 हजार के पार चली गई थी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान दोनों से बात की थी। इस खबर का बाजार पर बड़ा असर पड़ा। भारत, अमेरिका का एक बड़ा व्यापारिक भागीदार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह बहुत शर्मनाक है, हमें अभी इसके बारे में पता चला। मुझे लगता है कि लोगों को अतीत के आधार पर कुछ होने वाला था। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाएगा।

लेकिन जब इस हमले को लेकर दुनिया ने भारत की तारीफ की तो बिटकॉइन में शानदार तेजी आई और फिर से करीब 97 हजार डॉलर के पास पहुंच गई। इसके बाद इसमें तेजी बनी रही।

### एक हफ्ते में उतार-चढ़ाव

बिटकॉइन में पिछले एक हफ्ते में काफी उतार चढ़ाव रहा है। यही कारण है कि इसने निवेशकों को बहुत ज्यादा रिटर्न नहीं दिया है। इसका एक हफ्ते का रिटर्न दो फीसदी से थोड़ा ही ज्यादा है। वहीं बात अगर एक महीने की करें तो रिटर्न अच्छा रहा है। एक महीने में बिटकॉइन निवेशकों को 25 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे चुकी है। ऐसे में इस क्रिप्टो में निवेशकों का भरोसा फिर से बढ़ रहा है।

### आगे कीमत बढ़ेगी या गिरेगी?

आने वाले समय में बिटकॉइन की कीमत में उतार-चढ़ाव रह सकता है। अगर ट्रंप के तनाव कम करने के प्रयास जारी रहते हैं और भारत-पाकिस्तान के बीच संकट आगे और नहीं बढ़ता है तो इसकी कीमत में तेजी आ सकती है। जानकारों का मानना है कि ऐसी स्थिति में बिटकॉइन की कीमत 100,000 डॉलर तक पहुंच सकती है।

## जयपुर शहर

### आद्य शंकराचार्य की जयंती धूमधाम से मनाई



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गुसाई दशनामी हितकारिणी समिति एवं दसनाम गोस्वामी सभा समिति के संयुक्त तत्वावधान में टोंक रोड सांगानेर की पिंजरापोल गौशाला के सुरभि सदन में आद्य शंकराचार्य की जयंती धूमधाम से मनाई गई। शंकराचार्यजी के चित्र पर माल्यार्पण कर चरण पादुका पूजन किया गया। निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज, ऋषिकेशपुरी ने शंकराचार्यजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक जसराम गोस्वामी ने बताया कि मुख्य अतिथि बाबूलाल भारती, विजयपुरी, हंसराज गोस्वामी, विनोद गिरि, बीकानेर समिति के सचिव दिनेश कुमार गोस्वामी कोषाध्यक्ष प्रमोद पुरी, नाथूपुरी, भंवरलाल गोस्वामी, कैलाशपुरी, वेद प्रकाश, दिनेशपुरी, महावीर भारती, शंभूपुरी, इंद्र गिरी गोपाल गोस्वामी एवं अन्य उपस्थि रहे। विजय शंकर पांडे ने सभी को आराध्यदेव श्री गोविंद देव जी मंदिर का प्रसाद एवं दुपट्टा आशीर्वाद स्वरुप प्रदान किया

### हाईकोर्ट ने मंत्रालयिक कर्मचारियों को दिया आरक्षण सही माना, याचिकाएं खारिज की

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती-2023 में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से मंत्रालयिक कर्मचारियों को दिए गए आरक्षण की प्रक्रिया व 17 दिसंबर 2024 के परिणाम को सही माना है। इसके साथ ही अदालत ने इस प्रक्रिया व आरक्षण की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश मोहित सोनी व अन्य की याचिकाओं पर दिया। अदालत ने माना कि मंत्रालयिक कर्मचारियों को भर्ती में दोहरा आरक्षण नहीं दिया है, बल्कि यह संवैधानिक तौर पर मान्यता प्राप्त वर्टिकल श्रेणी के भीतर ही हॉरिजेंटल आरक्षण के एकीकरण को दर्शाता है। इस आदेश के बाद भर्ती में मंत्रालयिक कर्मचारियों के लिए आरक्षित पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। याचिकाओं में कहा कि मंत्रालयिक कर्मचारी वर्ग में जिनका चयन हुआ है, उनके सीईटी परीक्षा में याचिकाकर्ताओं से कम अंक हैं। उन्हें दोहरे आरक्षण का लाभ दिया है। ऐसे में कर्मचारी चयन बोर्ड ने आरक्षण की प्रक्रिया सही नहीं की है और इसके चलते ही याचिकाकर्ता भर्ती में चयन होने से वंचित रहे हैं। इसके जवाब में कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से अधिवक्ता संदीप माहेश्वरी ने कहा कि सीईटी नियम, 2022 के नियम 6 के तहत मंत्रालयिक कर्मचारी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए मानकों में छूट का प्रावधान है। बोर्ड ने डीओपी के 24 जून 2008 के परिपत्र की पालना की है और दोहरे आरक्षण का लाभ नहीं दिया है। याचिकाकर्ताओं के मुख्य परीक्षा में इन चयनित अभ्यर्थियों से कम अंक हैं और ऐसे में इनको बुलाया जाना कानूनी तौर पर गलत नहीं है। अदालत ने बोर्ड की दलीलों से सहमत होकर याचिकाओं को खाजिर कर दिया है।

### पीएम मोदी पर जातिगत टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ पेश परिवाद खारिज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-11, महानगर द्वितीय ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जातिगत टिप्पणी करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ पेश परिवाद को खारिज कर दिया है। पीठासीन अधिकारी दीक्षा सूद ने अपने आदेश में कहा कि अदालत न तो किसी की जाति और गोत्र निर्धारित करने का क्षेत्राधिकार अदालत को नहीं है और ना ही अदालत इसके लिए उचित मंच है।

परिवाद में कहा गया की उसने गत वर्ष 9 फरवरी को अखबार में पढा की राहुल गांधी की भारत जोडा न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ पहुंची है। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जन्म से ओबीसी वर्ग के नहीं है। गुजरात की भाजपा सरकार ने मोदी को ओबीसी बनाया है और वे पिछड़ों के हक और हिस्सेदारी के साथ न्याय नहीं कर सकते। परिवाद में कहा गया की राहुल गांधी का सार्वजनिक तौर पर दिया ऐसा बयान भारतीय नागरिकों के विभिन्न वर्गों और समुदाय के प्रति अपराध करने के लिए उकसाने के लिए दिया गया है। यह बयान देश में अशांति पैदा करने वाला व देश की सुरक्षा को खतरे में डालने के साथ ही देश की अखंडता के खिलाफ भी है। परिवाद में यह भी कहा गया कि सार्वजनिक तौर पर राहुल गांधी खुद को कश्मीरी कौल पंडित बताते हैं, जबकि उनके दादाजी फिरोज गांधी गैर हिन्दू परिवार के थे। अदालत पूर्व में कई फैसलों में कह चुकी है कि पिता की जाति ही उसे बच्चे की जाति होगी। जाति जन्म से होती है और उसे बदला नहीं जा सकता। ऐसे में उन्होंने खुद की जाति छिपाकर बयान दिया है। जिससे परिवादी की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। परिवादी ने मामले में शास्त्री नगर थाना पुलिस को शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए मामले में कानून कार्रवाई की जाए।

### एसएमएस एवं संबद्ध अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था होगी सुदृढ़

**जयपुर (मसं)।** सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज एवं इससे संबद्ध अस्पतालों में सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा परामर्श सेवाएं प्रदान की जाएंगी। सीआईएसएफ को इसके लिए कार्य सौंपा गया है। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि सीआईएसएफ की तीन टीमें शीघ्र ही एसएमएस अस्पताल, कांवटिया अस्पताल, गणगौरी अस्पताल, जेके लोन अस्पताल, महिला चिकित्सालय, सैटेलाइट अस्पताल, जनाना अस्पताल, मनोरोग चिकित्सा संस्थान सहित अन्य संस्थानों की सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा की समीक्षा कर समग्र रिपोर्ट तैयार करेंगी।

इस कार्य के समन्वय के लिए डॉ. गोवर्धन मीणा, अतिरिक्त प्राचार्य को कॉलेज स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी संबंधित अस्पतालों के अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सीआईएसएफ टीम को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। यह परामर्श रिपोर्ट सीआईएसएफ की ओर से जल्द तैयार कर राज्य सरकार को सौंपी जाएगी। यह पहल अस्पताल परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होने से चिकित्सा कर्मियों को कार्य के लिए बेहतर माहौल मिल सकेगा एवं मरीजों एवं उनके परिजनों को भी सुविधा होगी। परिसर में चोरी या अन्य घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लग सकेगी।

## वित्त वर्ष 25 में आधार हाउसिंग फाइनेंस का दमदार प्रदर्शन

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा कर दी है। वित्त वर्ष 25 के प्रदर्शन के बारे में आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ ऋषि आनंद ने कहा कि हमने इस वित्त वर्ष को शानदार प्रदर्शन के साथ पूरा किया है। हर तिमाही में बेहतरीन नतीजे देते हुए निम्न-आय वाले हाउसिंग फाइनेंस सेक्टर में अपनी अग्रणी स्थिति को बरकरार रखा है।

उन्होंने कहा कि कंपनी ने 21 राज्यों और 545 जिलों में अपनी पहुंच का विस्तार किया है, जो पूरे भारत में 2,99,000 से ज्यादा ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। इस वर्ष हमने 57 नई शाखाएं खोली हैं, जिससे कुल शाखाओं की संख्या 580 हो गई है। गुवाहाटी में अपनी पहली शाखा खोलकर पूर्वोत्तर में कदम रखा है। गुवाहाटी, अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था और जीवंत समुदाय के साथ, हमारे लिए एक खास बाजार है और हम इसके विकास का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं। सरकार के सभी के लिए आवास के सपने के साथ मिलकर, हम इस क्षेत्र में और परिवारों के लिए किफायती आवास आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह नई शाखा हमें पूर्वोत्तर के उन ग्राहकों के करीब लाएगी, जिन्हें पहले कम सेवाएं मिलती थीं।

### एयूएम 25,000 करोड़ के पार

ऋषि आनंद ने कहा कि एयूएम 25,531 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है, और इसमें पिछले साल के मुकाबले 21 फीसदी की शानदार वृद्धि हुई है। कंपनी ने 8,192 करोड़ रुपए के लोन बांटे, जो 16 फीसदी की सालाना वृद्धि के साथ देश में निम्न-आय वाले हाउसिंग फाइनेंस की मजबूत मांग को दिखाता है। वित्त वर्ष 2025 में कर पश्चात लाभ पिछले साल की तुलना में 22 फीसदी बढ़कर 912 करोड़ रुपए रहा।
इस उद्योग में पिछले साल सरकार के बढ़ते समर्थन और मांग में वृद्धि के कारण उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है।

## एफटीए से भारतीय योग प्रशिक्षकों-संगीतकारों और शेफ के लिए अवसर

आईटी वित्त व शैक्षिक सेवाओं में भी होगा लाभ

ह्यमहानगर संवाददाता

**नई दिल्ली ।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारतीय योग प्रशिक्षकों, संगीतकारों और शेफ जैसे घरेलू स्वतंत्र पेशेवरों के लिए नए अवसर के द्वार खुलेंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि सेवाओं के क्षेत्र में भारत को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाएं, वित्त, व्यावसायिक और शैक्षिक सेवाओं जैसे क्षेत्रों में भी लाभ होगा। मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता संविदा कर्मचारियों, कारोबारियों, निवेशकों, एक कंपनी के तहत स्थानांतरित कर्मचारियों, साझेदारों के आवागमन को आसामन बनाता है। ब्रिटेन में काम करने वाले कर्मचारियों के आश्रित बच्चों, योग प्रशिक्षकों, संगीतकारों और शेफ जैसे पेशेवरों के आवागमन की राह भी आसान होगी। मंत्रालय के मुताबिक, भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का उचित रूप से समाधान किया जाए और वे घरेलू निर्यात पर अनुचित प्रतिबंध न लगाएं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते में भी इसी तरह के प्रावधान हैं, जिसे



दिसंबर 2022 में लागू किया गया था। मंत्रालय ने कहा कि प्रतिभाशाली और कुशल भारतीय युवाओं के लिए ब्रिटेन में अपार अवसर खुलेंगे, जो अपने मजबूत वित्तीय एवं पेशेवर सेवा क्षेत्रों और उन्नत डिजिटल बुनियादी ढांचे के कारण डिजिटल सेवाओं के लिए एक प्रमुख वैश्विक केंद्र है। इसके अलावा, भारत ने वास्तुकला, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर से संबंधित और दूरसंचार सेवाओं जैसी डिजिटल रूप से वितरित सेवाओं पर महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं भी हासिल की हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि वस्तुओं एवं सेवाओं के व्यापार को शामिल करने वाले एक संतुलित, न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी एफटीए के पूरा होने से द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि, रोजगार के नए अवसर पैदा होने, जीवन स्तर में सुधार और दोनों देशों के नागरिकों के समग्र कल्याण में सुधार होने की उम्मीद है। यह दोनों देशों के लिए वैश्विक बाजारों के लिए उत्पादों और सेवाओं को संयुक्त रूप से विकसित करने की नई क्षमता को भी खोलेगा।

## तीन फीसदी से नीचे आ सकती है खुदरा महंगाई



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** ऊंची ब्याज दरों से राहत मिलने के बाद अब आम लोगों को महंगाई से भी राहत मिल सकती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल के आंकड़ों में खुदरा महंगाई की दर तीन फीसदी से नीचे जा सकती है। इसके आंकड़े अगले हफ्ते जारी होंगे। पिछले कुछ समय से खाद्य वस्तुओं खासकर दालों और सब्जियों के भाव में भारी गिरावट आई है जिसका असर खुदरा महंगाई पर दिखेगा।

रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा महंगाई में कमी से आरबीआई को दरों में कटौती का और अवसर मिलेगा। जून में होने वाली बैठक में रेपो दर में ज्यादा कटौती हो सकती है। टमाटर, प्याज और आलू उत्पादक राज्यों में गर्मी में कमी आई है। टमाटर की खुदरा कीमत अगस्त, 2024 के बाद से सबसे कम हो गई है। यह अप्रेल, 2025 में सालाना आधार पर 34.4 फीसदी कम हो गई है। आलू और प्याज की कीमतें अप्रेल, 2025 में सालाना आधार पर क्रमशः 11 फीसदी और 5.7 फीसदी घटी हैं।

**चावल की खुदरा कीमत 4.1 फीसदी घटी:** चावल की खुदरा कीमत मार्च की तुलना में अप्रैल में 4.1 फीसदी की घटी है। हालांकि, खाद्य तेलों की कीमतों में तेजी आई हैं, पर यह खुदरा महंगाई को प्रभावित करने की स्थिति में नहीं हैं। टमाटर, प्याज और आलू की आवक में जबरदस्त से कीमतों में गिरावट है।

### खाद्य कीमतों में गिरावट बेहतर प्रबंधन का नतीजा

उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा कि खाद्य कीमतों में जो गिरावट आ रही है वह सरकार के बेहतर प्रबंधन का नतीजा है। पिछले साल अलनीनो और भारी गर्मी की वजह से फसलों के उत्पादन और आवक पर असर पड़ा था। इससे महंगाई बढ़ी थी। हालांकि, पीली मटर और चना का आयात करना पड़ा जिससे उपलब्धता बढ़ गई। प्याज और दाल की कीमतों को कम करने के लिए सरकार ने सस्ते भाव पर ग्राहकों को बेचा। अब गर्मी सही है, बारिश का अनुमान अच्छा है तो दालों की पैदावार के साथ सब्जियों की भी कीमतें नियंत्रण में रहने की उम्मीद है।

## राजस्थान हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

# 'डीजीपी शपथ पत्र पेश कर बताए ई-सिगरेट की बिक्री रोकने के लिए क्या है प्रभावी तंत्र'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि ई-सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि युवाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली ई-सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने डीजीपी को 7 जुलाई तक शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि ई-सिगरेट की बिक्री को रोकने के लिए क्या प्रभावी तंत्र स्थापित किया गया है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस मुकेश राजपुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश प्रियांशा गुप्ता की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।



अदालत ने पुलिस मुख्यालय के प्रभारी अधिकारी को भी आगामी सुनवाई पर व्यक्तिशः या वीसी के जरिए पेश होने को कहा है।

अदालत ने कहा कि हमने गत सुनवाई पर पुलिस मुख्यालय के केस से जुडे प्रभारी अधिकारी का शपथ पत्र मांगा था, लेकिन उनके स्थान पर पुलिस कमिश्नरेट के एक अधिकारी का हलफनामा पेश हुआ है। ऐसे में यह अदालत के निर्देशानुसार सही नहीं है और अपने आप में गंभीर बात है। इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं साथ ही डीजीपी को भी व्यक्तिगत रूप से बुलाया जा सकता है। अदालत ने कहा कि सरकार के जवाब से पता चलता है कि ई-सिगरेट को लेकर आठ वेबसाइटों को ब्लॉक किया गया है और चार साइटों को अन ब्लॉक किया गया है। ई-सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री पर प्रभावी और सख्त तरीके से रोक लगनी चाहिए।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में उपस्थित होकर कहा गया कि विभिन्न वेबसाइटों के माध्यम से ई-सिगरेट की खुलेआम ऑनलाइन बिक्री की जा रही है। जिसे प्रतिबंधित करने की जरूरत है। राज्य सरकार की ओर से दिए जवाब में इसकी बिक्री रोकने का कोई प्रभावी निवारक तंत्र स्थापित होना नहीं बताया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि राज्य सरकार के जवाब के अनुसार छापे के दौरान पुलिस को छह स्थानों पर ई सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री और खपत मिली। याचिकाकर्ता ने कहा कि वेबसाइटों की ओर से 24 घंटों के भीतर ई-सिगरेट डिलीवरी का दावा किया जाता है, जिससे साबित है कि इनका स्थानीय स्तर पर गोदाम है। जबकि इनकी ऑनलाइन बिक्री को रोकने की सख्त जरूरत है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मामले में डीजीपी को शपथ पत्र पेश कर ई-सिगरेट की बिक्री को रोकने के लिए बनाए गए प्रभावी तंत्र की जानकारी देने को कहा है।

# बाबिल खान ही नहीं, संजय दत्त से लेकर आलिया भट्ट तक ने झेला मानसिक बीमारी का दंश



एक्टर बाबिल खान का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हुआ था, जिसके बाद अभिनेता ने अकाउंट भी डिलीट कर दिया था। इसे लेकर बाबिल की मां सुतापा की तरफ से बयान सामने आया था, जिसमें कहा गया था कि हर इंसान की तरह बाबिल के लिए भी कुछ दिन मुश्किल हो सकते हैं। उन्हें भी मुश्किल दिनों से गुजरना पड़ता है और यह उनमें से एक था और कहा कि वह पूरी तरह ठीक हैं और जल्द ही बेहतर महसूस करेंगे। इस बात पर कई दिग्गज कलाकार उन्हें मजबूत होने का सुझाव दे रहे थे। सिनेमाई दुनिया में ऐसे कई एक्टर्स हैं, जिन्हें मानसिक बीमारी जैसी समस्या का सामन करना पड़ा है। आइए जानते हैं उनके बारे में...

## संजय दत्त



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त को भी अपने व्यक्तिगत जीवन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उनकी मां की मौत, शराब, ड्रग्स की लत और जेल जाने से वो पूरी तरह टूट गए थे, जिसका उनके दिमाग पर गहरा प्रभाव पड़ा था। कुछ समय बाद वह भी मानसिक बीमारी का शिकार हो गए थे। हालांकि, फिर उन्होंने मजबूती से वापसी की।

## करण जौहर



फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर फिल्म निर्माता करण जौहर ने भी मानसिक बीमारी का दंश झेला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इसका जिक्र उन्होंने एक इंटरव्यू में किया था, जिसमें बताया कि पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर वह परेशान हो गए थे और डिप्रेशन में चले गए थे।

## दीपिका पादुकोण



बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री दीपिका पादुकोण भी डिप्रेशन का शिकार हो चुकी हैं। उन्होंने बताया है कि 2015 में उनके मन में कई बार आत्महत्या करने का ख्याल आया। हालांकि, आपको बताते चलें कि एक्ट्रेस ने इस बारे में खुलकर बात की है और उन्होंने कहा कि इस समस्या पर लोग आगे आकर बात करें और लोगों की मदद करें।

## आलिया भट्ट



साल 2019 में अभिनेत्री आलिया भट्ट ने मेंटल हेल्थ के बारे में बात करते हुए कहा था कि वह भी इस बीमारी से छह महीने तक पीड़ित थीं। उन्होंने बताया कि कभी भी अचानक वह रोने लगती थी और उदास रहती थी। फिर अभिनेत्री ने अपने आपको संभाला और इससे बाहर निकली।

## वरुण धवन



हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की शूटिंग में व्यस्त अभिनेता वरुण धवन भी डिप्रेशन से झूज चुके हैं। फिल्म 'बदलापुर' में एक्टर ने एक साइको की भूमिका निभाई थी। वरुण धवन ने बताया था कि इसी फिल्म के बाद उन्हें अजीब सा महसूस हुआ। उन्हें लगा कि वह ज्यादा चिंता कर रहे हैं, इस कारण ऐसा हो रहा है, बल्कि वह मानसिक बीमारी से पीड़ित थे। इसके बाद उन्होंने मदद मांगी और धीर-धीरे इससे बाहर निकल सके।

# शनाया कपूर, कावेरी कपूर, यशवर्धन आहूजा 2025 में सेंटर स्टेज पर छा रहे हैं जेन जी के ये स्टार







जैसे-जैसे बॉलीवुड एक बड़े पीढ़ीगत परिवर्तन से गुजर रहा है, एक नई पीढ़ी के युवा कलाकार तेजी से सुर्खियों में आ रहे हैं। ये जेन जी स्टार्स न सिर्फ नई सोच और डिजिटल दुनिया की समझ के साथ आए हैं, बल्कि युवाओं से एक गहरा जुड़ाव भी रखते हैं। 2025 में वे न केवल अपने परिवारों के नक्शेकदम पर चल रहे हैं, बल्कि आज बॉलीवुड स्टार होने का मतलब बदल रहे हैं। फिल्मों की पसंद से लेकर अपने डिजिटल व्यक्तित्व तक ये पांच जेन जी न्यूकमर्स बॉलीवुड का भविष्य गढ़ने को तैयार हैं।

**शनाया कपूर:** शनाया ने अपने कॅरियर की शुरुआत कैमरे के पीछे की, जब उन्होंने गुंजन सक्सेना में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया। इसके बाद वह विक्रांत मैसी के साथ फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रही हैं, जो जुलाई में रिलीज होगी। इसके बाद वह आनंद एल राय की फिल्म 'तू या मैं' में नजर आएंगी। उनकी फिल्में यह दिखाती हैं कि वह अभिनय को लेकर गंभीर और दूरदर्शी सोच रखती हैं।

**कावेरी कपूर:** बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी से अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने अपने अभिनय कौशल और संगीत रचना प्रतिभा दोनों को प्रदर्शित किया। अब कावेरी अपनी दूसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म मासूम 2 के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 2025 के बॉलीवुड परिदृश्य में उनकी सबसे खास बात यह है कि वह केवल अभिनय या संगीत तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि बहु आयामी कॅरियर की राह पर हैं।

**खुशी कपूर:** खुशी ऐसी फिल्में चुन रही हैं, जो बॉलीवुड में महिलाओं के पारंपरिक छवि को चुनौती देती हैं। उनकी भूमिकाएं ज्यादा जमीनी और भरोसेमंद कहानियां बताने की इच्छा को दर्शाती हैं, जो जेन जेड की वास्तविक और सम्बन्धित किरदारों की पसंद के साथ मेल खाती हैं। उन्होंने द आर्चीज से हिंदी फिल्मों में शुरुआत की, जहां उन्होंने बेट्टी कूपर का किरदार निभाया, उसके बाद 2025 में उनकी पहली थिएट्रिकल रिलीज लवयापा में जुनैद खान के साथ नजर आईं और उसके बाद नादानियां में!

**यशवर्धन आहूजा:** यशवर्धन ने भी अन्य कई स्टार किड्स की तरह, पर्दे के पीछे से अपने कॅरियर की शुरुआत की। उन्होंने ढिशूम, किक 2 और तड़प जैसी फिल्मों में साजिद नाडियाडवाला के साथ असिस्ट किया। नौ साल तक लगातार ऑडिशन देने के बाद उन्हें आखिरकार नेशनल अवॉर्ड विजेता निर्देशक साई राजेश की अगली प्रेम कहानी में मुख्य भूमिका मिली है।

**अहान पांडे:** अहान पांडे ने भी, अपने कई समकालीन साथियों की तरह, कैमरे के पीछे से अध्ययन और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया है। उन्होंने फ्रीकी अली, द रेलवे मेन: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ भोपाल और रॉक ऑन 2 जैसी फिल्मों में असिस्ट किया है। और उस सारे अनुभव के साथ, अहान वाईआरएफ और मोहित सूरी की अगली फिल्म सैयारा के साथ बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं!



# राजकुमार राव की फिल्म का नया गाना रिलीज, धनश्री वर्मा बनीं आइटम गर्ल, बिखेरा जलवा

**डांसर**-कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा ने हाल ही में अपने सभी फैंस को चौंका दिया है। 'भूल चूक माफ' फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही फिल्म का एक नया गाना रिलीज किया है, जिसमें धनश्री वर्मा ने अपने डांस स्टेप्स से सबको दीवाना बना लिया है। आइए जानते हैं किस गाने में धनश्री ने मचाई धूम...

**धनश्री ने राजकुमार राव को नचाया:** राजकुमार राव और वामिका गब्बी अभिनीत फिल्म 'भूल चूक माफ' फिल्म का चौथा गाना रिलीज हो गया है। इस गाने का नाम है 'टिंग लिंग सजना'। इस आइटम सॉन्ग में धनश्री वर्मा शानदार ठुमके लगाती नजर आ रही हैं। गाने की शुरुआत अभिनेता राजकुमार राव से होती है, जिसमें वह बैचलर सरप्राइज पार्टी का आनंद उठाने जाते हैं। इसके बाद धनश्री की गाने में धमाकेदार एंट्री होती है, जिसमें वह लाल रंग के स्लीवलेस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। उनके डांस मूव्स ने वहां मौजूद सभी को अपनी दीवाना बना लिया। इस गाने में तनिष्क बागची और मधुवंती बागची ने अपनी आवाज दी है, वहीं बात करें लीरिक्स तो इसे इरशाद कामिल ने लिखा है।

**9 मई को रिलीज होगी फिल्म:** करण शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के अलावा सीमा पाहवा अहम किरदार में हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है।

**धनश्री वर्मा के वर्मा के बारे में:** हाल ही में डांसर धनश्री वर्मा भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से तलाक को लेकर चर्चा में थीं। 'भूल चूक माफ' फिल्म के इस गाने से धनश्री ने सभी को चौंका दिया है। इससे पहले अभिनेत्री को अपारशक्ति खुराना के साथ 'बल्ले नी बल्ले' फिल्म के एक गाने 'देखा जी देखा मैंने' में देखा गया था, जो ज्योति नूरन द्वारा गाया गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार आने वाले समय में एक्ट्रेस तेलुगु फिल्म 'आकाशम दाती' से एक्टिंग में डेब्यू करने वाली हैं।

# टाइगर श्रॉफ 'जहान-द लास्ट गिफ्ट' में बने एनवायरनमेंट कहानीकार



वेव्स समिट 2025 में इसकी आधिकारिक स्क्रीनिंग के बाद, टाइगर श्रॉफ ने इसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस विचारोत्तेजक शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी किया। बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार और पर्यावरण के प्रति समर्पित टाइगर श्रॉफ एक बार फिर सुर्खियों में हैं – लेकिन इस बार एक बेहद भावनात्मक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण विषय को लेकर चर्चा में हैं। टाइगर द्वारा अभिनीत शॉर्ट फिक्शन फिल्म जहान-द लास्ट गिफ्ट को वेव्स समिट 2025 में प्रदर्शित किया गया, जिसने पर्यावरण चेतना और मानवीय जिम्मेदारी के बारे में बातचीत को बढ़ावा दिया। टाइगर श्रॉफ, जो इस शॉर्ट फिल्म में मुख्य भूमिका में भी शामिल हैं, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा: 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। इस शक्तिशाली संदेश वाली शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बनकर खुशी हुई, जिसे मेरे भाई राहुल शेट्टी ने निर्देशित किया है। इस समय इसकी ही जरूरत है। राहुल शेट्टी द्वारा निर्देशित 'जहान' जलवायु परिवर्तन और मानवीय उदासीनता की कठोर वास्तविकताओं को दर्शाती है, जो मार्मिक कहानी और प्रभावशाली दृश्यों के माध्यम से दर्शकों को जोड़ती है। इस फिल्म का निर्माण आर.डी. एंटरटेनमेंट प्रा. लि. और आरएस स्टूडियोज द्वारा किया गया है। यह एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों से प्रकृति से दोबारा जुड़ने और यह सोचने की अपील करती है कि हम अपने पीछे कैसी विरासत छोड़ रहे हैं। एक ऐसा प्रोजेक्ट जो टाइगर के दिल के बेहद करीब है, 'जहान' टाइगर की प्रकृति प्रेम के प्रति लंबे समय से चली आ रही वकालत और एक युवा आइकन के रूप में उनकी भूमिका को दर्शाता है, जो अपने मंच का उपयोग सार्थक कारणों के लिए करता है। अपने अनुशासन और समर्पण के लिए जाने जाने वाले टाइगर इस दिल को छू लेने वाली भूमिका में भी वही गहराई लाते हैं, जो इस बात की पुष्टि करता है कि असली ताकत उन चीजों की रक्षा करने में है, जो वास्तव में मायने रखती हैं।

फिल्म का हिस्सा बनने के बारे में अपने अनुभव को साझा करते हुए, टाइगर श्रॉफ ने कहा, 'जहान का हिस्सा बनना एक बहुत ही सार्थक अनुभव था। यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जो हमारे ग्रह की देखभाल करने की तत्काल आवश्यकता को दर्शाता है और मैंने हमेशा अपने मंच का उपयोग महत्वपूर्ण विषयों को उठाने के लिए किया है, जो मायने रखते हैं। यह फिल्म एक चेतावनी है जिसकी हम सभी को सख्त जरूरत है। यह फिल्म कोरियोग्राफर से निर्देशक बने राहुल शेट्टी के लिए भी एक नई उपलब्धि है, और इसे रेमो डिसूज़ा, लिज़ल डिसूज़ा और आरएस डांस स्टूडियो द्वारा सह-समर्थित किया गया है।

# येलो कलर की ड्रेस में पलक तिवारी का अनोखा अंदाज, मासूमियत चुरा लेगी दिल



श्वेता तिवारी की बेटी और अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों चर्चा में हैं। वह फिल्मों के अलावा अपने फैशनेबल अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है, जिसमें उनका स्वैग अलग ही नजर आ रहा हैं। फैंस उनकी इस फोटो को बेहद पसंद कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में पलक येलो कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने फुल स्लीव्स शर्ट और मिनी स्कर्ट पहनी हुई है। शर्ट के साथ उन्होंने टाई भी पहनी हुई है। बालों को ब्लाउंस देते हुए खुला छोड़ा है और पैरों में ब्लैक हील्स नजर आ रही है। ऑवरऑल उनका लुक बेहद शानदार लग रहा है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ कैप्शन में फनी इमोजी भी शेयर किए। उनकी हाल ही में फिल्म 'द भूतनी' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह के साथ काम किया। सिद्धांत सचदेवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मौनी ने एक चुड़ैल का किरदार निभाया है। 'द भूतनी' को सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और श्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है, जिसे सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने प्रोड्यूस किया है। पलक तिवारी की पहली फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' थी। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी ने किया था। यह फिल्म 2014 की तमिल फिल्म 'वीरम' की रीमेक है, जिसमें उनके साथ सलमान खान, पूजा हेगड़े, वेंकटेश, शहनाज गिल, जगपति बाबू, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, मालविका शर्मा और राघव जुयाल समेत अन्य सितारे हैं। इसके अलावा, वह हार्डी संधू के हिट म्यूजिक वीडियो 'बिजली बिजली' में भी नजर आईं। पलक जल्द ही फिल्म 'रोमियो एस3' में दिखाई देंगी। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार ठाकुर अनूप सिंह के साथ नजर आएगी। फिल्म में अनूप पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। वह डबल रोल में दिखेंगे। वहीं, एक्ट्रेस उनकी प्रेमिका बनी हैं। इस फिल्म का निर्देशन गुड्डू धनोआ ने किया है। यह फिल्म 16 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

# रजनीकांत को पसंद आई सूर्या की 'रेट्रो', बताया 'सुपर'




1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई अभिनेता सूर्या स्टारर एक्शन फिल्म 'रेट्रो' को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। इस बीच 'थलाइवा' रजनीकांत ने भी 'रेट्रो' देखी और अभिनेता की एक्टिंग को 'सुपर' बताया। निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर कर बताया कि सुपरस्टार रजनीकांत को उनकी फिल्म बेहद पसंद आई और उन्होंने इसमें सूर्या के अभिनय को 'सुपर' बताया है। कार्तिक सुब्बाराज ने लिखा, 'थलाइवा ने रेट्रो देखी और उन्हें यह बहुत पसंद आई। फिल्म में शानदार काम करने के लिए थलाइवा ने टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पूरी टीम ने शानदार प्रयास किया और सूर्या की एक्टिंग सुपर है। फिल्म के आखिरी 40 मिनट आपको बांधे रखते हैं।' निर्देशक ने पोस्ट में बताया कि फिल्म को लेकर थलाइवा की तारीफ मिलने पर वह खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, 'मैं बहुत खुश हूं, लव यू थलाइवा। रजनीकांत से पहले अभिनेता वरुण धवन ने 'रेट्रो' देखी और इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट शेयर कर अपने विचार रखे थे। फिल्म की कहानी और कलाकारों की तारीफ करते हुए वरुण ने लिखा, 'कल रात रेट्रो देखी। रुक्मणी के किरदार में पूजा हेगड़े बहुत पसंद आईं। पूजा, आप फिल्म में बहुत प्यारी लगीं और सूर्या हमेशा की तरह फिर से आपका काम शानदार लगा। फिल्म में कॉमेडी भी अच्छी है।' रेट्रो की टक्कर 1 मई को अजय देवगन, वाणी कपूर, रितेश देशमुख की 'रेड 2' और नेचुरल स्टार नानी की 'हिट 3' के साथ ही संजय दत्त, मौनी रॉय, पलक तिवारी, सनी सिंह की 'द भूतनी' के साथ हुई। कार्तिक सुब्बाराज के निर्देशन में बनी 'रेट्रो' का निर्माण 2डी एंटरटेनमेंट और स्टोन बेंच फिल्म्स ने मिलकर किया है। फिल्म में सूर्या के साथ पूजा हेगड़े, जोजू जॉर्ज, जयराम, नासर और प्रकाश राज जैसे मंझे हुए कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# नोरा फतेही ने बिलबोर्ड फीचर के साथ इतिहास रचा



**एक** ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत नोरा फतेही ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह एक सच्ची ग्लोबल स्टार हैं। नोरा फतेही एक बार फिर सुर्खियों में हैं, इस बार टैलेंट मैनेजर और सीईओ अंजुला आचार्य और रैपर किंग जैसे इंडस्ट्री के पावर प्लेयर्स के साथ बिलबोर्ड फीचर की शोभा बढ़ा रही हैं! वार्नर ब्रदर्स के साथ तीनों की अभूतपूर्व साझेदारी ने उन्हें बिलबोर्ड फीचर में एक प्रमुख स्थान दिलाया है, जहां उनके संगीत और मनोरंजन के जरिए संस्कृतियों को जोड़ने के प्रयासों को सराहा गया है।

यह कवर फीचर नोरा की पॉप म्यूजिक की दुनिया में क्रॉसओवर को सुदृढ़ करता है और अंजुला आचार्य ने इसे संभव बनाने के लिए 5 जंक्शन रिकॉर्ड्स और वार्नर रिकॉर्ड्स के साथ मिलकर इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। स्नेक के साथ बाधाओं को तोड़ने से लेकर एक ग्लोबल पॉप कलाकार के रूप में अपनी जगह बनाने तक, नोरा की यात्रा वही है, जिसका इंडस्ट्री को इंतजार था।

इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी साझा करते हुए नोरा ने लिखा: 'एक और मील का पत्थर! बिलबोर्ड कवर पर मेरी पहली उपस्थिति! यह बहुत बड़ी बात है, मेरे वैश्विक म्यूजिक कॅरियर के विजन की दिशा में एक और कदम! अभी बहुत कुछ होने वाला है और मैं तब तक इंतजार नहीं कर सकती, जब तक दुनिया देख न ले कि आगे क्या होने वाला है!

अपनी टीम की आभारी हूं–यह हमारा समय है। जेसन डेरुलो के साथ उनके धमाकेदार कोलाब स्नेक से लेकर रेवनी के साथ उनके हिट अफ्रोपॉप सिंगल पेपेटा और जैक नाइट के साथ प्रशंसकों के पसंदीदा डर्टी लिटिल सीक्रेट तक, नोरा एक जीवंत और बहुमुखी वैश्विक संगीत सूची बनाना जारी रखती हैं। उनके सोलो ड्रॉप आई एम बॉसी ने एक उभरती हुई ग्लोबल पॉप ताकत के रूप में उनकी उपस्थिति को और मजबूत किया।

संगीत के अलावा, नोरा फिल्म और फैशन में भी धूम मचा रही हैं। उन्होंने बी हैप्पी में अपनी मुख्य भूमिका से दर्शकों को प्रभावित किया और अब वे बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट द रॉयल्स में नजर आने वाली हैं। फैशन के मोर्चे पर, उन्होंने लुई वुइटन की म्यूज के रूप में पेरिस फैशन वीक में अपनी चमक बिखेरी और ऑस्कर आफ्टर-पार्टी में सब का ध्यान अपनी ओर खींचा।

उनकी यात्रा का एक गौरवपूर्ण क्षण वह था, जब वह फीफा वर्ल्ड कप के मुख्य कार्यक्रम में परफॉर्म करने वाली पहली भारतीय कलाकार बनीं थी, जिसे लाखों लोगों ने देखा। नोरा फतेही सिर्फ सीमाएं पार नहीं कर रही हैं - एक-एक दमदार कदम के साथ, वह वैश्विक पॉप की कहानी में अपना नाम खुद लिख रही हैं।

# सैनिकों ने आतंकवादियों को दिया प्रचंड और न्यायपूर्ण उत्तर : हाजी सैय्यद सलमान चिश्ती

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर अजमेर शरीफ दरगाह के गद्दीनशीन एवं चिश्ती फाउंडेशन के चेयरमैन हाजी सैय्यद सलमान चिश्ती का बयान सामने आया है। उन्होंने भारत की वीर सेनाओं और राष्ट्र की निर्णायक नेतृत्व शक्ति को इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान 22 अप्रेल को पहलगाम, कश्मीर में निर्दोष भारतीय नागरिकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के खिलाफ एक प्रचंड और न्यायपूर्ण उत्तर है।

उन्होंने कहा है कि यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत का नैतिक ऐलान है। संपूर्ण विश्व को यह संदेश देने के लिए कि आतंकवाद मानवता पर एक अभिशाप है। जो भी निर्दोषों के खिलाफ हिंसा को शरण देता है, उसे बढ़ावा देता है या उसे सहारा देता है, अब वह किसी भी बहाने, किसी भी छुपे ठिकाने में सुरक्षित नहीं रह सकता। भारत अडिग खड़ा है, निडर, न्यायप्रिय और धर्मनिष्ठ। 140 करोड़ भारतीयों के एकजुट हृदयों के साथ, हमारे महान राष्ट्र ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम अधर्म और आतंक के आगे कभी नहीं झुकेंगे, बल्कि सच्चाई, सम्मान और संकल्प के साथ उठ खड़े होंगे। यह संदेश अब स्पष्ट है कि जो आतंक का पोषण करेंगे, उन्हें एक शांतिप्रिय और संप्रभु राष्ट्र के दृढ़ प्रतिकार का सामना करना होगा। आज जरूरत है कि दुनिया के सभी लोग, धर्मगुरु, नागरिक और देश एक साथ आएं और इस आतंकवाद नामक पाप का समूल नाश करें, ताकि जीवन की पवित्रता और हमारे साझा विश्व में शांति बनी रहे।

## भारत ने पाकिस्तान को उसकी औकात बताई : संजय सिन्हा



**नई दिल्ली (महानगर संवाददाता)।** आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर खुशी जताते हुए मीडिया पर्सनैलिटी और इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल काउंसिल के इंटरनेशनल चेयरमैन संजय सिन्हा ने कहा कि आतंकवाद को पालने वाले पाकिस्तान को करारा जवाब देना बहुत जरूरी था। पाकिस्तान आतंकवाद को पालता-पोसता है और बाहर की दुनिया में इस बात से इंकार करता है। चोर की तरह भारत में आतंकवादी हमला कराता है। इसलिए पाकिस्तान और आतंकवादियों पर यह कार्रवाई बहुत ज्यादा जरूरी थी। संजय सिन्हा ने कहा कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को तबाह किया है। आतंकवादियों का खात्मा बहुत जरूरी था। यह बहुत ही बेहतर कदम है। सिन्हा ने मीडिया से बातचीत के क्रम में आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक तरफ जहां आतंकवादियों को करारा जवाब दिया, वहीं दूसरी ओर, पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले शहीदों के परिवारों को न्याय दिलाने की दिशा में अहम कदम उठाया। यह ऑपरेशन उन जवानों और नागरिकों की याद में किया गया, जिन्होंने आतंकी हमले में अपनी जान गंवाई। यह आतंकवादियों द्वारा मारे गए लोगों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि और न्याय है। ऑपरेशन सिंदूर भारत के सशस्त्र बलों का कड़ा जवाब है, जो दिखाता है कि देश आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। सिन्हा ने कहा कि भारत यह सुनिश्चित करे कि आतंकवाद के हर अपराधी पर कार्रवाई की जाए। ज्ञात हो कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किया गया कड़ा प्रहार है।

### सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजनाओं का ऑनलाइन लोकार्पण

# 'सामरिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं देश की सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण'




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सीमा सड़क संगठन के 66वें स्थापना दिवस पर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश की 50 महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को ऑनलाइन देश को समर्पित किया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे भी इस दौरान राजभवन से ऑनलाइन उपस्थित हुए। इन परियोजनाओं में सीमा पाए सड़क की दो परियोजनाएं राजस्थान की भी सम्मिलित हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर की सराहना, सेना के शौर्य को नमन**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई के अंतर्गत भारत की सेना के शौर्य को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि आतंकियों के हौसले को पस्त करने के लिए राष्ट्र की सेना ने नागरिकों के ठिकानों को प्रभावित किए बगैर सटीक, सतर्क और संयमित कार्रवाई की है।

राज्यपाल बागडे ने सीमा सड़क संगठन के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संगठन द्वारा लगभग 1 हजार 900 करोड़ रुपए निवेश की देश की सुरक्षा की दृष्टि से विशिष्ट इन परियोजनाओं को राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सीमा पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचों के निर्माण से राष्ट्र की सीमाओं को और सशक्त, सुरक्षित रखा जा सकेगा। राज्यपाल बागडे ने कठिन कार्यदशाओं के बावजूद सीमा सड़क संगठन द्वारा अपनी क्षमताओं को निरंतर मजबूत करने की भी विशेष रूप से सराहना की। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

## आमजन से विकसित राजस्थान@2047 विजन डॉक्यूमेंट पर मांगे सुझाव

**जयपुर (मसं)।** राज्य को पूर्ण विकसित प्रदेश बनाने के उद्देश्य से आर्थिक समृद्धि, सतत विकास तथा समावेशी विकास के केंद्र के रूप में परिवर्तित करने के लिए 'विकसित भारत@2047' की राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अनुरूप 'विकसित राजस्थान@2047' विजन डॉक्यूमेंट को एक रोडमैप के रूप में तैयार किया जा रहा है। इस विजन डॉक्यूमेंट के माध्यम से सरकार सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राजस्थान के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में राज्य सरकार के साथ ही 8 करोड़ प्रदेशवासियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। 'विकसित राजस्थान@2047' विजन डॉक्यूमेंट राज्य का एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक दस्तावेज है, जिसके आधार पर विभाग अपने लक्ष्यों और कार्यक्षेत्रों के अनुरूप व्यावहारिक कार्ययोजनाएं तैयार कर कार्य करेंगे। 'विकसित राजस्थान@2047' विजन डॉक्यूमेंट आमजन के सुझावों के लिए आयोजना विभाग की वेबसाइट https://plan.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। विजन डॉक्यूमेंट के संदर्भ में ई-मेल आईडी VIKSITRAJASTHAN2047@RAJASTHAN.GOV.IN पर दिनांक 18 मई तक सुझाव भेजे जा सकते हैं।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना की मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थी दें उपस्थिति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत मुख्य मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 11 मई तक अपनी उपस्थिति कोचिंग संस्थानों में देनी होगी। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बचनेश अग्रवाल ने बताया कि योजनांतर्गत सत्र चयनित अभ्यर्थी एसएसओ आईडी में प्रदर्शित कोचिंग सेंटर पर 11 मई तक उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा यह अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं में निशुल्क कोचिंग किए जाने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रोविजनल मेरिट सूची जारी कर विभागीय जिलाधिकारियों से अभ्यर्थियों की पात्रता एवं उनके आवेदन में अपलोड किए गए दस्तावेजों के सत्यापन-जांच के बाद जिलाधिकारियों द्वारा अनुमोदित किए गए आवेदन पत्रों के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की मुख्य मेरिट सूची जारी की जा चुकी है। अग्रवाल ने बताया कि जारी की गई मुख्य मेरिट सूची विभागीय वेबसाइट https://sje.rajasthan.gov.in / पर उपलब्ध है। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के संशोधित नवीनतम निर्देशों व मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार मुख्य मेरिट सूची जारी होने के बाद अभ्यर्थियों को 10 में कोचिंग संस्थान में उपस्थिति दिए जाने का प्रावधान है।

## प्रशिक्षु आईएएस ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा आपको राष्ट्र की सेवा करने का अवसर देती है। प्रशासनिक अधिकारियों को मेहनत, सकारात्मक दृष्टिकोण, संवेदनशीलता एवं पूर्ण ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन की मदद करना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

भारतीय प्रशासनिक सेवा-2024 बैच के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने बुधवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव सुधांश पंत से मुलाकात की। पंत ने संवाद के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ अपनी ट्रेनिंग से जुड़े अनुभव भी साझा किए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को निरंतर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखनी चाहिए। जनसाधारण के जीवन को अधिक सहज और समृद्ध बनाने के लिए उन्हें निरंतर नई संभावनाओं और नवाचारों के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अपनी अवलोकन क्षमता से प्रशासनिक दक्षता प्राप्त करें, अभी आप जो सीखते हैं, वह जीवन भर आपके काम आता है। उन्होंने आमजन की सेवा के लिए लोगों से अधिक से अधिक जुड़ने की सलाह दी। इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक एचसीएमरीपा शैली किशनानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## देवनानी ने पं. मिश्रा का किया सम्मान

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा से भेंट की। देवनानी ने पं. मिश्रा का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। वहीं पं. मिश्रा ने भी देवनानी को माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान उनके बीच सनातन और अध्यात्म के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

देवनानी ने कहा कि पं. मिश्रा आध्यात्मिकता का संचार अद्भुत और रोचक तरीके से प्रस्तुत करते हैं। उनके विचारों में सनातन का संदेश है। देवनानी ने कहा कि लोगों में श्रद्धा का अपार भाव है। सनातन संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर पं. मिश्रा के संवाद का लोगों पर व्यापक प्रभाव आता है। वे देश में शिव महापुराण का वाचन कर लोगों को प्रेरणा दे रहे हैं। लोग उनके प्रवचन सुनते हैं और सही रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहे हैं, जो लोगों को राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाने का सुखद संकेत है।




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25